* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 62

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



कर्नाटक-महाराष्ट्र बॉर्डर विवादः 300 शिवसेना, कांग्रेस, एनसीपी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सीमा पर रोका




## रिबिका हत्याकांड की आग अभी थमी नहीं, एक और हैवानियत आयी सामने

# साहिबगंज में एक और पहाड़िया महिला के साथ मुस्लिम युवक सद्दाम ने किया बलात्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** पहाड़िया महिलाओं पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा। पहाड़िया महिला रिबिका हत्याकांड का मामला शांत भी नहीं हुआ कि एक और पहाड़िया महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामला जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के मंडरो बाजार का है। यहां एक पहाड़िया महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना को लेकर पीड़ित पहाड़िया महिला ने मिर्जाचौकी थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। वह गोड्डा का रहनेवाला है और नाम सद्दाम है।

### क्या है मामला

पीड़िता के रिश्तेदारों ने बताया कि महिला ने मंडरो बाजार स्थित सद्दाम मोबाइल सेंटर में अपना मोबाइल ठीक करने के लिए दिया था। वह अपना मोबाइल लेने के लिए दुकान गयी थी। आरोपी सद्दाम महिला को अकेले पाकर सुनसान जगह पर बहला कर मोबाइल देने के बहाने लेकर गया। वहां उसके साथ बलात्कार किया। साथ ही आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे जान से मार देगा। पीड़िता ने अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंच कर शिकायत की।

### दो दिनों के अंदर दूसरा मामला

बता दें कि लगातार दो दिनों में पहाड़िया जनजाति की महिला के साथ अत्याचार का ये दूसरा मामला है। इसके पहले रिबिका हत्याकांड का मामला सामने आया था, उसमें पहाड़िया रुबिका के शव के लगभग 50 टुकड़े कर फेंक दिया गया था, जिसके आरोप में पुलिस ने उसके पति दिलदार अंसारी को हिरासत में लिया है। पूरे मामले को लव जिहाद के एंगल से देखा जा रहा है। साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला भी उठ रहा है।

## अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने नाबालिग से किया दुष्कर्म का प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** चाइबासा के सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिरियाबेड़ा गांव में नक्सल सर्च अभियान के दौरान अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने आदिवासी ग्रामीणों और महिलाओं के साथ निंदनीय और अमानवीय व्यवहार और मारपीट की। ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणें ने उपायुक्त अनन्य मित्तल और एसपी आशुतोष शेखर को एक मांग पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि 11 नवंबर को नक्सल सर्च अभियान के दौरान अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निर्दोष आदिवासी पुरुषों और महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार और बेहरमी से मारपीट की। तीन जवान एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहे थे। उस वक्त उसकी मां उसे बचाने पहुंची और उनसे छुड़ा लिया। इससे गुस्साये जवानों ने लड़की की मां की भी बेरहमी से पिटाई कर दी। जवानों ने नाबालिग लड़के बामिया बाहंदा की लात-घूसों से पिटाई की। उपायुक्त से ग्रामीणों ने आग्रह किया कि इसकी जांच कर दोषियों पर कर्रवाई की जायेगी। मौके पर चुंबरू तामसोय, सुधरिया तामसोय, मोटाय गोप, गुना गोप, हरिचरण तामसोय, बुदन सिंह तामसोय, जिनदार तामसोय, तुगू कायम, कृष्णा तामसोय, सिंगराय तामसोय के अलावा काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।




# मुस्लिम युवक के पहाड़िया बेटी के 50 टुकड़े करने पर विधानसभा में बवाल

## सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने, भाजपा का सदन में हंगामा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार को जोरदार हंगामे के साथ शुरू हुआ। साहेबगंज के रिबिका पहाड़िया हत्याकांड को लेकर विपक्षी भाजपा विधायकों ने पहले सदन के बाहर और बाद में सदन के अंदर जम कर हंगामा किया। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लाश पर राजनीति नहीं करें। सदन के बाहर नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर धर्म आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया, वहीं विपक्ष ने तुष्टीकरण की राजनीति करार दिया।

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन की सीढ़ियों पर भाजपा विधायकों ने साहिबगंज की घटना को लेकर धरना दिया। विधायकों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर रिबिका के हत्यारे को फांसी देने और रिबिका को इंसाफ देने की मांग लिखी हुई थी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर डॉ रवींद्र नाथ महतो ने शोक प्रकाश शुरू किया। इसी समय भाजपा विधायकों ने पहाड़िया हत्याकांड को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। वे इस घटना के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। स्पीकर ने बार-बार उनसे कहा कि शोक प्रकाश के दौरान हंगामा करना उचित नहीं है। सदन की मर्यादा का ध्यान रखा जाये, लेकिन इसका विपक्षी विधायकों पर कोई असर नहीं हुआ।

- सत्ता पक्ष की दलील- विपक्ष लाश पर राजनीति नहीं करे, रणधीर सिंह को किया गया मार्शल आउट

### हैवानियत की सारी सीमा पार हो गयी: विरंची

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण शोक प्रस्ताव के लिए खड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की एक बेटी रिबिका पहाड़िया टुकड़ों-टकड़ों में काट कर फेंक दी गयी। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना है। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। झारखंड में समुदाय विशेष के लोग ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। हैवानियत की सारी सीमा पार हो गयी है। भाजपा विधायकों का विरोध लगातार जारी रहा। बिरंची नारायण समेत भाजपा के सभी विधायकों ने वेल में पहुंच कर हांगामा किया। इस दौरान भाजपा विधायक रणधीर सिंह टेबुल पर चढ़ गये और जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे। स्पीकर ने उनसे ऐसा नहीं करने और अपनी सीट पर बैठ जाने की अपील की, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया। तब स्पीकर ने भाजपा विधायक को मार्शल आउट करने को कहा। मार्शलों ने उन्हें टांग कर सदन के बाहर निकाल दिया। स्पीकर ने जैसे-तैसे शोक प्रकाश की कार्यवाही पूरी करने के बाद सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

### ऐसी घटनाओं के लिए लोकतंत्र में जगह नहीं: हेमंत



'रिबिका हत्याकांड पर केवल साहेबगंज की बात क्यों करें। क्या दिल्ली, एमपी और यूपी में ऐसी घटनाएं नहीं घटतीं। निश्चित रूप से समाज में इस तरह की विकृतियां फैल रही हैं और यह चिंता की बात है। ऐसी बातों के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। हेमंत सोरेन ने कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम देकर बड़ा घर बनाने का प्रयास हो रहा है, जो गलत है। इसका समाधान कैसे हो, इस पर विचार करना होगा। इस समस्या का हल हम सबको मिल कर निकालना होगा।

### हेमंत सरकार घुसपैठियों को पनाह दे रही है: बाबूलाल



भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 'हेमंत सोरेन की सरकार वसूली में लिप्त है। विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबाने की कोशिश हो रही है। विरोध करने वालों को जेल भेजा जा रहा है। राज्य में अपराधियों का खौफ बढ़ता जा रहा है। साहिबगंज के बोरियो की घटना वीभत्स है। हेमंत सरकार घुसपैठियों को झारखंड में पनाह दे रही है। इसी का नतीजा है कि आये दिन इस तरह की घटना होती रहती है। भाजपा संथल परगना में एनआरसी कराने की मांग करती है।

### लाश पर राजनीति करना सही नहीं: मुख्यमंत्री

इसी दौरान कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला और अन्य अपनी सीट पर खड़े होकर उनका विरोध करने लगे। उनका कहना था कि लाश पर अगर राजनीति होने लगी, तो सदन की गरीमा नहीं बचेगी। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने कहा कि शोक प्रकाश को राजनीति से अलग रखना चाहिए। विपक्ष के हंगामे के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वह जनता की संवेदना से वाकिफ हैं। शोक प्रकाश में हंगामे की ऐसी परिपाटी सदन में नहीं रही है। उन्होंने कहा कि लाश पर राजनीति करना सही नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने सभी दलों के विधायकों को पत्र लिख कर आग्रह किया

# जनहित के लिए राज्यपाल से मुलाकात में सभी हों शामिल : हेमंत

- आरक्षण और स्थानीय नीति संबंधित विधेयक के लिए साथ देने का किया आग्रह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 एवं झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022 में सभी दलों के विधायकों से साथ देने का आग्रह किया है। इस संदर्भ में उन्होंने सभी दलों के विधायकों और निर्दलीय विधायकों को पत्र लिखा है। उन्होंने विधायकों से दोनों विधेयकों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भारत सरकार को भेजने का अनुरोध करने के लिए राज्यपाल से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने का आग्रह किया है। ताकि दोनों विधेयक को शीघ्र कानून का रूप मिल सके। **दोनों विधेयक को संवैधानिक कवच प्रदान करना प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि 11 नवम्बर 2022 को झारखंड विधानसभा में मानसून सत्र का विस्तारित सत्र बुलाकर उपरोक्त दो महत्वपूर्ण विधेयक सर्वसम्मति से पारित कराया गया। झारखंड बनने के बाद जब भी स्थानीय नीति बनाने का प्रयास कार्यपालिका द्वारा किया गया, उसे सफलता नहीं मिली एवं माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा उन नीतियों को खारिज किया जाता रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व ही एक बार फिर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2021 में गठित नियोजन नीति को रद्द किया गया है। उपरोक्त परिस्थिति में दोनों विधेयक को संवैधानिक कवच उपलब्ध कराने के लिए इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने का भी निर्णय विधानसभा के द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया है।

शेष पेज 4 पर...










## सरकारी नीति पर प्रेस कांफ्रेंस में बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत सरकार की नीति 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' पर केंद्रित है। सरकार ने जहां यूएपीए को मजबूत करने के लिए कानूनी मोर्चे पर काम किया है, वहीं प्रवर्तन स्तर पर भी विभिन्न कदम उठाये गये हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (संशोधन) अधिनियम को पेश करके राष्ट्रीय जांच एजेंसी को वास्तविक तौर पर एक संघीय संरचना दी गयी है। इन उपायों का सामूहिक प्रभाव, आतंकवाद के इकोसिस्टम को कमजोर कर रहा है। वह अपने आवास पर आतंकवाद से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों पर सोमवार को मीडिया से बात कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने उच्चतम वैश्विक स्तर पर अपनी चिंताओं को उठाया है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने के लिए हमेशा दबाव डाला है।

शेष पेज 4 पर...

### केंद्रीय मंत्री की मुख्य बातें

- '2014 से पूर्वोत्तर में शांति का दौर, नागरिकों की मौत में 80% की गिरावट, 6000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया'
- कई इलाकों से वापस लिया गया अफ्स्पा (एएफएसपीए) कानून, शांति समझौतों पर हस्ताक्षर हुए
- सरकार की सबसे बड़ी चिंता, संकट में भारतीय नागरिकों का जीवन, वंदे भारत ने 1.83 करोड़ नागरिकों को बचाया
- भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एक साथ लाने का प्रयास कर रहा है, जबकि पड़ोसी देश आतंकवाद को सिर्फ पनाह दे रहा है

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,200 रु./10 ग्राम
चांदी 71,500 रु./प्रति किलो

### उस वक्त कश्मीर में गिरिजा टिक्कू को जिंदा आरा मशीन से काटा गया था, अब झारखंड में रिबिका पहाड़िया को इलेक्ट्रिक कटर मशीन से काटा गया

# साहिबगंज की घटना ने 1990 के कश्मीर की याद दिला दी

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड और खासकर संथाल परगना में एक साजिश के तहत आदिवासी लड़कियों को टारगेट किया जा रहा है। ये बातें आजाद सिपाही ने अनगिनत बार कहने की कोशिश की है। कई बार हमने इस विषय को उठाया है, लेकिन उक्त विशेष रपट महज तारीफ पाकर रह गयी। बहुत अच्छा लिखा है आपने, कह कर लोग अपनी भावनाओं को विराम दे देते हैं। कुछ इन रपटों को हिंदू-मुस्लिम बना देते हैं। धर्म आधारित बताने लगते हैं। कोई-कोई धमकाने भी लगता है, लेकिन इससे हमें फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई मुस्लिम युवक शाहरुख हुसैन दुमका की बेटी अंकिता कुमारी को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला मार देता है, तो क्यों न लिखूं। अगर कोई अरमान अंसारी दुमका की नाबालिग आदिवासी बच्ची का रेप कर, उसकी हत्या कर देता है और उसकी लाश को पेड़ पर लटका देता है, तो क्यों न लिखूं। अगर कोई मुस्लिम युवक दिलदार अंसारी आदिवासी पहाड़िया लड़की रिबिका पहाड़िया को इलेक्ट्रिक कटर मशीन से काट कर, उसके शरीर के 50 टुकड़े कर देता है, तो क्यों न लिखूं। चुप्पी साध कर क्या झारखंड को 1990 का कश्मीर बनते देखा जाये। याद है न आपको, जहां गिरिजा टिक्कू का आतंकियों ने न केवल अपहरण किया, बल्कि उसके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया। दरिंदों का मन जब इससे भी नहीं भरा, तो आरा मशीन के बीच में रख कर जिंदा गिरिजा को काट दिया। और ऐसा कोई हैवान ही कर सकता है। मेरी नजर में कोई भारतीय मुसलमान या झारखंडी मुसलमान हैवान नहीं हो सकता। 1990 में कश्मीर में भी इस हैवानियत को पाकिस्तान परस्तों ने अंजाम दिया था। वही हैवानियत अब झारखंड और खासकर संथाल परगना में शुरू हो गयी है। दूसरी जगहों की तरह झारखंड में भी हत्याएं होती हैं। पति ने पत्नी की हत्या कर दी, ये खबरें आती रही हैं, लेकिन उन हत्याओं में हैवानियत से ज्यादा क्षणिक गुस्सा या अत्यधिक नशा सेवन का प्रभाव पाया जाता रहा है। लेकिन संथाल परगना की ये क्रूर हत्याएं कुछ अलग ही इशारा कर रही हैं। दिल कहता है, ऐसी निर्मम हत्या कोई झारखंडी नहीं कर सकता। न ही कोई भारतीय। इस तरह की हत्याएं पाकिस्तानी या बांग्लादेशी मानसिकता के लोग ही कर सकते हैं। एक साजिश के तहत झारखंड में इन हत्याओं को अंजाम दिया जा रहा है। खासकर संथाल परगना, जिसमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज प्रमुख रूप से शामिल हैं। यहां पर बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र कई बार किया जा चुका है। यहां के मुस्लिम युवक आदिवासी लड़कियों को चिह्नित कर उन्हें अपने प्यार के जाल में फांस कर शादी कर रहे हैं। शादी करने के बाद उनकी जमीन और घर हड़प रहे हैं। इतना ही नहीं अगर शादी से पहले या बाद में लड़कियों को उनकी सच्चाई का पता चल जाता है, तो वे उनकी हत्या तक कर देते हैं। यहां तक कि शादी के बाद लड़कियों को कहा जाता है कि अपना धर्म बदल लो, विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी जा रही है। रिबिका हत्याकांड में भी यही हुआ। यह मामला लव जिहाद और धर्मांतरण के एंगल से जोड़ कर क्यों न देखा जाये। आखिर इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण क्यों दिया जा रहा है। क्यों नहीं इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 1994 में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर साहिबगंज जिले में 17 हजार से अधिक बांग्लादेशियों की पहचान हुई थी। इन बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से हटाये गये थे, मगर इन्हें वापस नहीं भेजा जा सका था। एक रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या करीब 15 लाख है। इनके पास आधार कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आइडी भी मिल जायेंगे। पूर्व की सरकार ने एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी थी। उसमें झारखंड में तेजी से बदल रहे डेमोग्राफी बदलाव का जिक्र था। कैसे बिहार और बंगाल के रास्ते बांग्लादेशी झारखंड आ रहे और यहां की संस्कृति और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं, ये सारी बातें उस रिपोर्ट में कही गयी थीं। दरअसल संथाल परगना का पूरा इलाका पिछले कुछ दिनों से अवैध बांग्लादेशियों की शरण स्थली बन गया है। यहां इन बांग्लादेशियों ने स्थानीय लड़कियों से शादी कर करीब 10 हजार एकड़ जमीन भी खरीद ली है। यह पूरा रैकेट बेहद संगठित तरीके से चल रहा है और झारखंड के लिए यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन सकती है। इनमे विलुप्त होती पहाड़िया जनजाति को एक साजिश के तहत टारगेट किया जा रहा है। चूंकि इनकी आबादी पहाड़ों पर वास करती है। इनके पास जमीन भी अधिक मात्रा में होती हैं, जिसे गुप्त तरीके से शादी कर हासिल कर लिया जा रहा है। पहाड़िया लड़कियों से शादी के बाद उन्हें चुनाव भी लड़वाया जा रहा है। इसी बहाने इन युवकों का दखल सत्ता में भी हो रहा है। इनका पूरा एक रैकेट है, जो लगातार सक्रिय है। रिबिका पहाड़िया हत्याकांड की पृष्ठभूमि में इस पूरे रैकेट के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं ***आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

एक तरफ जहां विलुप्त होती आदिम जनजाति को झारखंड सरकार सहेज कर रखने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर आदिम जनजाति से आनेवाली रिबिका पहाड़िया को झारखंड के साहिबगंज में 50 टुकड़ों में काट दिया जाता है। रिबिका साहिबगंज के डोडा पहाड़ की रहनेवाली थी। महज चंद दिनों पहले ही रिबिका का लव मैरेज मुस्लिम युवक दिलदार अंसारी से हुआ था। रिबिका बहुत सारे सपने लेकर आयी थी, लेकिन शादी के तुरंत बाद दिलदार अंसारी की असलियत उसके सामने आ गयी। पता चला, दिलदार की ये दूसरी शादी है। इसे लेकर दिलदार के घर में रोजाना झगड़े होते थे। रिबिका और दिलदार के परिवार वालों को यह शादी मंजूर नहीं थी। इसका अंजाम यह हुआ कि रिबिका के पति ने अपने परिवार के सभी सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ मिल कर शुक्रवार की देर रात धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के लिए शव को इलेक्ट्रिक कटर मशीन से 50 टुकड़े किये गये। कुछ टुकड़े घर में छिपा दिये गये और अन्य टुकड़े मोहल्ले के आसपास सुनसान जगहों पर फेंक दिये गये, जिसे कुत्ते नोंच-नोंच कर खा रहे थे। जब लोगों ने कुत्तों को इंसान का मांस खाते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। अब तक पुलिस को 18 टुकड़े मिले हैं। सिर समेत दूसरे अंगों की तलाश पुलिस अभी कर रही है। अभी कुछ महीने पहले इसी संथाल परगना के दुमका में अंकिता सिंह को मुसलिम युवक शाहरुख ने केवल इसलिए पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी, क्योंकि अंकिता उससे बात करने से इनकार कर रही थी। ये दोनों वारदातें बताती हैं कि झारखंड में हत्या के लिए कितने क्रूर तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह बात सच है कि झारखंड की संस्कृति में इतनी क्रूरता के लिए कोई जगह नहीं है और कोई झारखंडी इतना नृशंस नहीं हो सकता। तो फिर सवाल यह उठता है कि दिलदार और शाहरुख के भीतर इतनी क्रूरता कहां से आयी। अपराध विज्ञान के बड़े से बड़े जानकार भी इस सवाल का जवाब आसानी से नहीं दे सकते हैं, क्योंकि वास्तव में दिलदार और शाहरुख झारखंडी हैं ही नहीं। उनके मन में इतनी नफरत और क्रूरता उनके पारिवारिक और सामाजिक संस्कारों ने भरी है, जो बांग्लादेश से यहां केवल बसने के लिए आया है। ऐसा नहीं है कि झारखंड में किसी महिला की उसके पति द्वारा हत्या किये जाने की यह पहली घटना है। झारखंड में पति-पत्नी के बीच विवाद में हत्याएं होती हैं, लेकिन सवाल हत्या का नहीं, हत्यारे की क्रूर और पाशविक मानसिकता का है। आखिर दिलदार के दिमाग में रिबिका की हत्या कर उसके शव के 50 टुकड़े करने की बात कैसे आयी। इस गंभीर सवाल का एक ही जवाब है कि यह किसी झारखंडी का काम नहीं हो सकता है।



वहां भी शुरुआती दौर में डेमोग्राफिक चेंज की बातें उठा करती थीं, आज झारखंड के साहिबगंज का भी वही हाल है

### संथाल परगना में बस रहे हैं बांग्लादेशी

रिबिका हत्याकांड की तह में जाने से पहले करीब तीन साल पहले झारखंड सरकार के गृह विभाग की उस रिपोर्ट पर ध्यान दिया जाना जरूरी है, जिसमें कहा गया है कि अवैध तरीके से संथाल परगना में बसनेवाले बांग्लादेशी नागरिकों ने यहां आदिवासी लड़कियों से शादी कर 10 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन खरीदी है। रिपोर्ट के अनुसार प्रतिबंध के बावजूद बांग्लादेशी नागरिक पाकुड़, जामताड़ा, साहिबगंज और गोड्डा में लगातार जमीन खरीद कर बस रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बांग्लादेशियों को जमीन खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ उपलब्ध कराता है। इसकी मदद से ही लोग दस्तावेज भी हासिल कर लेते हैं। यह एक रैकेट है और इसकी पोल अंकिता सिंह हत्याकांड और रिबिका पहाड़िया हत्याकांड के साथ ही खुल जाती है। रिपोर्ट कहती है कि यह पूरा रैकेट नेशनल रजिस्टर फॉर सिटीजंस (एनआरसी) से बचने के लिए चल रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी लड़कियों से शादी कर उनके नाम से जमीन खरीद रहे हैं। ऐसा होने से वे भी खुद को आसानी से झारखंड का निवासी बता सकते हैं। बांग्लादेश की सीमा से झारखंड की दूरी 25-40 किलोमीटर है। इसी हिस्से का इस्तेमाल कर बांग्लादेशी यहां आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद के रास्ते भी अधिकांश बांग्लादेशी झारखंड में घुसपैठ कर रहे हैं। यहां पर अधिकांश बांग्लादेशी फरक्का, अनंथ, उधवा, पियारपुर, बेगमगंज, फुदकलपुर, श्रीधर, दियारा, बेलुग्राम, चांदशहर, प्राणपुर से भी इंट्री लेते हैं। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के पास आधार कार्ड, वोटर आइडी, ड्राइविंग लाइसेंस सब मिल जायेंगे।

### आखिर विलुप्त होती आदिम जनजाति को निशाना क्यों बनाया जा रहा

लव जिहाद का एक एंगल यह भीः पहले शादी करते हैं, फिर चुनाव भी लड़वाते हैंः एक रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे कई प्रेम विवाह सामने आये हैं, जिनमें मुस्लिम युवकों ने शादी के बाद आदिवासी युवतियों को चुनाव लड़ाया, उनको जिता कर सत्ता में भी दखल कर लिया। बोरियो इलाके में हाल के एक साल में करीब सौ मुस्लिम युवकों ने आदिवासी युवतियों से प्रेम विवाह किया है। सूत्रों ने बताया कि इस कथित शादी के कई लाभ हैं। पत्नी को आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों पर मुस्लिम युवक चुनाव लड़ाते हैं। उनकी राजनीतिक शक्ति का उपयोग करते हैं। अधिकतर पहाड़िया आदिवासियों के पास काफी जमीन भी है। शादी के बाद उन जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं और इस तरह से मुस्लिम समुदाय के लोग पहाड़िया गांवों में अपनी पैठ बनाते हैं। सूत्रों की मानें तो कई बार वहां के किशोर-किशोरियों को महानगरों में बेचा भी गया है। मानव तस्करी के ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

### 80 प्रतिशत पहाड़िया का हो चुका धर्मांतरण

पहाड़िया जनजाति आदिवासियों की 32 जनजातियों में से एक है। यह जनजाति पहाड़ों पर रहती है। पहाड़ों पर एक जगह अधिक से अधिक 20-25 घर होते हैं। ये झरने का पानी पीते हैं। लकड़ी काट कर बाजार में बेचते हैं, उससे दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदते हैं। कुछ पहाड़िया पहाड़ों पर बरबट्टी की खेती भी करते हैं। जिले में इनकी आबादी 80-85 हजार के करीब है। जानकारों का कहना है कि करीब 80 प्रतिशत पहाड़िया धर्मांतरण कर ईसाई बन चुके हैं। अब मुस्लिम युवक इन पर नजरें गड़ाये हुए हैं। वे अपने तरीके से इनको अपने समूह में जोड़ रहे हैं। इन जनजाति की संख्या दिन पर दिन घटती जा रही है। हाल के दिनों में जिस तरह से संथाल परगना की डेमोग्राफी में बदलाव हुआ है, अगर उस पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया, शासन-प्रशासन के स्तर पर असलियत को उजागर नहीं किया गया, घुसपैठ के सहारे यहां आ रहे बांग्लादेशियों को नहीं रोका गया, गलत नागरिकों को तड़ी पार नहीं किया गया, तो ऐसी क्रूर घटनाओं की संख्या गिनने और उन पर आंसू बहाने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा। कभी रिबिका, तो कभी अंकिता तो कभी कोई और मासूम बच्ची नरपिशाचों की दरिंदगी का शिकार बनती रहेंगी। झारखंड की संस्कृति, सुरक्षा और आबरू नष्ट हो जायेगी।

---

### रिबिका को मामा के घर ले जाकर हैवान बन गया था दिलदार अंसारी!

# मिले खून से सने कपड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज के रुबिका पहाड़िया हत्याकांड में हर दिन नयी जानकारी सामने आ रही है। दरअसल पुलिस को जानकारी मिली है कि दिलदार अंसारी रुबिका पहाड़िया को अपने मामा के घर ले गया था। पुलिस को ऐसी आशंका है कि वहीं पर रुबिका पहाड़िया के साथ दरिंदगी की गयी। मिली जानकारी के अनुसार रुबिका पहाड़िया और दिलदार अंसारी पिछले दो साल से रिलेशन में थे। एक माह पहले दोनों ने लव मैरिज की थी। दिलदार अंसारी की उम्र 25 और रिबिका की उम्र 22 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है। रुबिका पहाड़िया के परिवार वालों ने बताया कि दिलदार ने उन्हें कॉल कर बताया था कि उसकी बेटी की हत्या कर बोरा में भर खेत में फेंक दिया है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने उनका चेहरा नहीं सिर्फ कटी हुई अंगुली देखी है। घटना के बाद से रुबिका की मां बार-बार बेहोश हो जा रही है।

### मोइनुल अंसारी के घर पर मिले खून से सने कपड़े

आरोपी दिलदार के मामा मोइनुल अंसारी के घर से खून से सने कपड़े बरामद हुए हैं। पुलिस जवानों ने बताया कि घर में मिले कपड़े में खून के निशान मिले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि इसी घर में रुबिका को काटा गया होगा। फिलहाल मोइनुल अंसारी के घर से किसी को भी अंदर और बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

### गौरीपुर के बहियार में मिला जबड़ा और कपड़ा

साहिबगंज के गौरीपुर बहियार में रुबिका पहाड़िया के कपड़े और जबड़ा भी बरामद किया गया है। मोमिन टोला के इसी जगह पर रुबिका के छह टुकड़े मिले हैं। पुलिस ने यहां किसी की भी आवाजाही पर रोक लगा दी है। साथ ही मौके पर पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है। बताया जाता है कि ये पुराना भवन अचार गोदाम के नाम से जाना जाता है। बोरियो के संथाली मोमिन टोला की जिस जगह पर रुबिका के पैर के टुकड़े मिले, उसे सबसे पहली बार परमेश्वर शर्मा ने देखा था। परमेश्वर ने बताया कि निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे एक कुत्ते द्वारा बोरी को खिंचा जा रहा था, जिसके बाद ग्रामीणों को शक हुआ तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उस जगह से शरीर के छह टुकड़े बरामद किये थे।

---

# रिबिका मर्डर केस की एसआइटी करेगी जांच

### स्पीडी ट्रायल के लिए कोर्ट में दिया जायेगा आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज के बोरियो में रबिका पहाड़िया की हत्या मामले की जांच एसआइटी करेगी। इस माले की जांच के लिए डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने मामले के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पहलुओं का गहन अनुसंधान के लिए साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया है। इस मामले का पर्यवेक्षण खुद साहिबगंज एसपी करेंगे। डीआइजी ने एसआइटी को वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम का भी सहयोग लेने का निर्देश दिया है। साथ ही इस मामले की तेज गति से जांच करते हुए अनुसंधान कर ससमय कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित करने एवं स्पीडी ट्रायल के लिए कोर्ट में अभ्यावेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

### एसआइटी टीम में ये अधिकारी शामिल

इस मामले का अनुसंधान करने के लिए साहिबगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र दुबे को नामित किया गया है। इस एसआइटी टीम में बरहरवा के एसडीपीओ प्रदीप उरांव, राजमहल सर्किल के इंस्पेक्टर राजीव रंजन, बड़हरवा सर्किल के इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, बोरियो के पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, बोरियो थाना प्रभारी जगन्नाथ पान, रांगा थाना प्रभारी अमन कुमार, बरहेट थाना प्रभारी गौरव कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, बरहरवा थाना प्रभारी सुनील कुमार, बोरियो थाना की एसआइ सुषमा कुमारी, तीन पहाड़ के थाना प्रभारी वाजिद अली, राधा नगर थाना की एसआइ वीणा कुमारी, बोरियो थाना के एएसआइ करुण कुमार राय शामिल किये गये हैं।

### स्पीडी ट्रायल के लिए कोर्ट में दें आवेदन

डीआइजी ने एसआइटी को निर्देश दिया है कि यह विशेष जांच दल त्वरित गति से कांड का अनुसंधान कर ससमय न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करे एवं स्पीडी ट्रायल के लिए न्यायालय में अभ्यावेदन समर्पित करे।

---

### भगवा पर अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का बयान

# भगवा त्याग का प्रतीक, उसे बजरंगी गुंडे पहन रहेः भूपेश

**भिलाई (आजाद सिपाही)।** पठान फिल्म के गाने में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के भगवा कपड़े पहने जाने के विवाद पर अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान आया है। उन्होंने कहा कि भगवा रंग त्याग का प्रतीक है। आज उसे बजरंगी गुंडे पहन रहे हैं। बतायें कि उन्होंने क्या त्याग किया है। भिलाई में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में बघेल ने कहा कि ये विवाद का मुद्दा ही नहीं है। भाजपा के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। इसलिए जो जनता और समाज के मुद्दे नहीं हैं, उसे सामने लाकर वो ध्रुवीकरण कर रही है। कोई व्यक्ति किसी भी रंग का कपड़ा पहन लेता है, तो उससे कुछ हो नहीं जाता है। कार्यक्रम में कुछ लोग काले कपड़े पहन कर आये हैं तो क्या वो मुख्यमंत्री का विरोध करने आये हैं। कोई नीला कपड़ा पहना है तो क्या वे अंबेडकराइड हो गया है।

---

# प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों ने की बगावत

**विरोध में बैठकः तीन महासचिवों ने कहा, हटाया जाये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर सोमवार को मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक कांग्रेस बचाओ बैनर तले हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय अध्यक्ष से अविलंब हटाने की मांग की। साथ ही निर्णय लिया गया कि जनवरी के पहले सप्ताह में प्रदेश के कार्यकर्ता दिल्ली जायेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत करायेंगे। उनके सामने प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग रखेंगे। साथ ही वह कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल होंगे और राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें भी मांग से अवगत करायेंगे।

**गणेश परिक्रमा और रहमो करम पर अध्यक्ष बनेः** बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रभारी आरपीएन सिंह ने कांग्रेस छोड़ने के ठीक पहले अपने चहेते को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। जिसकी ना तो कोई राजनीतिक पहचान रही और ना ही संगठन चलाने का कोई तजुर्बा ही था। वह गणेश परिक्रमा और रहमो करम पर अध्यक्ष बने। वह आज भी आरपीएन सिंह के इशारे पर भाजपा की गतिविधियों और एजेंडे को कांग्रेस पार्टी में संचालित कर रहे हैं। दूबे ने दावा किया कि प्रदेश अध्यक्ष के मोबाइल की जांच की जाये, उनके आरपीएन सिंह से संपर्क का खुलासा हो जायेगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। अगर अविलंब नहीं हटाया गया तो 2024 आते-आते यह आदमी पूरी पार्टी को लेकर भाजपा में भाग जायेगा। एक तरफ राहुल गांधी अपनी जान की बाजी लगा कर भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं और दूसरी तरफ यह व्यक्ति संगठन को कमजोर कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि आज की बैठक कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए बुलायी गयी थी। जिला कमिटी, प्रदेश कमिटी के गठन के बाद सभी जिला से आक्रोश की आवाज आ रही है। सभी जिलों के नेता आज की बैठक को लेकर अपनी सहमति दे चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की लड़ाई में निर्णायक संघर्ष को तैयार हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव साधु शरण गोप ने कहा कि जिला अध्यक्षों के मनोनयन में मुस्लिम, दलित, इसाई एवं महिलाओं को नजर अंदाज करना कांग्रेस पार्टी के लिए घातक साबित होगा, भले ही आपने बाद में इसकी भरपाई की हो।

**बैठक में ये भी थे मौजूदः** बैठक में प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, भरत रावत, होनी सिंह मुंडा, विनीता पाठक नायक, प्रदेश ओबीसी के महासचिव राजेश चंद्र राजू, समेत अन्य वरिष्ठ नेता और गोड्डा, चाईबासा, बोकारो, गढ़वा समेत विभिन्न जिलों के पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 9.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |



## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र : टेबल पर चढ़े रणधीर सिंह को किया गया मार्शल आउट

# रिबिका हत्याकांड के विरोध में भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन बीजेपी विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। बीजेपी विधायकों ने रिबिका पहाड़िन हत्याकांड के खिलाफ प्रदर्शन किया। विधायकों ने आरोपी दिलदार अंसारी को फांसी की सजा देने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। बीजेपी विधायकों ने सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की।




## राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रही: बाउरी



चंदनकियारी के भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रही है। झारखंड में विधि व्यवस्था चरमरायी हुई है, लेकिन राज्य सरकार को इस बात की कोई चिंता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी संथाल परगना में एक बेटी जिंदा जला दी गयी थी। इस तरह की घटना में सरकार की तरफ से कोई भी बयान नहीं आता है, जबकि संथाल परगना में मुख्यमंत्री की अच्छी पैठ है।

## हेमंत सरकार तुष्टीकरण के सारे रिकॉर्ड तोड़ रही : सीपी सिंह



रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार तुष्टीकरण के सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। संथाल परगना में कभी युवती को जिंदा जलाया जाता है तो कभी टुकड़ों में काटा जाता है। सरकार तुष्टीकरण के लिए गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को भी रोकती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में एक समुदाय विशेष के अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। उनके खिलाफ सख्ती नहीं होने के कारण ही इस तरह की घटनाएं लगातार घट रही हैं। उन्होंने कहा कि इसीलिए तो कहते हैं कि हेमंत हैं तो इन्हें हिम्मत है।

## आदिवासी सीएम के रहते आदिवासी युवती को टुकड़ों में काटा गया, राज्य में बेटियां असुरक्षित : रणधीर सिंह



रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के अंदर और बाहर जम कर हंगामा हुआ। शोक प्रस्ताव के दौरान भाजपा के विधायक रणधीर सिंह अपने टेबल पर खड़े हो गये, जिसके बाद उन्हें मार्शल ने बाहर कर दिया। सदन से मार्शल आउट होने के बाद रणधीर सिंह ने कहा कि झारखंड में एक आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते हुए एक आदिवासी युवती को टुकड़ों में काट दिया गया। राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। राज्य की विधि व्यवस्था चरमरायी हुई है। यदि जनता की सुरक्षा की आवाज उठाने पर मार्शल आउट किया जाता है, तो मैं हजार बार मार्शल आउट होने को तैयार हूं।

### हेमंत सोरेन से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने की मांग

## रिबिका पहाड़िया के हत्यारे को हो फांसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिबिका पहाड़िया की हत्या के बाद झारखंड की राजनीति में उबाल आ गया है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सत्तारूढ़ गठबंधन की विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि यह जघन्य मामला है। दोषी को फांसी की सजा होनी चाहिए। महगामा की कांग्रेस विधायक ने कहा कि पहले भी महिलाओं पर अत्याचार के कई मामले सामने आये हैं। उन मामलों में कठोर कार्रवाई हुई है।



**जघन्य और वीभत्स है साहिबगंज की घटना:** श्रीमती पांडेय ने कहा कि यह जघन्य और वीभत्स घटना है। इस घटना को अंजाम देने वाले को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए और जल्द से जल्द सजा होनी चाहिए। झारखंड कांग्रेस की नेता दीपिका पांडेय ने कहा कि ऐसे आरोपियों को फांसी की सजा होनी ही चाहिए। वह झारखंड विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात कर रही थीं। कांग्रेस विधायक ने कहा कि एक दिन पहले रविवार को मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) विधायक दल की बैठक में भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया था। मुख्यमंत्री से अपील की गयी है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई हो।

## भाजपा के शासनकाल में इससे ज्यादा घटनाएं हुईं: बन्ना गुप्ता



कांग्रेस नेता और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि साहिबगंज में जो घटना हुई है, वैसी कई घटनाएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में भी हुईं। उन्होंने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। वह मुद्दाविहीन हो गयी है। उनके शासन में ऐसी बहुत ज्यादा घटनाएं होती थीं। भाजपा राज्यव्यापी मुद्दे नहीं उठा पा रही है। बन्ना गुप्ता से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या साहिबगंज के बोरियो की घटना छोटी घटना है, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि यह घटना छोटी नहीं है। लेकिन बहुत से राज्यव्यापी मुद्दे हैं, जिस पर चर्चा करने की जरूरत है। कहा कि झारखंड की यूपीए सरकार मजबूती के साथ साहिबगंज घटना के दोषी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि रुबिका पहाड़िया हत्याकांड की जांच होगी। स्पीडी ट्रायल होगा। दोषियों को सजा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्यव्यापी मुद्दों से भाजपा नेस्तनाबूद हो गयी है।

## वोट के लिए सरकार बांग्लादेशियों को दे रही सरंक्षण, सीएम इस्तीफा दें: भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। सोमवार को पहले ही दिन सरकार को मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने घेरा। इस दौरान बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने भी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि इस्लामीकरण बंद करो। झारखंड की घटनाओं पर आप नजर डालिए, अंकिता हत्याकांड हो, रिबिका पहाड़िन हत्याकांड हो सब में अपराधी कौन हैं, ये कौन लोग हैं। ये बांग्लादेशी लोग हैं। सरकार की शह पर इन अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है। अपने वोट बैंक के लिए सरकार इन बांग्लादेशियों को शह दे रही है। ताकि इनका वोट बैंक बढ़े। अपने वोट बैंक के लिए सरकार बहू-बेटियों की इज्जत को दांव पर लगा रही है। वोट के लिए सरकार कितना कुकृत्य कर रही है इस मानसिकता से आप सब अच्छी तरह वाकिफ हैं।



अगर मुख्यमंत्री में थोड़ी भी लाज शर्म, हया बची है तो वह राजभवन की तरफ जायें और इस्तीफा देकर आयें। अगर मुख्यमंत्री बेशर्म हो गये हैं तो राज्यपाल 356 धारा का इस्तेमाल कर कानून मजबूत करे। राज्यपाल राष्ट्रपति शासन लागू करें। साहिबगंज, गोड्डा, जामताड़ा जैसे कई जिलों में डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। बांग्लादेशी लोग यहां आते हैं और बहू बेटियों की इज्जत से खेलते हैं। सरकार पूरी तरह से विधि व्यवस्था को कंट्रोल करने में असफल है। हम इस बार सदन में बेटियों के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठायेंगे। मुख्यमंत्री को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।

## हिंदू लड़का रेप करता है तो बात दब जाती है, मुस्लिम करता है तो बड़े पैमाने पर दिखाया जाता है : इरफान अंसारी

वहीं दूसरी तरफ रिबिका पहाड़िया हत्याकांड को लेकर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा है कि जब हिंदू लड़का मुस्लिम लड़की के साथ रेप करता है तो बात दब जाती है। हमारे क्षेत्र की घटना है कहीं मीडिया में कोई चर्चा नहीं होती। लेकिन मुस्लिम लड़का किसी घटना को अंजाम देते हैं तो बड़े पैमाने पर दिखाया जाता है। भाजपा ऐसी घटनाओं से राजनीतिक फायदा लेती है। ऐसे मुद्दों से। अपराध को जात से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। हर धर्म में अच्छे और बुरे लोग होते हैं। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। कोई व्यक्ति किसी के 20 टुकड़े कैसे कर सकता है। प्रेम में कोई किसी की जान कैसे ले सकता है। कहीं आपोरी पागल तो नहीं है



इसकी भी जांच होनी चाहिए। आपस में बैठकर इस तरह की घटना पर बात की जानी चाहिए। समाज के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। मीडिया भी विशेष समुदाय को टारगेट करती है। आज मुद्दा है रोजगार, केंद्र सरकार रोजगार नहीं दे रही है। हमारा कोयला है, हमारा पत्थर है लेकिन इस्तेमाल दूसरे लोग कर रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है इसलिए भटक रहे हैं।

## अपराध सिर्फ झारखंड में ही नहीं हो रहे हैं: सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन के पहले ही दिन विपक्ष ने मुसलिम युवक दिलदार ने रिबिका पहाड़िया के पचास टुकड़े करने पर हेमंत सरकार को घेरा। भाजपा ने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार झारखंड में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। इधर जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा है कि यहां भाजपा के नेता सिर्फ नाटक करते हैं। हर राज्य में अपराध होते हैं लेकिन सिलेक्टिव नेरेटिव सेट करना गलत है। जो भाजपा कर रही है। देहरादून की



अंकिता के लिए ये कुछ नहीं बोलते हैं वहां साक्ष्य छिपाने के लिए बुलडोजर चलवा देते हैं और दुमका 'की अंकिता के लिए 30 लाख का चेक लेकर जाते हैं। अगर दोहरा मानदंड नहीं हैं तो इनको देहरूदून की अंकिता के लिए भी जाना चाहिए था। जिस तरह का नाटक भाजपा कर रही है ये राजनीति की गिरावट को दर्शाता है। जब हमने उनसे पूछा कि भाजपा आरोप लगा रही है कि आप लोग एक खास वर्ग को सरंक्षित कर रहे हैं इस सवाल के जवाब पर सुदिव्य सोनू ने कहा कि ये तथ्यहीन आरोप हैं।

### बीजेपी हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही

अपराध हो रहे हैं और शत प्रतिशत अपराध को रोका भी नहीं जा सकता। झारखंड हिंदुस्तान का एक हिस्सा है। यूपी के मसले, दिल्ली के मसले पर इनके मुंह बंद हो जाते हैं। लेकिन जहां मुस्लिम का आरोपी की बात होती है वहां यह नाटक करना शुरू कर देते हैं। अपराध को रोकने का पूरे देश में प्रयास हो रहा है। हमारी पुलिस भी प्रयास कर रही है। बीजेपी हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है। कठोरतम सजा अपराधी को दी जायेगी। बेटी किसी भी जाति की हो अपराधियों को सजा मिलेगी। हत्यारे के पूरे परिवार को गिरफ्तार किया गया है।

### स्पीकर ने शीतकालीन सत्र के लिए गठित कार्यमंत्रणा समिति के साथ की बैठक

# राजभवन से लौटे कई विधेयक वापस लेगी सरकार: स्पीकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शीतकालीन सत्र के लिए गठित कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में तय हुआ कि कतिपय कारणों से राज्यपाल ने कुछ विधेयक को वापस कर दिया है, सरकार विधानसभा से उन विधेयकों को वापस लेगी। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के दौरान माले विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि आखिर किन कारणों से राज्यपाल ने विधेयक वापस किया है उसकी जानकारी भी सदन को देनी चाहिए।

विधायक बिनोद सिंह ने नियोजन नीति पर चर्चा कराने की बात की। इसपर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने भी समर्थन किया और कहा कि न्यायालय ने जिन बिंदुओं पर सवाल खड़ा करते हुए नियोजन नीति को खारिज किया है



उसमें सुधार कर न्यायालय को इसकी जानकारी दी जाय और नयी नियुक्ति शुरू की जाये। विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कुछ ऐसा ही हुआ है इसको दिखवा लिया जाये। लेकिन बात नहीं बनी।

बैठक के दौरान ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब वह देवघर में थे और वहां के युवाओं ने उनसे मिलकर कहा कि जल्द 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू हो अन्यथा वे लोग आत्महत्या कर लेंगे। इसलिए इस पर सभी दलों को मिलकर विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव रखा कि मंगलवार को सभी दलों के विधायक राज्यपाल से मिलकर आग्रह करें कि वे जल्द से इस विधेयक को केंद्र सरकार के पास भेजें। इसपर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि यह कार्यमंत्रणा समिति का विषय नहीं है आपको इस तरह का कुछ काम करना है तो सभी दलों को पत्र लिखें।

## रिबिका पहाड़िया हत्याकांड के सभी दोषियों को फांसी की सजा हो : विजय शंकर नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि साहिबगंज के रिबिका पहाड़िया हत्याकांड के सभी दोषियों को फांसी की सजा से कम ना हो। इसकी व्यवस्था हेमंत सोरेन सरकार करे। उन्होंने आगे कहा की झारखंड राज्य के लिए सबसे पहला वीभत्स हत्याकांड है। नायक ने आगे कहा कि इधर कुछ दिनों से संथाल परगना क्षेत्र में महिलाओं पर हो रही वीभत्स और दर्दनाक घटनाओं में काफी वृद्धि हुई ही है, जो समाज एवं राज्य के



लिए चिंता का विषय है। कहा कि इससे पूर्व भी कई घटना उक्त क्षेत्रों में हुई है। जिसमें एक छात्रा को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की घटना भी शामिल है। ऐसी घटनाएं समाज को विचलित करती हैं। सरकार को यह सोचना होगा कि ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करायी जाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि होगी, व्यवसाय से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। |
| वृष | बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, मनोनुकूल वातावरण रहेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी, राज्यपक्ष के समर्थन से शत्रुपक्ष पर विजय मिलेगी। |
| कर्क | सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल, धनलाभ होगा। |
| सिंह | आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा, व्यापारिक लाभ। |
| कन्या | विशिष्टजनों से संपर्क बढ़ेगा, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी। |
| तुला | नौकरी एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | धन लाभ होगा. संयम, धैर्य, कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी। |
| धनु | विद्या-प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा,सुख-साधनों की प्राप्ति,इच्छित सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे, नये लोगों से संपर्क, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति। |
| मीन | कठिनाइयों पर विजय, गृह-भूमि-वाहन सुख, आकस्मिक धन लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी। |

## बरकट्ठा में मनरेगा और पीएम आवास में गड़बड़ी को लेकर जांच की मांग

**बरकट्ठा।** सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद ने बरकट्ठा में मनरेगा योजना और पीएम आवास में गड़बड़ी व सरकारी राशि गबन को लेकर ग्रामीण विकास विभाग दिल्ली के सचिव को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि बरकट्ठा बीडीओ द्वारा मनरेगा और पीएम आवास (ग्रामीण) योजना में वृहद पैमाने पर गड़बड़ी की गयी है। पत्र में जिक्र करते हुए गोपाल प्रसाद ने कहा है कि मनरेगा योजना के तहत शिलाडीह पंचायत के ग्राम तुर्कडीहा में एक ही व्यक्ति और उसके परिवार व सगे संबधियों के नाम पर शिलाडीह पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में योजना संख्या 407, 409, 463, 465, 488, 541, 630, 631, 632, 633, 634, 635, 636, 637, 638, 639, 608, 640, 641, 642 ,643, 614 एवं 691 देकर सरकारी राशि का गबन किया गया है। प्रखंड में पीएम आवास (ग्रामीण ) के वास्तविक लाभुक के स्वीकृत आवास को मोटी रकम में संपन्न व्यक्तियों के पास बेच दिया गया। पूर्व से पक्का आवास वाले लोगों को आवास दिखाकर करोड़ों रुपये का लूट किया गया है।

फर्जी योजना दिखाकर मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में बिना आवास निर्माण के एवं नियम विरुद्ध फर्जी और अयोग्य लाभुकों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाकर सरकारी राशि का बंदरबांट हुआ है। हर व्यक्ति को सौ दिन रोजगार के बजाय मनरेगा योजना का कार्य जेसीबी मशीन से कर मास्टर रोल में मजदूरों का फर्जी हस्ताक्षर से राशि की निकासी हुई है। इसके अलावे पत्र में बीडीओ पर गोपाल प्रसाद ने कोरोना काल में कोविड की राशि घोटाला करने का आरोप लगाया है। आगे लिखा है कि बीडीओ कृतिबाला लकड़ा प्रखंड मुख्यालय में सरकारी आवास में रहते हुए सरकार से हाउस रेंट ले रही हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## स्टेशन से वृद्ध का शव बरामद

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रेल पुलिस ने कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 से रविवार की रात्रि 9 बजे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया है। वृद्ध व्यक्ति की पहचान नहीं की जा सकी है। बताया जा रहा है वृद्ध व्यक्ति स्टेशन पर ही भीख मांग कर अपना गुजारा करता था। संभावना है कि वृद्ध की मौत ठंड लगने से हुई है। जीआरपी ने शव को कब्जे में कर एक यूडी केस दर्ज किया है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की मौत किस कारण से हुई है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 19 दिसंबर से शुरू हो गया। पहले दिन वॉलीबॉल, गतका, बैडमिंटन, कैलीग्राफी, शूटिंग समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैलीग्राफी प्रतियोगिता में वर्ग नवम से रितिका गुप्ता, तनु कुमारी, अंतरा कुमारी, जिया कुमारी, अमरीन अनवर और श्रेया राज को अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। वहीं गतका प्रतियोगिता के अंडर फोर्टीन बालिका वर्ग में आदिति सिंह, संगीता कुमारी, मन्नत आनंद, बालक वर्ग में शिवम कुमार, नीरज यादव, शिवम कुमार यादव और अंडर-17 बालिका वर्ग में करिश्मा कुमारी, हर्षिता कुमारी, शालिनी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 22 दिसंबर को फाइनल स्पर्धा होगा। इसमें विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा। स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का भाव जगता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रतियोगिता में हार और जीत से बड़ा उसमें शामिल होना है। आयोजन की सफलता में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, पीटीआई कुंदन कुमार राणा, राकेश पांडेय, सुभय कुमार, दीपक सर्राफ, आशुतोष गौतम, चंदन पांडेय, सुमित साव, राहुल कुमार, किशोर कुणाल, रजनी बाला, अलका सिंह, रंजीत सिंह, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, सरोज पांडेय, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, जेपी सिंह, संजय तिवारी, सतीश कुमार, विक्की कुमार, कुंतल जेठवा, रूबी वर्मा, रेणु सेठ, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह समेत पूरे विद्यालय परिवार के शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद के खिलाफ.......

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 90वीं इंटरपोल महासभा में 2000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसका समापन 'आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई' की घोषणा के साथ हुआ।

ठाकुर ने कहा कि आतंक के खिलाफ सरकार के संकल्प को सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट स्ट्राइक तक बार-बार प्रदर्शित किया गया है। हमारे सशस्त्र बलों की कार्रवाई से जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में भारी कमी दर्ज की गयी है। इसी तरह, आतंकवाद को वित्तीय मदद देने के मामलों में सजा की दर 94 प्रतिशत तक हासिल की गयी है। केन्द्रीय मंत्री ने पूर्वोत्तर में शांति का माहौल बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा 2014 से उग्रवाद प्रभावित हिंसा में 80 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में 89 प्रतिशत की भारी गिरावट आने की वजह से भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति का एक युग शुरू हो गया है। इसके अलावा, उन्होंने 2014 के बाद से छह हजार उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण की उपलब्धि को भी रेखांकित किया। सरकार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सशस्त्र कार्रवाई से आगे जाने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने पूरे क्षेत्र में स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए काम किया है। ये शांति समझौते सरकार की उपलब्धियों की विरासत हैं। इस पहलू को रेखांकित करते हुए।

**ठाकुर ने सरकार द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौतों को सूचीबद्ध किया।**

-बोडो समझौते पर जनवरी 2020 में हस्ताक्षर किये गये

-रियांग समझौता जनवरी 2020

- एनएलएफटी-त्रिपुरा समझौता अगस्त 2019 में

-कार्बी आंगलोंग समझौता, सितंबर 2021,

-असम-मेघालय अंतर-राज्यीय सीमा समझौता, मार्च 2022 में

सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अफस्पा को वापस लेने के बारे में अबतक सिर्फ चर्चा ही होती रही, लेकिन इस सरकार ने इसे पूरे त्रिपुरा और मेघालय सहित पूर्वोत्तर के एक बड़े हिस्से से वापस ले लिया। उन्होंने मीडिया को जानकारी दी कि यह कानून अरुणाचल प्रदेश के सिर्फ तीन जिलों में लागू है, असम का 60 प्रतिशत हिस्सा अफस्पा से मुक्त है, छह जिलों के अंतर्गत 15 पुलिस थानों को अशांत क्षेत्र की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है, सात जिलों में 15 पुलिस थानों से अशांत क्षेत्र अधिसूचना को हटा दिया गया है।

अनुराग ठाकुर ने सरकार द्वारा वर्षों से चलाए जा रहे बचाव कार्यों का भी जिक्र किया। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि संकट में फंसे भारतीय लोगों का जीवन बचाना, सरकार का एक सबसे प्रमुख चिंता का विषय है और भारत पूरी दुनिया में बचाव अभियान चलाने के मामले में सबसे आगे रहा है।

**उन्होंने बचाव अभियान की उपलब्धियों को सूचीबद्ध किया।**

-फरवरी-मार्च 2022 में ऑपरेशन गंगा के तहत 22,500 नागरिकों को बचाया गया

-ऑपरेशन देवी शक्ति में अफगानिस्तान से 670 भारतीय नागरिकों को बचाया गया

-वर्ष 2021-22 में वंदे भारत मिशन के तहत, बचाव अभियानों की एक सबसे बड़ी सफलता में 1.83 करोड़ नागरिकों की कोविड-19 संकट के दौरान घर वापसी की गयी

- भारत द्वारा चीन के वुहान से 654 लोगों को बचाया गया

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में न केवल भारतीयों को बल्कि संकट में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए भी मदद की पेशकश की। वर्ष 2016 में ऑपरेशन संकट मोचन के तहत दक्षिण सूडान से 2 नेपाली नागरिकों सहित 155 लोगों को देश में वापस लाया गया। ऑपरेशन मैत्री के दौरान नेपाल से 5,000 भारतीयों को बचाया गया जबकि नेपाल से ही 170 विदेशी नागरिकों का भी बचाव किया गया। ऑपरेशन राहत के तहत यमन से 1,962 विदेशी नागरिकों सहित 6,710 लोगों को बचाया गया।

विश्व में भारत द्वारा किये गये इन प्रयासों से जो स्थिति बनी है, उसका जिक्र करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को अब एक ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है जो संकट के समय अन्य देशों को भी सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से कार्य करता है। जबकि एक पड़ोसी देश को केवल आतंकवाद को शरण देने वाले और हिंसा को बढ़ावा देने वाले देश के रूप में ही देखा जाता है।

### जनहित के लिए राज्यपाल से.....

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वर्तमान में दोनों विधेयक राज्यपाल के कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेजे गये हैं। व्यापक जनहित एवं राज्यहित में मुख्यमंत्री ने इच्छा प्रकट की है कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर उक्त दोनों विधेयकों की शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई हेतु भारत सरकार को भेजने का अनुरोध करें, ताकि इसे शीघ्र कानून का रूप मिल सके। इसी क्रम में राज्यपाल द्वारा 20 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे मिलने का समय दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विषय की व्यापकता एवं महत्व को देखते हुए राज्य के सभी दलों के नेताओं एवं निर्दलीय विधायकों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए अनुरोध किया है।

## भू-अर्जन से संबंधित मामले की समीक्षात्मक बैठक

# अंचलाधिकारी 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के मामले लंबित न रखें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में दाखिल खारिज, प्रमाण-पत्र, भू मापी, लगान, ई-कोर्ट, फसल राहत, म्यूटेशन अपील, पीजी पोर्टल, पीएम किसान, भू हस्तांतरण, अतिक्रमण आदि विषयों पर अद्यतन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामले को संज्ञान लेते हुए निष्पादन में त्वरित गति के साथ संवेदनशील होकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होने प्रखंडों में दाखिल खारिज के मामले को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के मामले लंबित न रहे। बैठक में उपायुक्त ने ई रेवेन्यू वादो में विभिन्न प्रखंडों द्वारा पेंडेंसी को प्रमुखता से जल्द से जल्द डिस्पोज करने का निर्देश दिया। उन्होंने जीएम लैंड के जीआईएस टैगिंग की जानकारी ली तथा जियो टैगिंग कार्यों पर ध्यान देने को कहा। उपायुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में आए म्यूटेशन तथा अन्य विभागों के मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारीयों को दिया। सदर महिला थाना, कोर्रा थाना, लोहसिंघना थाना के प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण कार्य प्रगति की जानकारी सदर सीओ से ली। वहीं बिश्नुगढ़ में फुटबॉल स्टेडियम के प्रस्तावित नए भवन निर्माण के लिए जमीन कार्य की प्रगति की जानकारी विष्णुगढ़ सीओ से ली। इस पर विष्णुगढ़ सीओ ने बताया कि जमीन चिंहित कर एनओसी के लिए प्रस्ताव को डीएफओ कार्यालय भेज दिया गया है। प्रमाण-पत्रों के निष्पादन संबंधी समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि आवेदनों के लंबित रहने से आवेदकों को परेशानीयो का सामना करना पड़ता है इसलिए समय-सीमा के अंदर मामलों को निष्पादित करें।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के भू अर्जन से संबंधित समीक्षा

एनएच भू-अर्जन से संबंधित बैठक में उपायुक्त नैन्सी सहाय ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में अधिग्रहित भूमि के एवज में प्रभावित जमीन, मकान मालिक को मिलने वाली मुआवजा राशि भुगतान के संदर्भ में समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुआवजा भुगतान हेतु आवंटित राशि का भुगतान में तेजी लाने,जिन प्रभावितों को अधिग्रहण के लिए अवॉर्ड तैयार किया जा चुका है उनका बैंक एकाउंट नंबर डीएलएओ ऑफिस को उपलब्ध कराएं ताकि संबंधितों को राशि भुगतान किया जा सके। जीएम भूमि पर बसे अधिवासो का निर्मित संरचना का वैल्युएशन करा के अंचल कार्यालय को सत्यापन प्रमाण पत्र के लिए भेजें। उपायुक्त ने एनएच को निर्देशित किया रैयतों,जमीन स्वामियों को भुगतान से संबंधित जानकारी से अपडेट रहें। एनएच पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को हटाने की अविलंब कारवाई करने के लिए अनुमंडल अधिकारी व अंचल अधिकारी पुलिस टीम के साथ को संयुक्त कारवाई कर अतिक्रमण मुक्त करते हुए बेवजह अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों पर बलपूर्वक कारवाई करने का सख्त निर्देश दिया।

## नावाडीह और रहिया विद्यालय में 86 बच्चों के बीच पोशाक वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय चम्पानगर नावाडीह एवं प्राथमिक विद्यालय रहिया में 86 बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य संजय रवि ने कहा की पहली व दूसरी कक्षा के कुल 60 छात्रों को पोशाक दिया गया, जबकि तीसरी कक्षा से उपर के छात्रों को स्कूल ड्रेस, स्वेटर एवं जूते के लिए विभाग के द्वारा छात्रों के खाते में पैसा भेजी जा रही है। वहीं प्राथमिक विद्यालय रहिया में पहली व दूसरी कक्षा के 26 बच्चों को पोशाक दिया गया। नए नए स्कूल ड्रेस, स्वेटर, जूते मिलने से बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। पोशाक वितरण में पंचायत समिति सदस्य रानी देवी, जलसहिया पम्मी देवी, सीआरपी राजेश यादव, पारा शिक्षक प्रेम कुमार दास, सुरेश गोप, यशोदा देवी, प्रेरक सतीश कुमार उपाध्याय, मनिषा देवी आदि उपस्थित थे।

## खनन सुरक्षा सप्ताह की भव्य शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बडकागांव ।** हर साल की तरह इस साल भी डायरेक्टर जनरल माइंस सेफ्टी की बैनर के तले देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में खनन सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की गयी। यह पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं की 7वीं सुरक्षा सप्ताह है जो आज यानी 19 दिसंबर से 28 दिसंबर चलेगी। आने वाले 10 दिनों में कंपनी के द्वारा विभिन्न स्तर पर कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ एवं जानकारियां दिलाई जाएगी। इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक (माइनिंग) उमेश सिंह ने ध्वजारोहण के साथ किया। ध्वजारोहण के बाद कंपनी के विभिन्न पदाधिकारियों ने आसमान में गुब्बारे छोड़े और बाद में अपना सुरक्षा संदेश दिया। मुख्य अतिथि उमेश सिंह ने अपने वक्तव्य में कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा कि भूल से हुई गलतियों से सीखें और आगे उसे न दोहराएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जो घटनाएं घटते घटते रह जाती है उन घटनाओं को भी रिपोर्ट करें ताकि उस पर भी ध्यान केंद्रित किया जा सके। ऐसा करने से उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी कम घटनाएं होगी। एनटीपीसी की विस्तृत सुरक्षा गाइडलाइंस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी नियम कानून का जरूर पालन करें और माइंस आने से पहले अपने सभी समस्याओं और पूर्वाग्रहों को दूर रखकर काम पर पहुंचे ताकि किसी भी अपरिहार्य घटना से बचा जा सके। माइन मैनेजर चंद्रशेखर ने इस बेहद खास मौके पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि हर जगह पर सुरक्षा मानकों का पालन करना जरूरी है। अगर आप सभी हर दिन हर जगह सुरक्षा एहतियातों को ध्यान में रखेंगे तो घटनाएं न के बराबर होगी। कर्मचारियों को इस दौरान सुरक्षा प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। सुरक्षा संदेश के बाद अधिकारियों को प्रदर्शनी में रखे विभिन्न उपकरणों से अवगत कराया गया। प्रदर्शनी में खनन के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उपकरण कैसे काम करते हैं उन्हें कैसे इस्तेमाल किया जाता है और किसी आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे निपटा जा सकता है इन सारी चीजों के बारे में विभागों के प्रमुखों को जानकारियां दी गयी। इसके अलावा एनटीपीसी टीम के द्वारा फायर मॉक ड्रिल भी किया गया जिसमें अगर किसी जगह पर आग लग जाती है तो कैसे उस पर काबू पाया जा सकता है और लोगों को कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है इसकी झांकी दिखायी गयी। गौरतलब है कि ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में देश की लाइफ लाइन कही जाने वाली एनटीपीसी सुरक्षा मापदंडों को सर्वोच्च स्थान देती है। इस वजह से यहां काम करने वाले कर्मचारी सुरक्षित और निर्भीक होकर अपने कामों को अंजाम देते हैं। एनटीपीसी के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी बेहतरीन काम किया जा रहा है। माइनिंग क्षेत्र में जहां महिलाओं के प्रवेश को हिना दृष्टि से देखा जाता था वहीं आज एनटीपीसी अपने विभिन्न परियोजनाओं में महिलाओं को कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने का मौका दे रहा है। कुछ महीने पहले ही एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में कई महिलाओं को डंपर ड्राइवर के रूप में नियुक्त किया गया था वही कुछ महिलाओं को एनटीपीसी, माइनिंग डायरेक्टर के रूप में भी नियुक्त कर चुका है। जाहिर है एनटीपीसी के विश्व स्तरीय सुरक्षा मानकों और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए जा रहे कदम समाज के लिए बेहद लाभकारी हैं और इससे देश की दूसरी कंपनियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## हजारीबाग नगर में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में उमड़ा कांग्रेसियों का जनसैलाब




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** महानगर कांग्रेस कमेटी को ओर से नगर में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। यह यात्रा कांग्रेस कार्यालय से शुरू हो विभिन्न मार्गो में घूम समाप्त हुआ। सरदार चौक पर बाबू खान के नेतृत्व में सादाब कुरेशी ने भारत जोड़ो यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत फूल माला से किया। उसके बाद कांग्रेस आफिस बाजार के पास नीरज कुमार के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा को फूल माला, बिस्कुर, पानी से स्वागत किया। इसके पश्चात भगत सिंह चौक पर भारत जोड़ो यात्रा सभा मे तब्दील हो गई। इस अवसर पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर 3570 किलोमीटर तक कि भारत जोड़ो यात्रा पर है यात्रा का उद्देश्य पूरे देश में जो आपसी भाईचारे को खत्म करने की कोशिश की जा रही है उसके खिलाफ सभी देशवासियों को जागृत करना और देश की एकता और अखंडता को बचाए रखना है। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रताड़ित किया गया। इसका जवाब जनता भाजपा को आम चुनाव 2024 में देगी। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश, महासचिव बिनोद कुमार कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा, यमुना यादव, अशोक देव, साजिद हुसैन, बीसी मिश्रा, मीडिया प्रभारी निसार खान, मिथिलेश दुबे, अजीम खान, मकसुद आलम, डॉ. प्रकाश, उपेन्द्र कुमार राय, बिनोद सिंह, साजिद अली खान, बिनोद यादव,अनिल कुमार उपाध्याय, दिगम्बर प्रसाद मेहता, संजय गुप्ता, सुनिल अग्रवाल, लाल बिहारी सिंह, उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, डॉ दीपक बन्धु, गुड्डू सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# पर्यटकों को आकर्षित करता है टाटीझरिया का सिझुआ झरना और झरपो का कॅरिचट्टानधाम

**नया पर्यटन क्षेत्रः सिमरा ढाब सिझुवा के जंगल में है**

**खूबसूरत झरना, अप्रोच रोड की कमी से नहीं आ पाते लोग**



ज्योतिष पंडा

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** खूबसूरत वादियों से घिरे इस प्रदेश के अनेक पर्यटन स्थल अभी भी गुमनामी के शिकार हैं। ऐसे स्थल न तो सरकार के पर्यटन नक्शे में कहीं दर्ज है और न ही सैलानियों को उनके बारे में जानकारी है। ऐसा ही एक पर्यटन स्थल टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के सिमरा ढाब के सिझुवा जंगल में पहाड़ी नदी पर खूबसूरत झरना है। लगभग 40 फीट की ऊंचाई से पानी कई स्टेप में नीचे पहुंचता है। एक ही स्थान पर कई झरने बन गए हैं। पानी स्वच्छ है। झरना के चारों तरफ साल बहुल जंगल है। यहां तक पहुंचने के लिए ढ़ाई किलोमीटर पैदल रास्ता है। इस रास्ते में मोटर साइकिल मुश्किल से दो किलोमीटर तक जाती है। इसके बाद पैदल ही जाया जा सकता है। यह धरधरवा नदी पर स्थित है। पहुंच पथ नहीं बनने से लोग नहीं जा पाते हैं। और झरपो में कॅरिचट्टान धाम पिकनिक और पर्यटन के लिए आकर्षित करता है।

### कैसे पहुंचें झरना तक

हजारीबाग से विष्णुगढ़ जानेवाली एनएच 100 पर स्थित झरपो गेट से 14 किलोमीटर व टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय से करीब 18 किमी की दूरी पर है। हजारीबाग मुख्यालय से लगभग 38 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एनएच से झरपो होते हुए नारायणपुर से सिमरा ढाब जाने का रास्ता है। सिमरा ढाब तक ही चार पहिया वाहन से लगभग चार किलोमीटर जाता है। इसके बाद बाइक या पैदल जाना होगा।

## आवासीय विद्यालय में कंबल वितरण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के बनाहप्पा में स्नेहदीप होलीक्रोस आवासीय विद्यालय में एड्स पीड़ित बच्चों के बीच सामजसेवी निशि पांडेय ने 170 कंबलों का वितरण किया। इस विद्यालय में वर्ग प्रथम से आठवीं तक के दूर दराज के बच्चे पढ़ते है। विद्यालय में कुल 170 बच्चों में 48 बच्चे एड्स से संक्रमित है जिन सभी के पढ़ाई और आवासीय सुबिधा स्नेहदीप संस्था के द्वारा किया जाता है। इस बारे में महिला युवा सामजसेवी निशि पांडेय ने कंबल वितरण करने के दौरान बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी की विद्यालय में एड्स पीड़ित बच्चे पढ़ते है तो उनकी इक्षा विद्यालय भ्रमण और बच्चों के लिए कुछ करने की हुई इसी लिए वह विद्यालय आई और यहां आकर उन्हें काफी अच्छा महसुश हुआ। सामजसेवी निशि ने विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर ब्रिटो की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के बच्चों को काफी अच्छे ढंग से रखा गया है विद्यालय में बच्चों का अनुशाशन और प्रबंधन लाजबाब है। पहली बार विद्यालय आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा वो आगे भी विद्यालय आएंगी और जितना संभव होगा वो बच्चों की मदद करने का प्रयास करेंगी।

## वित्त रहित कॉलेज और स्कूल के शिक्षकों ने की एक दिन की शैक्षणिक हड़ताल



**इचाक (आजाद सिपाही)।** वित्त रहित कॉलेज और स्कूल के शिक्षक एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। जिसमे जीएम इंटर कॉलेज,आदर्श इंटर कॉलेज, जेएम इंटर कॉलेज, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय,बरका खुर्द उच्च विद्यालय,सिझुआ उच्च विद्यालय सभी संस्थान सोमवार को एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। जिससे विद्यार्थी कॉलेज और स्कूल पहुंचे पर हड़ताल के कारण पढ़ाई बाधित रही और सभी विद्यार्थी अपने अपने घर लौट गए। सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी का मुख्य मांगे सभी संस्थानों को अधिग्रहण किया जाए या घाटा अनुदान दिया जाए। सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी के खाते में सीधे अनुदान की राशि भेजा जाए। इंटरमीडिएट शिक्षक कर्मचारी सेवा संवर्ग जो निरस्त किया गया है उसे पुनः बहाल किया जाए और मंत्री परिषद की सहमति ली जाए। सेवा आयु सीमा को 60 वर्ष से बढ़ा कर 62 वर्ष किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर सभी संस्थानों में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल किया गया। हड़ताल में जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार,शिक्षक पंकज कुमार,दीपक प्रसाद,अजय उरांव,आशीष पांडे,विनोद कुमार मेहता,आदर्श इंटर कॉलेज से प्राचार्य मनीष कुमार,शिक्षक मनोज कुमार,मुन्ना पांडे,कैलाश कुमार, जेएम इंटर कॉलेज से प्राचार्य बसंत कुमार,शिक्षक राजेंद्र यादव,विजय कुमार,रामप्रकाश मेहता, सीएम उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार,शिक्षक ओमकार कुमार,सतेंद्र कुमार,अंजली कुमारी,उच्च विद्यालय बरकाखूर्द के प्रधानाध्यापक वैजनाथ प्रजापति,शिक्षक श्रीकांत मेहता,बच्चू राम,रवि कुमार, सिझुआ उच्च विद्यालय से प्रधानाध्यापक इंद्रदेव मेहता,शिक्षक जयनारायण मेहता,प्रियंका कुमारी,बालेश्वर मेहता,चंद्रधारी मेहता,प्रदीप पांडेय आदि ने हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग किया।

## विधायक ने किया कई योजनाओं का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड एवं बिष्णुगढ में विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रविवार को विधायक निधि एवं डीएमएफटी मद से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिसमें डीएमएफटी मद से एनएच 100 टाटीझरिया से खंडवा तक सड़क मरम्मति,टाटीझरिया अंतर्गत उत्क्रमित मध्य मुरकी का सुदृढ़ीकरण,बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नागी का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं विधायक निधि से हेठली मुरगांव में जानकी के घर से पक्की सड़क तक मिट्टी मरम्मत पथ निर्माण बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत नागी पंचायत के पन्नाटांड खेल मैदान का गार्डवाल निर्माण कार्य।बता दें कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत कई सड़कों के निर्माण की स्वीकृति कई विभागों के द्वारा हुई है और हर दिन विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में पथ निर्माण का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं उद्घाटन का कार्य विधायक द्वारा किया जा रहा है। विधायक जेपी पटेल ने कहा कि क्षेत्र के हर हिस्से में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से सड़कों का निर्माण हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे कई गांव के लोग लाभावित होंगे एवं उनको बेहतर सड़क उपलब्ध होगी। इस अवसर पर भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल,हिरामन महतो,सुरेश प्रसाद,नारायण महतो,बासुदेव महतो,महेंद्र महतो,सुरेंद्र प्रसाद,छोटेलाल बेसरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाबू राम नारायण सिंह की जयंती मनायी गयी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामनगर में बाबू राम नरायण सिंह का जयंती मनायी गयी। मुख्य अतिथि विनोवा भावे विश्व विद्यायल के राजनीति शास्त्र के व्याख्याता प्रमोद कुमार एवं राणा राहुल प्रताप (अधिवक्ता) के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया । बहन पलक वर्षा एवं स्नेहा के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाण्डेय के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । बहन पलक कुमारी ने बाबू राम नारायण सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रकाश कुमार सिन्हा ने कहा कि बाबू रामनारायण सिंह एक सच्चे देश भक्त स्वंतत्रता सेनानी थे। अपने उदबोधन में प्रमोद कुमार ने कहा बाबू रामनारायण सिंह स्पष्टवादी थे। 1956 में उन्होंने एक भाषण दिया था कि गौ रक्षा सही है जिस कारण इन्हें मथुरा जेल में बंद कर दिया गया था। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने इन्हे जेल से रिहा कराया । ये जमीन से जुड़े किसान के बेटे थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेश कु पाण्डेय ने किया । मंच संचालन कक्षा अष्टम की बहन स्नेहा सोनी ने किया । इस अवसर पर कविता सिंह प्रकाश सिन्हा सुधा राय सरस्वती कुमारी दीपक कुमार अभिषेक रंजन सविता कुमारी अभिभावक एवं भैया बहन उपस्थित थे। शांति मंत्र के साथ जयंती का समापन हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन में मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन, शाखा- हजारीबाग के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय सदस्य मिलन समारोह वनभोज का आयोजन वन विभाग विश्रामगार बरही में आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी के नेतृत्व में की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि अरविंद सिंह (प्रदेश अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि संजय कुमार सुमन (प्रदेश महासचिव) एवं प्रदेश के अन्य पदाधिकारी अनुज कुमार पांडेय( प्रदेश मिडिया प्रभारी), संतोष सोनी (प्रदेश कल्याण सचिव), शोभा कुजुर (प्रदेश महासचिव), प्रीति उपाध्याय (प्रदेश महासचिव) उपस्थित रहे। मंच का संचालन अनुज कुमार पांडेय जी ने किया एवं इस कार्यक्रम में विशिष्ट कार्यों के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिला की ओर से महादेव प्रसाद (प्रदेश विधि सचिव), मंजू सिंह (महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष), नमिता सिंह (जिला महासचिव), सूरज शांडिल (जिला उपाध्यक्ष), विभा कुमारी (महिला प्रकोष्ठ जिला सचिव), रमेश कुमार सिन्हा (जिला सचिव), दिनानाथ ठाकुर (जिला मीडिया प्रभारी), रेखा देवी (महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष), पवन कुमार चौधरी (सदर प्रेसिडेंट), पूजा कुमारी (एरिया प्रेसिडेंट), गुड़िया देवी, जूली देवी, बेबी देवी आदि उपस्थित रहे। प्रदेश स्तरीय मीटिंग में हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, रांची, जमशेदपुर, बोकारो , रामगढ़, खूंटी आदि जिलों के तमाम पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## भुरकुंडा श्रीहरि कथा योजना व्यास प्रशिक्षण के दूसरे दिन सिखायी गयी ज्ञान की बातें



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में चल रहे एकल अभियान व्यास कथाकार का तीन दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन सोमवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके तहत रामगढ़ अंचल, खूंटी अंचल व रातू अंचल के व्यास कथाकारों द्वारा मासिक अभ्यास के दूसरे दिन इसे गति देने का कार्य किया गया। श्रीहरि केंद्रीय सह योजना प्रमुख बाबूलाल गोप ने बताया कि यह अभियान शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग जब काम करके घर आते हैं तो थक जाते हैं। इसी थकान को दूर करने के लिए शराब में डूब जाते हैं। अभियान का उद्देश्य इसे रोकना है। साथ ही गांव के मंदिरो में सत्संग का अभ्यास कर शिक्षा व संस्कार देने का काम किया जा रहा है। इसके तहत युवा पीढ़ी में संस्कार का गुण भरने का काम किया जा रहा है। मंदिर उत्सव रंथ योजना, गौ ग्राम योजना भी चलाई जा रही है। व्यवस्था प्रमुख नागेश्वर महतो ने बताया कि लोग इसमें काफी रूची ले रहे हैं। यह अभियान नई पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम श्रीहरि कथा झारखंड-बिहार के प्रभाग योजना प्रमुख भामिनी भूषण मिश्र, रांची भाग व्यास प्रमुख गंगाधर महतो, संच प्रमुख शान्ति देवी, एवं तीनों अंचल के सभी संच व्यास मौजूद थें।

## पतरातू में कराटे कैंप सह बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया सह कराटे फेडरेशन ऑफ सोतोकान इंडिया के तत्वावधान में पतरातु रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय कराटे कैंप सह बेल्ट ग्रेडिंग (परीक्षा ) संपन्न हुआ। जिसमे दक्ष मोहन मिश्रा और सिद्धार्थ प्रसाद दोनो को ब्लैक बेल्ट की डिग्री प्रदान की गई। बतौर मुख्य अथिति भाजपा के सुचिता सिंह ,विशिष्ट अतिथि पतरातु थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं भादानी नगर ओ पी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल उपस्थित होकर सफल कराटे कारो को सर्टिफिकेट एवं बेल्ट देकर सम्मानित किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। एक दिवसीय मार्शल आट्र्स कराटे कैंप में रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों से 100 छात्र छात्रा कराटे कारो ने भाग लिया। जिन्हे संस्था के मुख्य प्रशिक्षक विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन एवं महिला कराटे ट्रेनर सुमित्रा ब्लैक बेल्ट 2ल्ल डॉन ने कराटेकारो को कुमिते (फाइट) , किहोन बेसिक, तथा बुनकाई एवं काता का प्रशिक्षण दिया। अंत में चयनित कराटे कारो का 4 घंटा कड़ा बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट लिया गया। जिसमे सफल कराटे कारो में ब्राउन बेल्ट प्रथम क्यू पाने वालो में शुभम पाठक, निकेत एक्का, ब्राउन बेल्ट 2ल्ल क्यू अंकन रॉय ब्राउन बेल्ट तृतीय क्यू पाने वाले में आयुष घोष शामिल हैं। वहीं ग्रीन बेल्ट पाने वालो में वंश पाठक, नमन पाठक , उमुल खैर , गुलाम अहमद रजा, करण यादव, दीपिका यादव, दिव्या कुमारी आदि शामिल हैं। ऑरेंज बेल्ट पाने वालो में नील कुमार, येलो बेल्ट पाने वालो में प्रज्ञा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, अनमोल कुमार, अंकित कुमार, तेजल विश्वकर्मा, प्रियांशु कुमार, अंजली कुमारी, यश कुमार, हिमांशी कुमारी , निहिता, भानु प्रताप सिंह, आराध्या कुमारी, अचित कुमार, अपूर्वा , अभिलेख, शिवम पांडे, सोनिया, अरहम, अभिनव यादव, रानी कुमारी, अंकित , अमरकांत उरांव ,दिव्य दर्शन आदि शामिल है। इस मौके पर दर्जनों खेल प्रेमी एवं अविभावक मौजूद रहे।

## सीसीएल की मगध कोल परियोजना में खान सप्ताह सुरक्षा दिवस का शुभारंभ



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के मगध - संघमित्रा कोलपरियोजना क्षेत्र ने खान सप्ताह सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कोल इंडिया का झंडा फहराया गया, ततपश्चात महिला एवं ट्रांसजेंड सशक्तिकरण की शपथ के साथ ही खान सुरक्षा नियमों पूर्वक पालन करने की शपथ लिया गया। उसके बाद मौजूद मुख्य अतिथियों आफताब अहमद एवं जीएम केके सिन्हा को पुष्प गुच्छा व शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुभारंभ सांस्कृतिक गान से किया गया। इस मौके पर जीएम केके सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की सेफ्टी सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुये कोयले की उत्पादन करें। साथ ही साथ मगध कोलपरियोजना को देश मे प्रथम स्थान पर लाने की बढ़ावा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मगध पीओ नृपेंद्र नाथ एवं सन्चालन एरिया सेफ्टी ऑफिसर शम्भू नाथ और अभिषेक आनन्द ने किया ।खान सप्ताह सुरक्षा दिवस का कार्यक्रम सोमवार से अगले 28 दिसम्बर तक किया जायेगा। मौके पर कुमार सौरभ उपेंद्र कुमार ऐ के दास अभिषेक गुप्ता समेत अन्य मौजूद थें।

## डीसी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आपदा प्रबंधन की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में की गयी। राज्य सरकार के निर्देश में सुखाड़ राहत योजना अन्तर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में हल्का, अंचल निरीक्षक, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी से प्राप्त आवेदन जो उपायुक्त चतरा के लॉगिन में स्वीकृति हेतु भेजी गयी है। इसे लेकर आज आपदा प्रबंधन की बैठक में सर्वसम्मती से प्राप्त सभी आवेदनों को स्वीकृति दी गयी। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, निदेशक डीआडीए अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन डॉ श्याम नंदन सिंह, नाजारत उप समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम समेत संबंधित उपस्थित थे।

## मजदूरों व विस्थापितों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा : दसई मांझी



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** खतियानी रैयत परिवार उरीमारी ने मंगलवार को एल एंड टी कम्पनी में कार्यरत मजदूरों से की मुलाकात। मजदूरों को जानकारी देते हुए कहा गया कि खतियानी रैयत परिवार द्वारा एल एंड टी कम्पनी प्रबंधन को कम्पनी में कार्यरत मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी देने, मजदूरों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था देने, उचित समय पर मजदूरी भुगतान करने की मांग को लेकर मांग पत्र दिया गया था ।जिसे लेकर एल एंड टी कम्पनी प्रबंधन ने सभी मांगों को मान लिया। जिसकी घोषणा एल एंड टी कम्पनी प्रबंधन सुनील कुमार सिंह के द्वारा मजदूरों के बीच स्वीकार कर किया गया ।एल एंड टी प्रबंधन ने मजदूरों के बीच यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या मजदूरों को हो वह आकर संपर्क करें उसका तुरंत निष्पादन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित संरक्षक दसई मांझी ने कहा कि खतियानी रैयत परिवार सदैव मजदूरों एवं विस्थापितों के हक अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत है। किसी भी मजदूर एवं विस्थापितों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। तत्पश्चात वार्ता होने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक दसई मांझी, अध्यक्ष शनिचर मांझी, सचिव कार्तिक मांझी, उपाध्यक्ष दिनेश करमाली, सुखू मांझी, रैना मांझी,खेपन मांझी, जुगल करमाली, संतोष प्रजापति, परमेश्वर सोरेन,पोटंगा पंसस किशोर बेदिया, अशोक कुमार,महाबीर मांझी,संजुल मांझी, मनोज टुडू, मंजीत मुर्मू, रामविलास मांझी, अनिल मुर्मू सहित कई लोग मौजूद थे।

# नियोजन नीति में सुधार को लेकर छात्र छात्राओं ने निकाली आक्रोश महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नियोजन नीति 2021 को झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा रद्द करने के बाद झारखंड राज्य के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लाखों बेरोजगार छात्र-छात्राएं विरोध करना शुरू कर दिया है। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी के क्रम में सोमवार को रामगढ़ जिले में सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने छात्र आक्रोश महारैली के तहत सड़क पर उतर कर रामगढ़ ब्लॉक से पैदल विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजुलिया सुभाष चौक में समापन किया, छात्र एवं छात्राओं में काफी आक्रोश देखा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, शिक्षा मंत्री मुर्दाबाद, युवा मांगे रोजगार - रोजगार के नारे लगे।




### झारखंड में नियोजन नीति पर राजनीति क्यों : गौतम

छात्र आक्रोश महारैली को संबोधित करते हुए गौतम महतो ने कहा कि दो साल में इतना बड़ा संविधान बन सकता है लेकिन झारखंड में नियोजन नीति क्यों नहीं बन पा रही हैं, चुनाव से पहले प्रत्येक वर्ष पांच-लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया और सत्ता में आने के बाद युवाओं को बस ठगने का काम रही है, झारखंड के मंत्री कहते हैं मुर्गी पालो, अंडा-बेचो,सुअर पालन करो का धंधा करने बोलते हैं, मुख्यमंत्री से उम्मीद हजार हैं लेकिन युवा मुख्यमंत्री का कार्य बेअसरदार हैं ,बाइक वाले गलती करे तो फाइन एक हजार लेकिन सरकार गलती करे तो उसको कितना फाइनहेमंत सोरेन सरकार छात्रों को मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाकर कुर्सी में बैठी है। मनोज राणा ने कहा कि 15 दिनों के अंदर नियोजन नीति नहीं बनी तो सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे, जब जब छात्र बोला है राज सिंहासन डोला है।

### ये लोग थे शामिल

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से रविन्द्र कुमार,अंशु पांडे,सुनिल कुमार, अभिषेक कुमार, मनिष कुमार, ताराशंकर, विकास कुमार, सुरज कुमार, प्रेम महतो, महेश, मनीषा कुमारी, नमिता कुमारी, जयंती, निशा, प्रियंका, नेहा, खुशबू, सपना, रानी, काजल, संजना, बबिता, भारती, रीना सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## शहर में हुए गोलीकांड में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ थाना प्रभारी सस्पेंड

**रामगढ़( बाजाद सिपाही)।** शहर के बीचो बीच ठेकेदार को मारी गई गोली मामले में लापरवाही बरतने वाले रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह को एसपी पीयूष पांडेय ने सस्पेंड कर दिया है। उनके जगह पर अभी तक किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है। मामले में एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि थाना प्रभारी श्री सिंह वरीय अधिकारियों के निदेर्शों का अवहेलना कर रहे थे। इसके अलावा गोलीकांड में जांच पड़ताल कर रहे अनुसंधानकर्ता को कोई भी सहयोग नहीं कर रहे थे। जिसके कारण उन्हें तत्काल सस्पेंड किया गया है। जल्द ही रामगढ़ थाना में नए पुलिस इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की जाएगी।

**विवादों से इंस्पेक्टर सुशील सिंह का रहा है गहरा नाता :** बताते चलें कि थाना प्रभारी रहते हुए इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह अपने कार्यों से हमेशा विवादित रहे हैं। जिसकी सूचना लगातार वरीय अधिकारी को मिल रही थी। उनका व्यवहार न तो आमजन के साथ ठीक था न ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ रहा। जिसके कारण उन्हें थाना प्रभारी के पद से हटा दिया गया है।

## डीसी ने सावित्री बाई फुले और मुख्यमंत्री राहत योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा ।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज सोमवार को उपायुक्त अबु इमरान के अध्यक्षता में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृति, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना समेत योजनाओं को लेकर अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल के साथ बैठक की गयी। जिसमें जिले में शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देश पर 17, 18 एवं 19 दिसम्बर को जिले के सभी विद्यालयों, पंचायत भवन और सीएससी केन्द्रों में विशेष कैंप का आयोजन किया गया था। इस दौरान उपायुक्त ने कैंप के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को लेकर अपर समाहर्ता के साथ बैठक किया। साथ ही उन्होने कहा कि तीन दिनों के अंदर प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। आम जन से अपील है कि अपने अपने नजदिकी केन्द्र यथा पंचायत भवन' विद्यालयों एवं सीएससी केन्द्रों में जाकर योजनाओं का लाभ ले सकते है ।

## खाटुधाम राजस्थान के विख्यात भजन गायक पप्पू शर्मा पहुंचे रजरप्पा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** खाटुधाम राजस्थान के विख्यात भजन गायक श्याम रत्न पप्पु शर्मा सोमवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने मां छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही नारियल की बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाए। मौके पर उन्होंने कहा कि रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका यहां साक्षात विराजमान है। जिसका लाभ श्रद्धालुओं को मां के आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां की मनोरम वादियां बर्बस लोगों को अपनी ओर खींचता है। यहां पूजा अर्चना करने से मन को काफी शांति मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि यहां विकास भी काफी हुआ है, थोड़ा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पूजा अर्चना के बाद वे वापस राजस्थान लौट गए। मौके पर रामकिशोर शर्मा, राजकुमार सेन, दीपक अग्रवाल, रौनक केडिया, नरेश झाझोटर, बाबू प्रताप सिंह सहित कई मौजूद थे।

### माता रानी जागरण समिति की बैठक में अहम निर्णय

## माता रानी का भव्य जागरण 11 फरवरी को घुटुवा के तारा संघ मैदान में होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** नया नगर बरकाकाना मे माता रानी जागरण समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक कमिटी के संरक्षक रंजीत राम के आवासीय कार्यालय मे आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता पुनम देवी व संचालन सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप चक्रवर्ती ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी का भव्य जागरण कराने की सहमति बनी ।जिसके उपरांत सर्वसम्मति से आगामी ग्यारह फरवरी तेईस को तारा संघ ग्राउण्ड नया नगर बरकाकाना मे माता रानी का भव्य जागरण करने का निर्णय लिया गया ।मौके पर उपस्थित संरक्षक रंजीत राम ने बताया इस बार और बेहतर ढंग से जागरण का आयोजन किया जायेगा जिसमें बुजुर्गों व महिलाओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा ।बताते चलें कि क्षेत्र की सूख शांति के लिए नया नगर बरकाकाना के युवा, महिलाओं व बुजुर्गों का दल आपसी सहमति से प्रत्येक वर्ष माता रानी का भव्य जागरण आयोजित करते आ रहे हैं जिसमें प्रसिद्ध जागरण की टोली व झाँकी निकाली जाती हैं। जागरण में आसपास के हजारों श्रद्धालु उपस्थित होते हैं जिसकी चर्चा चहुओर होती है। मौके पर वार्ड पार्षद गीता देवी, अल्का पाठक, समिति सचिव दिलीप कुमार, शंकर कालिंदी, रंजय सिंह,रेणु देवी, ललिता देवी, गीता देवी, पुनम देवी, बिजयलक्ष्मी शर्मा, सबिता देवी, कौशल्या देवी, सुरेश शर्मा, अमरनाथ कुमार, दिपक महतो, बबलु राम, दिनेश महतो, धर्मनाथ कुमार, अविनाश कुमार, दिवेश कुमार सहित समिति के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

## आजसू अल्पसंख्यक महासभा रामगढ़ जिला कमेटी का हुआ विस्तार

**गोला (आजाद सिपाही)।** आजसू अल्पसंख्यक महासभा रामगढ़ जिला का विस्तार सोमवार को जिला अध्यक्ष नुरुल्लाह अंसारी ने किया ।जिला कमेटी में अध्यक्ष के साथ छह जिला उपाध्यक्ष के अलावे तीन संगठन सचिव, जिला मीडिया प्रभारी ओर जिला प्रवक्ता बनाया गया है। जिसमें नासीम अख्तर, जिला उपाध्यक्ष, नौशद अख्तर जिला उपाध्यक्ष, सगीर अन्सारी जिला उपाध्यक्ष, शकील खान जिला उपाध्यक्ष, अख्तर खान जिला उपाध्यक्ष, जाकीर हुसैन जिला उपाध्यक्ष, तनवीर आलम जिला मिडिया प्रभारी, जाफर हुसैन जिला प्रवक्ता, प्रवेज आलम जिला संगठन सचिव, नेजाम खान जिला संगठन सचिव ओर नसीम अन्सारी (पप्पू)जिला संगठन सचिव बनाये गए है ।सभी मनोनीत पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती के लिए काम करने का निर्देश दिया है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत डीसी ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक में कई निर्देश दी। बैठक के दौरान डीसी ने जिला पशुपालन कार्यालय, जिला गव्य विकास कार्यालय एवं जिला कल्याण कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वर्तमान में योजना का लाभ लेने के लिए प्राप्त आवेदनों की भी जानकारी अधिकारियों से ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालन कार्यालय के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत कुल 1093 लाभुकों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया है। वहीं, जिला गव्य विकास पदाधिकारी ने बताया कि के कुल 156 लाभुकों ने योजना के लाभ के लिए आवेदन दिया है।

### कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने उप विकास आयुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए प्राप्त आवेदनों को लेकर विस्तार से चर्चा की एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभान्वित करने के तहत जिला कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।

## कुजू गुरुद्वारा में प्रकाशोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर, नगर कीर्तन 3 जनवरी को

**कुजू (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू में सिखों के दसवें व अंतिम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाशोत्सव को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिसके तहत आगामी 2 जनवरी से श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, 3 जनवरी को अपराह्न 2 बजे गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा के डटमामोड़ स्थित आवास से नगर कीर्तन प्रारंभ होगा। जो विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर गुरुद्वारा पहुंचेगा। नगर कीर्तन के समापन के उपरांत रात्रि 8 बजे से गुरु का लंगर आरंभ होगा। वहीं, 4 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद कीर्तन दरबार, अरदास होगी। जिसके पश्चात अपराह्न 2 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलेगा। प्रकाशोत्सव को लेकर आगामी 29 दिसंबर से प्रभातफेरी शुरू होगी, जो 2 जनवरी तक निकाली जाएगी। इधर, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह 21 से 27 दिसंबर के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर 24 दिसंबर को गुरुद्वारा में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा की देखरेख में तैयारी जोरों पर जारी है।

## 22 को मजदूर स्वयं वसूली करेंगे मजदूरी राशि

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित/प्रभावित मजदूर मोर्चा तोपा के अध्यक्ष किशोर करमाली ने सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र अंर्तगत तोपा परियोजना के लोकल रोड सेल में दंगल मजदूरों द्वारा तय मजदूरी राशि स्वंय वसूली करने के संबंध में पीओ को एक आवेदन सौपा है। दिए गए आवेदन में मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली ने कहा है कि लोकल रोड़ सेल में ट्रकों में कोयले की लदाई में तय मजदूरी राशि दंगल सरदार द्वारा डीओ धारकों से स्वंय वसूली करेंगे। मोर्चा के नेतृत्व में आगामी 22 दिसंबर को लोकल रोड सेल कांटा घर में ट्रकों में पेलोडर से कोयले लदाई के पश्चात अपनी पूरी मजदूरी राशि लेने का काम करेंगे। मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली ने पीओ से विशेष अनुरोध करते हुए मजदूरों के हित में लदाई कार्य की राशि दिलाने, व्यवस्था में सहयोग करने की बात कही।

## अंबा प्रसाद ने देवरिया पैक्स में किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र के हुरूमगढ़ा फुटबॉल ग्राउंड स्थित देवरिया पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने मौजूद किसानों को कहा कि हमारी सरकार किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य समय पर देने और किसानों को अधिक से अधिक मुनाफा देने का कार्य कर रही है। विधायक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपने धान को बिचैलियों के हाथों ओने-पौने दाम पर नहीं बेचे, सरकार द्वारा कई स्थानों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र की स्थापना की गई है। किसान निर्धारित मूल्य पर धान अधिप्राप्ति केंद्रों में अपना धान बेचे। धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन के पश्चात विधायक ने पैक्स गोदाम में धान रखने का ब्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इससे पूर्व देवरिया पैक्स अध्यक्ष राजदेव मुंडा व चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा द्वारा मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार, प्रदीप साहू, नईम अंसारी, गंगाधर कुशवाहा, बलदेव राम, चंदन प्रसाद, जीतू तुरी, अजीत सिंह, कन्हैया रजक, कार्तिक महतो, राजेश महतो, विजय सोनी, देवरिया पैक्स के कंप्यूटर ऑपरेटर सनोज कुमार सहित दर्जनों किसान मौजूद थें।

## भुरकुंडा में झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया मुख्य रूप से मौजूद थें। सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए इसमें 105 लोगों को शामिल किया गया। बैठक में संगठन का विस्तार, बूथ कमेटी बनाने, सदस्यता अभियान चलान, पंचायत कमेटी आदि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो जल, जंगल व जमीन की पार्टी है। इसे मजबूत करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि जमीन मजबुत रहेगी तो कार्यकर्ता से लेकर संगठन तक मजबुत होगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जगह दिया गया है वे पार्टी हित में कार्य करते हुए संगठन को और मजबुत बनाने का काम करें। इससे पूर्व संजीव बेदिया को झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य बनाए जाने पर बुके देकर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व संचालन सचिव उदय अग्रवाल ने किया। मौके पर हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, संजय वर्मा, मुकेश राउत, इमामुल अंसारी, प्रदीप बेदिया, बिरेंद्र यादव, मुमताज अंसारी, अलीम अंसारी, जग्गू घांसी, अनिल एक्का, दौलत सिंह, नरेश बेदिया, बिहारी बड़ाईक, नकुल सिंह, लक्ष्मी, टिंकु बेदिया, टुनटुन बेदिया, गणेश बेदिया, जेठू महतो, अमित, परम नायक, सत्यनारायण यादव, सीताराम बेदिया, आशा राम बेदिया, शौकत अंसारी, अशोक दास, बलराम बेदिया, सूरज, रामविलास बेदिया, सुखलाल मांझी, बासुदेव उरांव सहित कई लोग मौजूद थें।

## इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया सह कराटे फेडरेशन ऑफ सोतोकान इंडिया के तत्वावधान में बासल क्षेत्र के रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आट्र्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन हुआ। इसमें अतिथियों द्वारा दक्ष मोहन मिश्रा और सिद्धार्थ प्रसाद को ब्लैक बेल्ट की उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा की प्रवक्ता सुचिता सिंह, विशिष्ट अतिथि पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं भादानी नगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने सफल कराटेकारों के बीच बेल्ट और सर्टिफिकेट का वितरण करते हुए कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। सुचिता सिंह ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। सबों को नियमित रूप से कराटे का योगाभ्यास करना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। शिविर में रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों से 100 कराटेकारो ने भाग लिया। शिविर में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन एवं महिला कराटे ट्रेनर सुमित्रा ब्लैक बेल्ट द्वितीय डॉन ने कराटेकारो को कुमिते (फाइट), किहोन बेसिक, बुनकाई एवं काता का प्रशिक्षण देते हुए इसके लाभों की जानकारी दी। शिविर के अंत में चयनित कराटेकारो का चार घंटे तक बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट लिया गया। जिसमे सफल कराटेकारो में ब्राउन बेल्ट प्रथम क्यू पाने वालो में शुभम पाठक, निकेत एक्का, ब्राउन बेल्ट सेकंड क्यू में अंकन रॉय, ब्राउन बेल्ट तृतीय क्यू में में आयुष घोष, ग्रीन बेल्ट पाने वालो में वंश पाठक, नमन पाठक, उमुल खैर, गुलाम अहमद रजा, करण यादव, दीपिका यादव, दिव्या कुमारी, प्रवीण कुमार, साक्षी कुमारी, ऐश्विना शंखवार, तन्वी कुमारी, निशा कुमारी, सरगम, प्रज्ञा प्रतीक, ऑरेंज बेल्ट में नील कुमार और येलो बेल्ट पाने वालो में प्रज्ञा, आकांक्षा, अनमोल, अंकित, तेजल विश्वकर्मा, प्रियांशु, अंजली, यश, हिमांशी, सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल हैं। मौके पर ओंकार कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, रविराज सिंह, कुमार अभिनव, अंजू, सुभाष यादव, मुकेश, संजीव, अनिता, संगीता वर्मा, यशवंत, मेनका चैबे, प्रियंका, विमला देवी, कपिल, सुदर्शन प्रसाद, अजीत चैहान, शशिकांत गुप्ता आदि आदि मौजूद थें।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# कारोबारियों को राहत

जीएसटी काउंसिल ने शनिवार को हुई अपनी 48वीं बैठक में इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सहमति दे दी कि अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक की गड़बड़ियों के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। अभी तक यह सीमा एक करोड़ रुपये थी। काउंसिल ने सरकारी ऑफिसर के काम में बाधा पहुंचाने, सबूतों से छेडछाड़ करने और आवश्यक सूचनाएं मुहैया न कराने जैसे आरोपों को भी दंडनीय अपराध की श्रेणी से बाहर करने की बात कही है। ये फैसले कारोबारियों को बड़ी राहत देने वाले हैं। असल में कारोबारियों के लिए टैक्स चुकाना उतना बड़ा सिरदर्द नहीं होता, जितना कर अधिकारियों को इस बात का विश्वास दिलाना कि उन्होंने नियमानुसार टैक्स भरे हैं। अक्सर इस बात को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद होता है कि कितना टैक्स चुकाया गया है और कितना बनता है। अगर ये मतभेद आपस में नहीं सुलझते तो मामला अदालत पहुंचता है। अक्सर ऐसी स्थिति में अदालतों पर मुकदमे का बोझ तो बढ़ता ही है, कारोबारियों का भी वक्त जाया होता है। जो ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के लिहाज से ठीक नहीं होता। 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद इसी वजह से बीजेपी सरकार ने ईज ऑफ डुइंग बिजनेस पर जोर दिया और इसे लेकर राज्यों में एक स्वस्थ स्पर्धा भी शुरू हुई है। राज्य अपने यहां कारोबार के लिए सुगम स्थिति बनाकर अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। 2014 से पहले यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में टैक्स टेररिज्म बड़ा मुद्दा बन गया था। तब हुए लोकसभा चुनावों के दौरान बीजेपी का एक बड़ा वादा यह भी था कि सत्ता में आने पर वह टैक्स टेरर को समाप्त कर देगी। इस दिशा में पिछले वर्षों में प्रयास भी बीजेपी सरकार ने किये हैं। 2014 में जहां भारत ईज ऑफ डुइंग बिजनेस इंडेक्स में 142वें स्थान पर हुआ करता था, वहीं 2022 में 63वें स्थान पर आ गया। जीएसटी लाने के पीछे भी एक उद्देश्य यह भी था कि टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़े। जीएसटी सिस्टम ने बेशक कुछ चीजें आसान बनायीं लेकिन कुछ मामलों में इसने जटिलता बढ़ा भी दी। ऐसे में दो करोड़ रुपये तक के मामलों में मुकदमेबाजी से छूट की घोषणा निस्संदेह बड़ी राहत है। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध न कराने जैसे आरोपों को दंडनीय अपराध के दायरे से बाहर करना भी अच्छा कदम है। देश ने लंबे वक्त तक इंस्पेक्टर राज का दुष्परिणाम देखा है। तब बात-बात पर कारोबारियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे और अपना जायज काम करवाने के लिए भी घूस देनी पड़ती थी। वहीं, गलत इनवॉयस बनाने और फर्जी बिल दिये जाने वाले मामलों को ठीक ही इस छूट से बाहर रखा गया है, जिसकी शिकायत मिलती रही है। जीएसटी काउंसिल के हालिया फैसलों से कारोबारी सुगमता बढ़ेगी, लेकिन इस टैक्स व्यवस्था में आगे भी सुधार जारी रखने होंगे।

**जीएसटी काउंसिल की 48वीं बैठक में कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है। बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी है कि बिजनस में 2 करोड़ रुपये की गड़बड़ी होने पर केस नहीं चलेगा।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**आज भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का गौरव प्राप्त है। हमारे देश का संविधान जिसकी प्रस्तावना ही यह कहती है कि यहां के नागरिकों से धर्म, जाति अथवा सम्प्रदाय के आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। उस देश में धर्म के आधार पर अलग-अलग कानूनों का प्रावधान होना संविधान की मूल भावना के प्रति एक विरोधाभास प्रकट करता है।**

# समान नागरिक संहिता: कितना जरूरी?



मृत्युंजय शर्मा




**समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिए एक सामान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिए विवाह संबंधी, तलाक तथा गुजारा भत्ता, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करती है, यानि अलग-अलग सम्प्रदायों के लिए अलग कानून न होकर एक सामान कानून बनाया जाये जो हमारे देश के हर नागरिक चाहे वो किसी भी संप्रदाय का हो, उस पर सामान रूप से लागू हो।**

आज भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का गौरव प्राप्त है। हमारे देश का संविधान जिसकी प्रस्तावना ही यह कहती है कि यहां के नागरिकों से धर्म, जाति अथवा सम्प्रदाय के आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। उस देश में धर्म के आधार पर अलग-अलग कानूनों का प्रावधान होना संविधान की मूल भावना के प्रति एक विरोधाभास प्रकट करता है। हम भारत को धर्म निरपेक्ष राज्य तो बताते हैं लेकिन सही मायनों में क्या भारत कानूनी तौर पर धर्म निरपेक्ष है? यदि हम इसका विश्लेषण करें तो हमें यह ज्ञात होगा कि हमारे भारत में कानूनी रूप से एकरूपता नहीं है।

संसद के मौजूदा सत्र में भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीना द्वारा समान नागरिक संहिता पर प्राईवेट मेंबर बिल पेश किये जाने से ये विषय फिर से चर्चा में है। समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिए एक सामान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिए विवाह संबंधी, तलाक तथा गुजारा भत्ता, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करती है, यानि अलग-अलग सम्प्रदायों के लिए अलग कानून न होकर एक सामान कानून बनाया जाये जो हमारे देश के हर नागरिक चाहे वो किसी भी संप्रदाय का हो, उस पर सामान रूप से लागू हो।

**समान नागरिक संहिता पर हालांकि देश के राजनीतिक दल एक मत नजर नहीं आते।**

संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में परिभाषित सामान नागरिक संहिता को परिभाषित किया गया है। देश के राज्य इसे लागू करने के लिए बाध्य नहीं हैं और यह पूर्णतः उनके विवेक पर निर्भर करता है कि वो समान नागरिक संहिता लागू करना चाहते हैं या नहीं। हालांकि इसमें यह बात भी कही गयी है कि राज्यों को देश के हित में कानूनों का निर्धारण करना होगा।

आजादी के समय हमारे देश में परिस्थितियां काफी जटिल थीं। धर्म के आधार पर विभाजन झेल चुका हमारा देश इस स्थिति में नहीं था कि सबके लिए एक समान कानून लागु किया जा सके। ऐसे में हर धर्म के लिए चली आ रही प्राचीन परंपराओं के अनुसार कानून बनाये गये। हिन्दुओं के लिए हिन्दू धर्म कोड 1955 लाया गया तो मुसलमानों ने 1937 की शरियत कानून के हिसाब से अपने विवादों को हल करने का प्रयास किया। इसाई और पारसी समुदाय के लिए भी धर्म विशेष कानून बनाये गए।

समान नागरिक संहिता पर हालांकि देश के राजनीतिक दल एक मत नजर नहीं आते। भारतीय जनता पार्टी खुलकर सामान नागरिक संहिता के पक्ष में है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्रों में समान नागरिक संहिता का मुद्दा निरंतर राम मंदिर निर्माण तथा अनुच्छेद 370 के साथ सम्मिलित रहा है। इसी कड़ी में भाजपा शासित राज्यों में से मध्य प्रदेश में इसके लिए एक समिति गठित की गयी है, उत्तराखंड में इस कानून का मसौदा तैयार किया जा चुका है, गुजरात और कर्नाटक ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने के संकेत दिये हैं।

समान नागरिक संहिता की सबसे जोरदार मांग 1985 में शाह बानो के बहुचर्चित मामले में उठी। शाह बानो, मुस्लिम समुदाय की एक महिला जो तलाक होने की स्थिति में अपने भरण पोषण हेतु गुजारा भत्ता के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची, जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। इस फैसले को मुस्लिम समुदाय ने अपने पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप मानते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। राजीव गांधी की तत्कालीन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को पलटने के लिए संसद में कानून तक ले आयी। यह इस बात को इंगित करता है कि कांग्रेस पार्टी देश में एक समान कानून लागू करने के बजाय वास्तविकता में तुष्टिकरण को बढ़ावा देती रही है। शाह बानो का यह मामला न्यायपालिका और देश की सरकार के बीच हुई टकराव का एक अहम अध्याय माना जायेगा। शरियत कानून की आड़ में ही आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जैसी संस्था बनायी गयी।

पुर्तगाल के अधीन रहा गोवा 1880 से ही समान नागरिक संहिता का पालन कर रहा है। इसाई बहुल राज्य होने के बाद भी यहां बिना किसी जटिलता के तलाक, संपति बंटवारे और गोद लेने जैसे मामले निष्पादित होते हैं। यह समान नागरिक संहिता के खिलाफ उन तमाम शंकाओं और दलीलों को दूर कर रहा है कि समान नागरिक संहिता के आने से देश में वैमनस्यता उत्पन्न होगी। भारत का सुप्रीम कोर्ट कई अवसरों पर सामान नागरिक अधिनियम लागू करने को कह चुका है। बहु विवाह और हलाला जैसी कुरीतियों को दूर करने, संपति बंटवारे और उत्तराधिकारी के चयन में होने वाली विसंगतियों को दूर करने, गुजारा भत्ता जैसे विवादों को सुलझाने में समान नागरिक संहिता मील का पत्थर साबित होगा।

समान नागरिक संहिता को लेकर इस वक्त सबसे ज्यादा असमंजस की स्थिति मुस्लिम समाज में है। तथाकथित मुस्लिम धर्म गुरु और चिन्तक यह साबित करने में लगे हैं कि समान नागरिक संहिता के लागू होने से मुस्लिमों के अधिकार और उनकी स्वायत्तता प्रभावित होगी। हालांकि इसके विपरीत जहां पहले मोबाइल पर महिलाओं को तलाक दे दिया जाता था, वहां नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीन तलाक अधिनियम लागू कर मुस्लिम महिलाओं को आत्मसम्मान से जीने का हक प्रदान किया। तीन तलाक अधिनियम के कारण मुस्लिम महिलाएं आज सामाजिक रूप से सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रही हैं। उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। ठीक इसी प्रकार समान नागरिक संहिता भी देश में कानूनी प्रावधानों के आधार पर उत्पन्न होने वाली विषमता को समाप्त करेगी। देश के हर समुदाय, हर संप्रदाय को बराबर अधिकार प्रदान करेगी। शादी-विवाह, सम्पति के बंटवारे में समानता और पारदर्शिता आयेगी। मुस्लिम महिलाएं जिन्हें इस वक्त तलाक होने की स्थिति में हलाला जैसी कुप्रथाओं से गुजरना पड़ता है, उन्हें इस शर्मिंदगी भरी स्थिति से निजात मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी जब सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात करते हैं तो इसका अर्थ है समाज के सभी शोषित, वंचित समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर बिना किसी भेदभाव के एक न्यायसंगत व्यवस्था प्रणाली बनायी जाये। इसमें धर्म के आधार पर होने वाली कानूनी विषमताओं को दूर कर देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किया जाये। इसके लिए एक निष्पक्ष बहस हो, हर समुदाय की शंकाओं को दूर किया जाये और समाज के सभी वर्गों को भरोसे में लेकर समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ा जाए। देश के जिम्मेवार नागरिक होने के नाते यह हम सबों को सुनिश्चित करना होगा कि दुष्प्रचार से बचा जाए और देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**(लेखक, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्व मुख्यमंत्री ने कमलदेव गिरि की हत्या की सीबीआइ जांच कराने की मांग की

**रघुवर दास ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने बीते दिनों चक्रधरपुर में हिंदूवादी युवा नेता एवं गिरिराज सेना के संरक्षक कमल देव गिरी के हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर घटना की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने हत्या की जांच सीबीआई से कराने की अपील की। उन्होंने जघन्य हत्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीप दण्ड विधान की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में उन्होंने बताया कमलदेव गिरि, युवा हिन्दूवादी नेता, चक्रधरपुर के रहने वाले थे। वे अपने क्षेत्र में समाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यों में काफी रुचि लेते थे। चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम के सभी लोगों का जुड़ाव इनसे रहा है। श्री गिरि की क्षेत्र में लगाव एवं लोकप्रियता एक समुदाय को बर्दाश्त नहीं हो रही थी। वे लोग इन्हें अपने अवैध एवं असंवैधानिक गतिविधियों के मार्ग में रोड़ा समझते थे। इन्हें रास्ते से हटाने के लिए इनकी बीते 12 नवंबर शनिवार संध्या में बोतल बम मारकर हत्या कर दी। जब वे चक्रधरपुर में भारतीय जनता पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर वापस घर लौट रहे थे। श्री गिरि की हत्या के बाद पूरे चक्रधरपुर समेत आस-पास के जिलों में काफी आक्रोश उत्पन्न हो गया। राज्य के उभरते नेता की सरेआम हत्या से लोग काफी दुःखी है। श्री गिरि की हत्या के विरोध में 15 नवंबर को चक्रधरपुर बंद का व्यापक रूप से असर रहा। इनकी हत्या करने वालों के द्वारा चक्रधरपुर में डर



का माहौल कायम किया जा रहा है। पुलिस इनकी हत्या में शामिल अपराधियों को अब तक चिन्हित कर गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। उन्होंने बताया कमलदेव गिरि एक सामाजिक, धार्मिक युवा हिन्दूवादी नेता थे। इन्हें हत्या के 15 दिन पूर्व फोन पर अज्ञात अपराधियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसकी सूचना उन्होंने संबंधित थाने एवं एसपी डीसी को दी थी। अपने ऊपर कोई अनहोनी घटना घटित होने का संकेत देते हुए अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा मांगी थी। स्व० गिरि के इन तथ्यों को पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील होकर संज्ञान में ले लिया गया होता तो उनकी हत्या नहीं होती।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वर्तमान हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए लिखा स्व० गिरि के हत्यारे की अभी तक पहचान कर गिरफ्तारी नहीं होना राज्य की सत्तारूढ़ हेमन्त सोरेन सरकार द्वारा संरक्षण एवं मिलीभगत परिलक्षित होती है। श्री गिरि की हत्या की जितनी भी भर्त्सना की जाए कम है। वर्तमान सत्तारूढ़ दल राज्य के सामाजिक कार्यकताओं / हिन्दूवादी नेताओं की चुन-चुन कर हत्या कराने पर आमादा हो गई है। श्री गिरि की हत्या में भाड़े के दुर्दांत अपराधियों का सहयोग लेने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस ऐसी घटनाओं के मामले में मूकदर्शक बन बैठी है।उन्होंने लिखा तीन वर्ष पूर्व पिछली भाजपा सरकार द्वारा राज्य एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में राज्य के सभी जिलों में लगभग 1000 दुर्दांत अपराधियों व नक्सलियों पर सीसीए / एनएसए लगाकर राज्य की जेलों में बंद किया गया था। अपराधियों की स्पीडी ट्रायल के माध्यम से न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध वादों की सुनवाई कर कानून एवं विधि व्यवस्था को काफी नियंत्रित किया गया था। इस व्यवस्था से राज्य में अपराध का ग्राफ काफी कम हो गया था। उक्त अवधि में सीसीए, एनएसए के नाम से अपराधियों में भय उत्पन्न हो गया।

श्री दास ने हिंदूवादी युवा नेता कमलदेव गिरि की निर्मम हत्या को राजनीतिक हत्या बताते हुए लिखा इसमें संलिप्त व्यक्तियों की पहचान केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा कराने की आवश्यकता है। ताकि इस हत्या को अंजाम देनेवाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की फिटनेस टीम जय हो ने मनाया वार्षिकोत्सव

**भोजन के साथ नृत्य-गान का भी सदस्यों ने उठाया आनंद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की फिटनेस टीम जय हो ने आदित्यपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। मौके पर अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह, जिला संयोजक राजीव रंजन, मनोज ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कमल शुक्ला ने हिस्सा लिया। सभी अतिथियों ने बारी-बारी इस टीम की विशेषताओं का व्याख्यान किए। साथ ही डॉक्टर ताहिर हुसैन दिलीप सिंह राजीव रंजन अरविंद कुमार डॉक्टर ओपी पांडे, एमपी शर्मा आदि सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए। मौके पर



अपने वॉलिंटियर सदस्यों के साथ पूरे वर्ष में हुई गतिविधियों की चर्चा की गई। इस अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सप्ताहिक अभ्यास के माध्यम से हर उम्र के सदस्यों को उनके उम्र के हिसाब से कसरत और योगा करने की अपील की गई। स्वस्थ रहने के लिए योग एक दिन नहीं बल्कि खाने-पीने और सोने की तरह योगाभ्यास जरूरी है। इससे निरोग रहते हुए अपने परिवार के साथ साथ समाज एवं अपने प्रतिष्ठान का भी ख्याल रख सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जय हो के संयोजक हरेंदु शर्मा व विषय प्रवेश रमाकांत शुक्ला ने किया। सुरुचि भोजन के साथ नृत्य-गान का भी आनंद सदस्यों ने उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सच्चीकांत मिश्रा, अशोक श्रीवास्तव, हंसराज सिंह, शिव शंकर चक्रवर्ती, एसके सिन्हा, अनूज सिंह, पंकज सिंह, अनिल शर्मा, अर्जुन ठाकुर, रविशंकर सिंह, मिथिलेश सिंह, रंजीत सिंह, सतीश चंद्र महतो आदि शामिल थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर कमल शुक्ला ने किया।

# बिरसानगर व गोविंदपुर में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, आठ गिरफ्तार

**गैंग का फरार मुख्य सरगना की तलाश जारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर व गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सोमवार को पुलिस ने घटना में शामिल गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाले आरोपियों में जोन नंबर 3 निवासी सोनू लोहरा उर्फ भोला, जोन नंबर 8 निवासी शशांक शेखर उर्फ शिवम सिंह, जोन नंबर 3 निवासी चंदन पात्रो, जोन नंबर 8 निवासी रोहित सिंह उर्फ गबरू, आकाश दास, श्याम पोद्दार उर्फ राहुल, करण कुमार और बारीडीह निवासी अमन मंडल



शामिल है।

इस मामले में गैंग का मुख्य सरगना फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए एएसपी सिटी शुभांशु जैन ने बताया इलाके में लगातार घरों में चोरी की मामले में शिकायत मिल रही थी। 24 नवंबर से लेकर 14 दिसंबर के बीच कई मामले की सूचना पुलिस को मिली थी। हालांकि इनमें से मात्र चार मामले ही दर्ज किए गए। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की। आरोपियों की निशानदेही पर अरविंद कुमार के घर से चोरी की एक बाइक और स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ में जानकारी मिली कि चोरी के नगद और गहनों से सभी ब्राउन शुगर खरीदने और नशे करने में इस्तेमाल करते थे। लेकिन इन्हें यह जानकारी नहीं है ब्राउन शुगर कौन बेचता है। इनमें मुख्य सरगना अभी भी फरार चल रहा है। आरोपियों द्वारा बंद घरों में रेकी कर निशाना बनाया जाता था। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में बिरसानगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार, गोविंदपुर थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल, सिदगोड़ा थाना के एसआई नितेश कुमार, एसआई अभय कुमार सिंह, एसआई दीपक कुमार दास सहित अन्य पुलिस वल शामिल रहे।

# झामुमो ने जरूरतमंद भूमिज बुजुर्ग के श्राद्ध कर्म के लिए दिया सहयोग

**भविष्य में किसी तरह की जरूरत हो तो झामुमो सदैव आपके साथ है : महाबीर मुर्मू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड अंतर्गत भादुआ पंचायत के युक्तिडीह गांव में सुरजू सिंह भूमिज के 108 वर्षीय माता नमो सिंह का देहांत हो गया। गरीबी के कारण श्राद्ध कर्म में दिक्कत आ रही थी। इसकी सूचना गांव के समाजसेवी युवा साथी चिन्मय सिंह के द्वारा झामुमो नेता महाबीर मुर्मू को दी गई। उन्होंने तत्काल संज्ञान में लेते हुए



सोमवार को शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान श्राद्ध कर्म के लिए सुखा राशन उपलब्ध कराया।

मौके पर झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने कहा भविष्य में भी किसी प्रकार का सहयोग की जरूरत हो तो झारखंड मुक्ति मोर्चा सदैव आप लोगों के साथ हैं।

इस अवसर पर बाबूलाल मुर्मू,चिन्मय सिंह, दसमत मुर्मू, मार्शल मुर्मू, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, करन कालिंदी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुर्घटना : रंका थाना क्षेत्र से 25 से 30 मजदूरों को ला रहा पिकअप वैन अनराज घाटी के समीप पलटा

# महिलाओं सहित दो दर्जन मजदूर घायल

### कोसों मील की दूरी तय कर रोजगार के लिए रोज शहर आते हैं मजदूर

**सोनु कुमार गुप्ता**

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मार्ग एनएच 343 पर सोमवार की अहले सुबह जब मजदूर कोसों दूर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय में रोजगार की तलाश मे शहर आ रहे थे। तभी अनराज घाटी के समीप अनियंत्रित होकर पिकअप वैन पलटने से उसमें सवार महिला सहित दर्जनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना जैसे ही लोगों को मिली लोग भागे भागे घटनास्थल पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। प्रशासन भी घटनास्थल पहुंच सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का इलाज के दौरान गंभीर स्थिति को देखते हुए चार मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया, जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी मजदूर शिवबरन सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह आज भी उसी पिकअप वैन से अपने रंका थाना क्षेत्र के सिकट्ट, सोंदाग गांव से 25 से 30 मजदूर सवार होकर गढ़वा जिला शहर में मजदूरी करने आ रहे थे। तभी गुलेरिया ढोढा व अनराज घाटी के बीच पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें लगभग 26 मजदूर घायल हो गये।

घायलों में रंका थाना क्षेत्र के चकरी गांव निवासी महेंद्र राम की 20 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी, नामधारी सिंह की पत्नी अस्तुरा देवी, सिखट्ट गांव के बैजू राम की 19 वर्षीय पुत्री रेखा कुमारी, शांति देवी, वीरेंद्र सिंह की 30 वर्षीय पत्नी शीला देवी, रीना देवी, हीरामन सिंह के 28 वर्षीय पुत्र मुन्नी सिंह, कमलेश राम, अर्जुन कुमार रवि, शिव बरन सिंह, नंदू राम, सरवन यादव, रमेश सिंह, शंकर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र यशवंत सिंह, स्व. प्रेम सिंह के 35 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र सिंह, दशरथ राम के 30 वर्षीय पुत्र बबलू रवि आदि के नाम शामिल हैं। सभी मजदूर सोंदाग, सिखट्ट के निवासी हैं।

मौके पर सोंदाग पंचायत की पूर्व मुखिया मालती देवी ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि सरकार इन्हें गांव में ही काम उपलब्ध कराती तो यह बाहर रोजगार खोजने क्यों जाते। आज जो घटना घटी उसमें जो मजदूर घायल हुए हैं और अब वह कुछ रोज तक काम नहीं कर पाएंगे, जिसका नतीजा होगा उनके घर का चूल्हा नहीं जलेगा।

**मजदूरों को रोजगार नहीं मिलना घटना का मुख्य कारण :** वहीं सदर अस्पताल पहुंचे पूर्व मंत्री गिरिराज सिंह ने घटना के कारण मजदूरों को रोजगार नहीं मिलना बताया और साथ ही कहा कि सरकार केवल सदर अस्पताल का करोड़ों का भवन बना दी है, लेकिन यहां पर इलाज की कोई भी सुविधा नहीं है। अगर बाहर ही जाकर जांच कराना पड़े तो यहां आकर इलाज क्यों कराना।



### घायलों का समुचित इलाज हो रहा है : एसडीओ

उधर सदर एसडीओ राज महेश्वरम द्वारा घायलों को कंबल दिया गया और उन्हें कहा गया कि यहां आपका समुचित इलाज हो रहा है। आप के हालात पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। यदि डॉक्टर बेहतर इलाज हेतु बाहर ले जाने की बात कहेंगे तो आपको बेहतर सुविधा के साथ रांची स्थित रिम्स भेजकर इलाज कराया जाएगा।

### भाजपा नेताओं ने सदर अस्पताल में घायल मजदूरों का हाल जाना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। दुर्घटना की सूचना पर सदर अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी सदर अस्पताल पहुंचे एवं मरीजों का हाल जाना। दुर्घटना में 26 लोग जख्मी हो गए और बाकी लोगों की हालत बहुत गंभीर है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा अलखनाथ पांडे, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंदन जयसवाल, रिंकू दुबे सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता सदर अस्पताल गढ़वा में जाकर पीड़ितों से मिले एवं उनके बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन से बात कर पीड़ितों को आगे कोई समस्या होने पर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि अगर राज्य सरकार पूरा ध्यान दे तो रंका जैसे प्रखंड में पूर्ण रोजगार की व्यवस्था की जा सकती है। लेकिन सरकार को अपना चेहरा चमकाना और लोगों को बरगलाना इन सब कामों से सरकार को फुर्सत नहीं मिल रही है। लगातार जो लोग उतनी दूर से मजदूरी खोजने गढ़वा आते हैं। अगर सरकार चाहे तो उनके लिए वहीं रोजगार की व्यवस्था हो सकती है, जो कि काफी दुखद है। ऐसे लोगों को जो कि संगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग हैं राज्य सरकार को चाहिए कि उनके लिए सामूहिक बीमा की व्यवस्था हो, जिससे कि उनकी किसी भी घटना के बाद इलाज करने में आसानी हो।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दुर्घटना में घायलों से मिले पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, सहयोग का दिया भरोसा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी सदर अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना में घायल मजदूरों से मिलकर हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने सदर अस्पताल के चिकित्सकों से घायलों को बेहतर इलाज करने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए सभी लोग बेहद ही गरीब परिवार से हैं। घटना में सभी घायल प्रत्येक दिन कमाकर खाने वालों में से हैं। ऐसे में इनके परिवार के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने सभी घायल परिवारों के घर अपनी ओर से एक-एक क्विंटल चावल उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। साथ ही सरकार स्तर पर उचित मुआवजा की मांग की। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना राज्य सरकार का पोल खोलने वाली है। एक तरफ राज्य सरकार गांव स्तर पर योजना चलाने का ढोल पीटती है। जबकि गांव के मजदूरों को प्रत्येक दिन रोजगार की तालाश में गढ़वा आना पड़ता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी विकास का ढिढोंरा पीटते हैं। जब सभी गांव में विकास की गंगा बह रही है, तो आखिर मजदूरों को किस परिस्थिति में रोजगार की तलाश में जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अन्नराज घाटी के पास मौजूद टेढ़ी सड़क को सीधा करने के लिए 15 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध करा दी है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि की सह पर कुछ असमाजिक तत्व संवेदक को काम नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सड़क सीधा हो जाता तो सड़क दुर्घटना नहीं होती। पूर्व विधायक के साथ मनोज ठाकुर, शंकर सिंह विवेकानंद तिवारी, मंगलमूर्ति तिवारी, अंकित तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दुर्घटना में घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाने में झामुमो कार्यकर्ताओं ने की मदद



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के विभिन्न गांवों से रोजगार की तलाश में सोमवार को सुबह में गढ़वा की ओर जा रहे दुर्घटनाग्रस्त घायलों को गढ़वा अस्पताल पहुंचाने में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मदद की। बताते चलें कि मजदूरों से भरा पिकप गाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर बानुटिकर के पास पलट गया था जिसकी सूचना मिलने के साथ ही झामुमो के रंका प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सचिव पप्पू यादव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ताओं ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। इस क्रम में युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने तत्काल पेट्रोलिंग टीम तथा गढ़वा विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू को सूचना देकर एंबुलेंस मंगाकर घायल मजदूरों को गढ़वा सदर अस्पताल में भेजने का काम किया जहां पर डाक्टरों के द्वारा इलाज जारी है।

### जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के वार्षिक कांफ्रेंस में विभिन्न ग्रुपों को किया गया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक कांफ्रेंस निरवाना रेड होटल डालटनगंज में संपन्न हुआ। कॉन्फ्रेंस में फेडरेशन 8 के सभी ग्रुप के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन कांफ्रेंस में साल भर किये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं उसके आधार पर विभिन्न ग्रुप को अवार्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा को तीन अवार्ड प्राप्त हुए, जिसमें जायन्ट्स सेवा सप्ताह के लिए किए गए कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ सेवा सप्ताह सर्विस एवार्ड जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के प्रशासनिक निदेशक को, पूरे फेडरेशन में सर्वश्रेष्ठ प्रशासनिक निदेशक का पुरस्कार मोजीबुद्दीन खां को तथा जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष ध्रुव केसरी को फेडरेशन प्रेसीडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में अलखनाथ पांडे ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेंट्रल कमेटी सदस्य सर्वश्री विनोद कपूर एवं अजय कांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ हरे श्याम, विजय केसरी, विनोद कमलापुरी एवं दीपक शर्मा के साथ यूनिट 1 के डायरेक्टर एमपी दुबे यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी सर्वश्री नंदकुमार गुप्ता, सतीश जोरिहार, मनोज केशरी हिन्दुस्तान सेनेटरी, डॉ आशीष गुप्ता होस्ट ग्रुप डालटनगंज के अध्यक्ष मंजीत प्रकाश, कमलेश गुप्ता, दीपक तिवारी, अशोक केशरी, रविन्द्र जायसवाल, अशोक विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, डॉ वीरेन्द्र कुमार, चंदन चंद्रवंशी, सुनील अग्रवाल सहित सभी ग्रुप के अध्यक्ष प्रशाशनिक निदेशक सहित लगभग एक सौ की संख्या सदस्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने जंगल व पेड़ के नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले मुसहरों का हाल जाना

### जिप सदस्य व मुखिया के साथ बीडीओ ने मूसहर समुदाय के लोगों के बीच निजी तौर पर किया कंबल वितरित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धुरकी।** धुरकी मे जंगल व पेड़ के नीचे अपना जीवन गुजर-बसर करने वाले मूसहरों का हाल जानने बीडीओ अरूण कुमार सिंह सोमवार को पहुंचे। वहीं जिप सदस्य सुनीता कुमारी मुखिया महबूब अंसारी भी बीडीओ के साथ मुसहर समुदाय के लोगों से मिलने के बाद बीडीओ ने मूसहर समुदाय के महिला और पुरूषों के बीच निजी तौर पर कंबल भी वितरित किया।

आपको बता दें कि 'धुरकी मूसहर वर्ग के महिला पुरूषों को नहीं मिला है कंबल राशन' शीर्षक से खबर छपने के बाद बीडीओ अरूण कुमार सिंह स्वयं निजी खर्चे से उक्त सभी मूसहर समुदाय के महिला-पुरूषों के बीच कंबल वितरण किया है। इस दौरान बीडीओ ने पूछा कि आप सबका आधार कार्ड बना है तो मूसहर जाति के लोगों ने कहा कि बना है। वहीं बीडीओ ने उक्त लोगों से कहा कि आप सब दिखने में स्वस्थ हैं तो मेहनत मजदूरी करके क्यूं नहीं अपना जीविकोपार्जन करते हैं।

वहीं बीडीओ ने कहा कि सरकार चाहती है कि आपलोग भीख मांगने की परंपरा को छोड़कर समाज में सामान्य लोगों की दिनचर्या की तरह आप सब भी अपने छोटे-छोटे बाल बच्चों को स्कुल में पढ़ाई के लिए भेजें। वहीं उक्त लोगों ने बीडीओ को बताया कि वे लोग इसी तरह एक गांव से दूसरे गांव में पेड़ के नीचे खुले आसमान के नीचे रहते हैं। बीडीओ ने पूछा कि आप सबको मनरेगा में जॉबकार्ड बनवाकर रोजगार और मजदूरी का काम भी उपलब्ध कराया जाएगा। बीडीओ ने सभी मूसहर वर्ग के लोगों को आग्रहपूर्वक समझाते हुए कहा कि सरकार का निर्देश है कि भीख मांगने की परंपरा को छोड़कर मेहनत मजदूरी और रोजगार से जुड़कर अपना और अपने बाल बच्चों की आने वाली पीढ़ी को संवारे। उन्होंने कहा कि समाज में आम लोगों की तरह रहने के लिए सभी तरह की सरकारी मूलभूत बुनियादी सुविधाएं आप सबको प्रदान की जाएंगी।

### स्कूली छात्र-छात्राओं की पोशाकों की सिलाई अब सखी मंडल की महिलाएं करेंगी : डीडीसी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में स्कूली छात्र-छात्राओं के पोशाक को सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्माण कराने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। डीडीएम नाबार्ड, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि स्कूली बच्चों के लिए पोशाक की सिलाई अब स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सखी मंडल की दीदियों द्वारा की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य सखी मंडल की दीदियों की आजीविका में वृद्धि एवं उन्नयन करना है, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके।

### तेंदुआ ने एक और बच्चे को बनाया शिकार



**रंका (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के सेवाडीह गांव के खरवार टोला निवासी जगदेव सिंह की द्वितीय पुत्री सीता कुमारी 6 वर्ष को तेंदुआ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि लड़की संध्या 6 बजे के लगभग घर से कुछ ही दूरी पर शौच करने गई थी। शौच करने के दौरान तेंदुए ने लड़की को अपने जबड़े में जकड़ लिया और घायल कर उसे जंगल की ओर भागने लगा। बच्ची की चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग लाठी-डंडा, भाला-गड़ासा लेकर दौड़े। शोरगुल सुनकर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। इस खबर को सुनकर वन विभाग के अधिकारी रामाशंकर गुप्ता वगैरह घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## गव्य विकास विभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

### प्रशिक्षण में विभिन्न गांवों की 445 महिलाएं हुई शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरडीहा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगा पंचायत भवन में जिला गव्य विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के गांव बरडीहा, सलगा, कुंदरहे, जिका, लालगढा, कौआखोह, लेभरी, इनके साथ विभिन्न गांव से आये 445 महिलाएं उपस्थित रहीं। डॉ अमित कुमार अमित ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि गाय जरूर पाल रखे होंगे, उत्पादन के लिए स्वच्छ और आरामदायक आवास व्यवस्था प्रदान करना महत्वपूर्ण है। दुधारू पशु को पशु गृह प्रदान करके उन्हें तीव्र सर्दी, गर्मी, झूलसने वाली सूर्य की सीधी किरण और हवाओं से बचाना चाहिए। रोगी पशु एवं स्वच्छ पशुओं की पहचान- गुन सामान्य प्रकृति, स्वास्थ्य पशु- चौगुना जीवंत, रोगी-पशु सुस्त। अत्यंत महत्वपूर्ण है, बीमारियों के कारण पशुपालकों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कृत्रिम गभार्धान द्वारा बेहतर शब्दों का प्रयोग बहुत बड़ी संख्या में मादा पशु के प्रजनन के लिए किया जा सकता है, क्योंकि एक उच्च गुणवत्ता वाले वीर्य से हजारों मादा पशु का गरबा धन किया जा सकता है। मौके पर 245 आवेदन महिलाओं ने जमा किये। मौके पर डॉ अमित कुमार एआई वर्कर अनुनय कुमार पांडे, प्रमोद कुमार तिवारी, राम पवन यादव, सुशील कुमार यादव इनके साथ उपस्थित थे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खरडीहा पंचायत अंतर्गत शेरासाम गांव निवासी अंतु सिंह की पत्नी सुमन देवी 21 वर्ष ने अपराह्न में घर के धरन में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल पर सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार को जांच पड़ताल के लिए भेजा गया है। घटनास्थल पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार ने बताया कि महिला ने घर के धरन में रस्सी से फांसी लगा ली है। शव को रंका पुलिस ने अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर परिवारजनों से आत्महत्या के कारणों का तहकीकात रंका थाना पुलिस कर रही है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष ही मृतका की शादी हुई थी। मृतका का मैके चैनपुर थाना क्षेत्र का कुरसो गांव में बताया जाता है।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल थाना क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत बस कटिया गांव में प्रदीप कुमार की 18 वर्षीय पत्नी रीता कुमारी का कुएं में गिरने से मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के पति ने बताया कि उनकी पत्नी कपड़ा साफ करने कुआं पर गई थी, जो रस्सी और बाल्टी से पानी खींचते समय कुएं में गिर गई। जिसे उठाकर आनन-फानन में रंका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके संबंध में बताया कि गीता कुमारी को बिना शादी के ही प्रदीप कुमार काफी दिनों से अपने घर में रखा हुआ था। जिसके एक दो वर्ष का बच्चा भी है। रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है।

## कार्यक्रम : सुशासन सप्ताह के तहत लोलकी गांव में बीडीओ ने शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

# योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का दिया आश्वासन

### शिक्षा से वंचित आधा दर्जन से अधिक बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूल में नामांकन कराया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र लोलकी गांव में सुशासन सप्ताह के तहत जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर बीडीओ सत्यम कुमार ने अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ कपूरी चौपाल में एक दिवसीय शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उसका निदान करने का भरोसा दिलाया।

शिविर में ग्रामीणों के बीच केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा उससे लाभ लेने की बात कही गई। उक्त शिविर में राशन, सभी प्रकार के पेंशन, आधार कार्ड, स्कूल एवं आंगनबाड़ी में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया तथा करीब शिक्षा से वंचित आधा दर्जन से अधिक बच्चों आंगनबाड़ी एवं स्कूल में नामांकन कराया गया।

उन्होंने बताया कि इस शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना है तथा कुछ-कुछ समस्याओं का निदान भी किया गया है बताया कि करीब आधा दर्जन से अधिक शिक्षा से वंचित बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूल में नामांकन कराया गया है तथा 37 से अधिक लोगों का आधार कार्ड बनवाने के लिए फॉर्म भर कर जमा कराया गया है जहां तत्काल आधार केंद्र वालों को भेजकर आधार कार्ड सभी को बनवा दिया जाएगा। शिविर में शिविर में जो भी मामला आए हैं उसका त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। शिविर में मुखिया कलावती देवी प्रखंड सहायक रवि रंजन कुमार पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह रोजगार सेवक कमलेश कुमार मनोरंजन राम मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में पीटीजी समुदाय के ग्रामीण मौजूद थे।

उधर उल्लेखनीय है कि गत दिनों से डीसी के निर्देश पर बीडीओ सत्यम कुमार लगातार प्रखंड के सगमा एवं पुतूर गांव में रह रहे मुसहर परिवारों के बीच जाकर उनको समस्याओं को सुना तथा निदान करने का भरोसा दिया साथ ही शिक्षा से वंचित मुसहर समुदाय के दोनों गांव में रह रहे मूसहर परिवार के 15 बच्चों को स्कूल कराया। नामांकन कराने के बाद बच्चों को स्कूल ड्रेस किताब कॉपी आदि उपलब्ध कराया गया साथ ही छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराया

### 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर योजना का शुभारंभ किया गया है : बीडीओ

बीडीओ सत्यम कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर योजना का शुभारंभ किया गया है। प्रशासन गांव घर तक पहुंच कर समस्याओं को सुन रही है तथा इसका निदान कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रखंड क्षेत्र के लोलकी गांव पीटीजी बाहुल्य गांव है, इस गांव को सर्वे में सिलेक्ट कर सरकारी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार के द्वारा मिलने वाली विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं को यहां पर उपलब्ध कराया जाएगा।

**समाहरणालय, गुमला**
**(उत्पाद शाखा)**

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन ) नियमावली 2022 " के कंडिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक–1419 (अनु0), दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में गुमला जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (बड़ा/छोटा) के बिक्री निष्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है । जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गुमला में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक 20.12.2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गुमला में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | 29.12.2022, अप0 4:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 30.12.2022 अप0 12:30 बजे |
| 4 | मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल | अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, गुमला |

**(नोटः–निविदा आवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में ईच्छुक आवेदक प्रत्येक सप्ताह के दिन शुक्रवार को कार्यालय अवधि में निविदा आवेदन सर्मपित कर सकते है। अगले कार्यदिवस में निविदा निश्पादन प्रकिया पूर्ण की जाएगी।)**

उक्त नियमावली/निर्देश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, प्रात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गुमला में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**अधीक्षक उत्पाद,**
**गुमला**

**PR 285408 Excise(22-23)#D**

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
08

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अंतर्गत बरही जामुन डीपा से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू का दोहन कोयल नदी एवं छोटी नदियों से बड़े पैमाने पर जारी है। जिसको लेकर लगातार क्षेत्र में पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए महेंद्रा ट्रैक्टर जप्त कर थाना लाया और अग्रतर कारवाई हेतु सहायक खनन पदाधिकारी को सूचना दिया साथ ही रजिस्ट्रेशन नंबर गाड़ी में अंकित नहीं होने के कारण परिवहन विभाग को भी कारवाई हेतु सूचना दिया गया।

## आजाद सिपाही का दिखा असर, मौके पर पहुंचे एमो, सुनी समस्याएं

# एमो के नेतृत्व में कार्डधारियों को कराया गया राशन का वितरण

**ग्रामिणों की समस्या को सुनते हुए श्रीप्रकाश ने कहा कि जिन कार्ड धारियों का राशन कार्ड से नाम कट गया है**

राहुल पांडेय

**लातेहार।** हेंज प्रखंड के तासू पंचायत के समीप जानी ग्राम के उराव टोला के डीलर सुंदरदेव गंझु के ऊपर ग्रामीणों ने अंगूठा लगाकर राशन गबन करने का आरोप लगाया गया था। जीसको आजाद सिपाही के द्वारा खबर को गंभीरता से लेते हुए खबर प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को एमो सूर्य प्रकाश मौके पर पहुंचे और कार्ड का जांच किया इस दौरान पाया गया कि बहुत से ऐसे लोग है जिनका राशन कार्ड से नाम हट जाने के कारण राशन से वंचित थे। वही कार्ड धारियों ने भी डीलर के प्रति सह समय पर राशन नही देने और राशन कटौती करने की बात कही। ग्रामिणों की समस्या को सुनते हुए श्रीप्रकाश ने कहा कि जिन कार्ड धारियों का राशन कार्ड से नाम कट गया है वे अपना आधार कार्ड पासबुक लाकर मुझे दे जिसके बाद ग्रामीणों ने आधर कार्ड और पासबुक श्री प्रकाश को दिया। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया की बहुत जल्द ही आप लोगों का नाम राशन कार्ड से जोड़ दिया जायेगा।



साथ ही डीलर को फटकार लगाते देते हुए सही राशन देने की बात कही। मौके पर मौजुद कार्ड धारियों के बिच राशन का वितरण कराया।

## गरीब और असहायों के बीच कंबल का वितरण



**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड के विराजपुर और जामुनटोली में सोमवार को गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। गांव के वृद्धजन सुको उराइन, सुखमनिया उराइन, गंदु उरांव, दशो उरांव, जतरू उरांव, नारायण उरांव, तुरका उरांव, जौनी उरांव सहित 20 असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कर रहे बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जो भी किसान सुखाड़ राहत योजना में नही कराएं हैं रजिस्ट्रेशन वह जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करा लें प्रज्ञा केंद्र में जाकर जिससे हर किसान को 3500 सौ रुपया सरकार देगी प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है। वृद्धजनों को ठंड में अनावश्यक बाहर नहीं निकलने, गर्म पानी पीने सहित अन्य बातों को बताया गया। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप काफी अधिक है। शाम में अलाव का सहारा लें। मौके पर वृद्धजनों के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सेन्हा में चला वाहन जांच अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप लोहारगा गुमला मुख्य पथ पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान थाना प्रभारी के नेतृत्व में सआनि राजेश शर्मा के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट लगा कर चलने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का जांच किया गया। साथ ही वाहन जांच दौरान 34 बाइक एवं 32 चार पहिया वाहन का कागजात का जांच बारीकी से किया गया। जांच के उपरांत थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गतिविधि एवं आपत्तिजनक सामान पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही बाइक पर ट्रिपल चलने वालों को चेतवनी भी दिया गया।

# उपायुक्त ने अधिकारियों संग की विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक

**जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा को लाभुकों का यूनियन बैंक में खोले गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्य सचिव, झारखंड के साथ होनेवाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को लेकर उपायुक्त द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गयी। बैठक में सुखाड़ राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और छात्रवृति योजना की समीक्षा की गयी। जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा को लाभुकों का यूनियन बैंक में खोले गए खाता के आलोक में भुगतान सुनिश्चित कराते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा को सावित्री बाई फुले योजना के लंबित सभी आवेदनों की प्रविष्ट सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आईएनओ स्तर पर प्रविष्ट हेतु लंबित आवेदनों की प्रविष्ट आज ही सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। सुखाड़ राहत योजना में लाभुकों के सत्यापित आवेदन को प्रखंड कृषि पदाधिकारी के लॉग इन में सत्यापन हेतु अविलंब अग्रसारित किये जाने का निदेश अंचल अधिकारियों को दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।




## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बालूमाथ।** भगवान ही असहायों का असली मददगार है। दिनोंदिन बढ़ रही ठिठुरन से जान बचाने को सुविधा सम्पन्न लोग गर्म ऊनी कपड़ों में पैबस्त नजर आते हैं। वहीं गरीबो की चुनौतीभरी जिंदगी उन्हें कंबल वितरण की प्रेरणा देती है। इनकी सेवा से बड़ा कोई पुण्य और धर्म नहीं। उक्त बाते बालूमाथ सीओ अफताब आलम ने दैनिक आजाद सिपाही से कहा है। बालूमाथ सीओ आफताब आलम के द्वारा बढ़ते ढंड के मद्देनजर एका एक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर इलाज करा रहे लोगों का हाल-चाल जाना के बाद कपकपाती ठंढं से बचाव के लिए अपने साथ लाए दर्जनों कंबल गरीबों के बीज वितरण किया। कंबल वितरण मे चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुरेश राम समेत कई चिकित्साकर्मी मौजूद थे। कंबल मिलने से इलाज कराने आए लोग काफी खुश नजर आरहे थे। और सीएचसी में इलाजरत लोगो ने सीओ को दिल से दुआएं दी। सीओ अफताब आलम ने यह भी कहा की ढंड को देखते हुए गरीबों के बीज समय-समय पर और भी कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरण किया जायेगा।

## आइएएस अधिकारी समीरा एस ने लिया 30वें उप विकास आयुक्त का प्रभार



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के 30वें उपविकास आयुक्त के रूप में आईएएस अधिकारी समीरा एस ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे मेदिनीनगर नगर निगम में नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थी। उन्होंने विकास भवन स्थित उपविकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। समीरा एस भाप्रसे (2018) बैच की तेज तर्रार आइएएस अधिकारी है। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने निर्वतमान डीडीसी के द्वारा जिले में किये गये विकास के कार्यों को आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि वे जिले का चहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुविधाएं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जिले में जारी विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जायेगी। जिला परिषद के कार्य में किसी भी तरह से रुकावट नहीं आए इसके लिए जिला परिषद के कर्मियों के साथ बैठक कर चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा। जो योजना अधूरी पड़ी है उसे पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी। इधर नये उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीआरडीए के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी से कहा कि जिले के विकास कार्यों में सहयोग की अपेक्षा उन्हें मिलेगी।

## खेलकूद समारोह की व्यवस्था में सहयोग करने वाले भैया-बहन सम्मानित



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 33वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह में विद्यालय के भैया-बहनों ने समय देकर व्यवस्था में काफी सहयोग किया। नेतृत्व क्षमता की दृष्टि से इस कार्य के द्वारा उनमें एक व्यवस्था संबंधी सक्रियता की भावना का विकास हुआ। भैया-बहनों के इस सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा इन भैया-बहनों को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार प्रदान करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि जिन भैया-बहनों ने खेलकूद समारोह की व्यवस्था के स्वागत विभाग, सुरक्षा विभाग, भोजन विभाग आदि अनेक जगहों पर अपनी शारीरिक उपस्थिति देकर दिन रात लगे रहते हुए, व्यवस्था में जो सहयोग किया है इसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। इस कार्य से भविष्य में उनके जीवन में नेतृत्व क्षमता एवं व्यवस्था कुशलता का विकास होगा, जो शिक्षा का एक आवश्यक अंग है। सभी भैया-बहन प्रेरणा ग्रहण करें और अपने जीवन में कौशल विकास को अवश्य शामिल करें। इससे उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख राजीव कुमार सिंह, गोरख पांडेय, जया मिश्रा सहित सभी आचार्य-आचार्या एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

## खड़ी बोलेरो का शीशा तोड़ा



लातेहार। स्टेशन निवासी यशोदा देवी की घर के पास खड़ी उनकी सफेद रंग की बोलेरो का सीसा दुर्गाइ राम का पुत्र मुकेश राम के द्वारा तोड़ दिया गया है। इसकी जानकारी यशोदा देवी ने सदर थाना एवं जिला प्रशासन को देकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि घर के पास इस तरह की घटना घटने से वह भयभीत है। जब वह मुकेश राम को ऐसा करने से मना किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया एवं अगली बार आग लगाकर गाड़ी जला देने की धमकियां देने लगा। भुक्तभोगी यशोदा देवी का कहना है कि इसके पूर्व भी वह जानलेवा हमला करने का प्रयास कर चुका है। मुकेश राम से उन्हें हमेशा खतरा बनी हुई है।

## बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड स्थित सोमवार को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र मैप भाजपा महिला मोर्चा के मंडल महामंत्री गुड्डी देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बच्चों को उज्जवल भविष्य को लेकर बच्चे लोग के बीच पठन पाठन सामग्री एवं साथ में बिस्कुट चॉकलेट का वितरण किया गया। मौके में भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह ने कहा बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षित होना बहुत ही जरूरी है। आगे चलकर अपने अभिभावक का नाम रोशन करें। और अभिभावक से भी अनुरोध करता हूं बच्चे का उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ाई में कोई कोताही ना बरतें और लोगों को जागरूक करें कोई शिक्षा से वंचित ना रहे। मौके पर मनीका भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज, युवा मोर्चा विरेंद्र यादव, के समेत कई भाजपा कार्यकर्ता लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के द्वारा नयी दिल्ली से 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह 2022 के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का शुभारंभ किया गया। लोक शिकायतों के निवारण और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार के लिए देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में यह अभियान चलाया जायेगा। इसी के निमित्त उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि केंद्र सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2022 तक एक राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों का निष्पादन और आमजनों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार करना है। ‘प्रशासन गांव की ओर नामक अभियान के तहत सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जैसे जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंड व अंचलों में जनता दरबार का आयोजन, जन शिकायत निवारण केंद्र के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निवारण तथा सभी थानों में जनता दरबार आयोजन कर थाना से संबंधित आवेदनों का निपटारा और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि पीजी पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों का निपटारा किया जायेगा। जिले में सुशासन सप्ताह के आलोक में पूर्व में भी राज्य सरकार के द्वारा कई दिशा निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर पंचायतों में शिविर लगाकर प्रखंड के एवं जिला के अधिकारियों के द्वारा आम जनों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन और निराकरण किया गया है। इसके साथ साथ प्रखंड एवं अंचलों में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रखंड/अंचल स्तर पर जनता मिलन का आयोजन कर आम जनों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाए जिससे कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को सरकारी योजनाओं की लाभ के साथ-साथ अन्य शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाये।

## भंडरा पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा पुलिस ने 19 दिसंबर को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि रेप केस के पुराने मामले में बड़ा अम्बेरा निवासी जहुदिन अंसारी का बेटा गुलहसन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मारपीट के मामले में बेदाल निवासी नन्दू साहू का बेटा जुगेसन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## छात्रावास में किया कंबल का वितरण



**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने रविवार शाम प्रखंड के उच्च विद्यालय परिसर स्थित आदिवासी बालक छात्रावास रह रहे है निर्धन छात्रों के बीच कंबल का वितरण किया। जानकारी के अनुसार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बालक छात्रावास का भ्रमण कर ठंड से ठिठुरते स्कूली बच्चे को देख ठंड से राहत दिलाने हेतु अपने समर्थकों के साथ छात्रावास परिसर पहुंचकर छात्रावास में रह रहे सभी छात्रों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण करना एक पुण्य का काम है। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है जीससे निर्धन वर्ग के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़रहा है ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि अत्यंत जरूरतमंद लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु उसकी मदद करने की जरूरत है। मौके उनके साथ पार्टी के नेता शुभम दुबे, हिमांशु गुप्ता, इस्माइल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## दिसंबर माह का राशन अब तक नहीं मिलने से कार्डधारियों की बढ़ी परेशानी



**बारियातु।** प्रखंड के दस हजार से अधिक राशन कार्डधारीयों को दिसम्बर माह का राशन अब तक न मिलने से कार्डधारीयों को बढ़ रही है परेशानी। बारियातु प्रखंड के सभी सदर पंचायत बारियातु, गोनिया, बालुभांग, फुलसु, डाढ़ा, साल्वे, टोंटी, शिबला व अमरवाडीह पंचायत में लगभग दस हजार से भी अधिक राशन कार्ड धारी हैं। जिन्हें लगभग 43 पिडिएस दुकानों से सरकार द्वारा प्रति माह राशन उपलब्ध होता है। दिसंबर माह का 19 तारिख बीत जाने के बाद भी कार्डधारीयों को अब तक राशन नहीं मिला है। जिससे कार्डधारीयों में परेशानी बढ़ रही है। ज्ञात हो की प्रखंड के सभी नौवो पंचायत में गरीब, मजदूर व किसान वर्ग के लोग रहते हैं और इस वर्ष मौसम के खराब रहने के कारण 90 प्रतिशत किसान जो अपने खेतों में धान की पैदावारी करते थे वह भी नदारद रहा। ऐसे स्थिति में एक सहारा सरकार द्वारा मिलने वाला राशन था वह भी देर हो रहा है। ऐसी हालत में समय से राशन नहीं उपलब्ध कराया जाए तो भुखमरी जैसी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।प्रखंड के कार्डधारीयों ने लातेहार उपायुक्त से दिसंबर माह का राशन उपलब्ध कराने की मांग किया है।

## लिंग आधारित हिंसा को लेकर महिलाओं ने निकाला मार्च

**कैरो/लोहरदगा।** जेएसएलपीएस के तत्वधान में सोमवार को देर शाम प्रखंड मुख्यालय में महिलाओं के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध कैंडल मार्च निकाला गया। जो प्रखंड परिसर से सुरु होकर मुख्य चौक तक गयी और वापस प्रखंड परिसर में जाकर समाप्त हो गयी। हिंसा रोकने तथा एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कैंडल मार्च निकाला गया। लोगों को बताया कि इस अभियान का लक्ष्य बिना किसी भय,भेदभाव और हिंसा के गरिमापूर्ण जीवन-यापन के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करके महिलाओं और लिंग-विविध व्यक्तियों की मांग और अधिकारों को बढ़ावा देना है। मार्च में शामिल सभी महिलाओं तख्ती लेकर चल रहे थे। जिसमें लिखा था लिंग आधारित हिंसा न करें, बेटे और बेटियों के जन्म में फर्क न करें, नारी शक्ति जिंदाबाद, बेटियों पर घरेलू हिंसा छोड़ें, दहेज प्रताड़ना बंद करें, महिलाओं को समान अधिकार दें।

## रोजगार को लेकर कमेटी का हुआ गठन, अध्यक्ष बने रामेश्वर उरांव

# तुबैद कोल परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिला तो होगा आंदोलन: प्रदीप गंझू

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ।** झारखंड जेनरल कामगार युनियन के लातेहार जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने तुबैद कोल परियोजना में व्याप्त समस्याओं को लेकर कैमा (लातेहार) में रोजगार को लेकर स्थानिय लोगों के साथ बैठक कर कहा की तुबैद के सबसे पहले प्राथमिक्ता के आधार पर स्थानिय लोगों को कम्पनी रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क, घर-घर बिजली दे। ऐसा नहीं हुआ तो हजारो हजार जनता के साथ उग्रआंदोलन करेंगे। प्रदीप गंझू ने कोल परियोजना में उत्पन्न समस्याओं को गंभीरता से लिया है। इस बाबत प्रदीप गंझू ने इसमें मुख्य रूप से स्थानिय लोगों की विभिन्न समस्याओं पर चिंता जताते हुए जल्द समाधान करने की बात कही है। झारखण्ड जेनरल कामगार युनियन के लातेहार जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने यह भी कहा है कि परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि में बने मकान, कुआं, तालाब का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है। लोगों पर मुकदमा करने की धमकी परियोजना के अधिकारियो द्वारा दिया जा रहा है। दुसरी तरफ स्थानिय मजदूरो के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। श्री गंझू ने उत्पन्न अन्य समस्याओं को रखते हुए जल्द समाधान करने की बात कहि है। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्त अतिथि जिला परिषद विनोद उरांव ने भी संबोधित करते हुऐ कहा की स्थानिय लोगों को कम्पनी रोजगार दें नहीं तो तुबैद कोल परियोजना के कंपनी से होगा आर पार की लड़ाई। वहीं दुसरी तरफ सथानिय लोगों का रोजगार को लेकर एक कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से रामेश्वर उरांव (कैमा) को अध्यक्ष, मनोज भगत, जितेन्द्र उरांव, सकेन्द्र सिंह, कुलदीप नायक, किशुन उरांव, रामजीवन सिंह, विरेन्द्र उरांव उपाध्यक्ष, मंत्री कामेश्वर उरांव, महासचिव जलेश्वर भगत, रैमल उरांव, मनोज भगत, सुधिर उरांव, प्रमिला देवी, गोविंद भगत, विधा देवी, सचिव सुरेश भगत, कोषाध्यक्ष राजु भगत, तथा कार्यकारिणी सदस्य के रुप मे दर्जनो लोगों मनोनित किया गया है।



## मनिका में जरूरतमंदों के बीच नारायण समिति ने गर्म कपड़े का किया वितरण



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के राकीं कला पंचायत के ग्राम सेधरा परहैया टोला में सोमवार को नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंदों एवं असहाय गरीब लोगो के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए साड़ी और गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर प्रिंसिपल अखिलेश पांडे रोटरी स्कूल चैनपुर डाल्टनगंज द्वारा 100 ग्रामीणों के बीच गरम वस्त्र वितरण किया गया। अखिलेश पांडे के द्वारा पुर्व में भी सैकड़ों बच्चों का कपड़ा उपलब्ध कराया। लगातार नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से गरीब जरूरतमंद के बीच मदद करते हैं। वही नारायण समिति सेवा के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने प्रिंसिपल अखिलेश पांडे को आभार प्रकट किया। और लोगों को भी जागरूक होने का आग्रह किया। समाज सेवा करना सबसे अच्छा धर्म है। सभी लोग बड़ चड़ हिस्सा ले ताकि जरूरतमंद लोगों को मदद मिल सके। असहाय लोग को सेवा कर सके। ताकि जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंच सके। जो लोगों निजात मिले और उनका हौसला मजबूत हो। मौके पर उपस्थित राजकुमार साव कमलेश परहैया, बालेश्वर परहैया, जय राम परहैया एवं मुख्य रूप से ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



# सदर अस्पताल का आइसीयू वार्ड में हुआ लीकेज, पानी टपकने से मरीज परेशान



**आईसीयू की स्थिति का निरीक्षण करने सदर अस्पताल पहुंची मिशन बदलाव की टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव गुमला के द्वारा सदर अस्पताल गुमला का दौरा किया गया।अस्पताल में मरीजों से भी मुलाकात किया गया।दौरा के क्रम में भूषण भगत,जीतेश मिंज ने बताया कि सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगातार पानी का लीकेज हो रहा है। जिससे पूरे मरीज परेशान है। आईसीयू वार्ड में इलाजरत मरीज लक्ष्मीनाथ लोहरा के परिजनों ने बताया कि मेरे मरीज के बेड में लगातार पानी बून्द बून्द कर गिर रहा है।रात भर पानी गिरने के वजह से कंबल एवं अन्य सामग्री भींग गया है। रंजन महली इलाजरत मरीज के परिजनों ने बताया कि बाथरूम से दुर्गंध बहुत आता है। जिसके वजह से पूरे मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाज हेतु जो लाईफ प्लस मशीन है वो भी कभी कभी बंद हो जाती है। दीवालों में सीपेज होने के वजह से पूरा आईसीयू वार्ड में शार्ट सर्किट खतरा बना है। क्योंकि दरवाजे के बगल में जो स्विच बोर्ड है वो भी टूटा हुआ है। कभी भी मरीजों को जाने के क्रम में और कुछ भी अनहोनी घटनाओं का अंदेशा है।

सभी मामलों को लेकर मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि जिला प्रसाशनिक पदाधिकारी को तुरंत अवगत कराया जाएगा और इसके निदान के लिये सिविल सर्जन को भी मिलकर समाधान करने के लिये निवेदन भी किया जायेगा। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर डीएस अनुपम किशोर ने बताया कि छत से लिखित का मामला सामने आ रहा है जिसे 1 से दो दिनों के अंदर ठीक करा लिया जाएगा

# लायंस क्लब ने 27 लोगों की आंखों की करायी जांच, 16 लोग पाये गये मोतियाबिंद से ग्रसित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला द्वारा दो दिवसीय लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका समापन सोमवार को हुआ। इस शिविर में कुल 27 लोगों ने अपना पंजीयन कराया। जिसमें पंजीकृत लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच उपरांत 16 लोगों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया गया। जिसे रांची के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सक सदानंद महतो, मंगल , संजय व संदीप द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के उपरांत सभी को दवा चश्मा देकर विदा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अगर आंखों में रोशनी है तो दुनिया का उजाला है। दुनिया की हसीन वादियां उसके लिए हैं जिन्हें आंखों से साफ दिखाई देता है। लायंस क्लब का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों की आंखों में अच्छी रोशनी अधिक आयु तक कायम रहे, ताकि वह अधिक समय तक प्रकृति द्वारा दिए गए जीवन को सही ढंग से व्यतीत कर सकें। वहीं सचिव अशोक जायसवाल ने कहा कि क्लब द्वारा अच्छे चिकित्सकों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की आंखों का मोतियाबिंद दूर किया जाता है। नर सेवा नारायण सेवा की तर्ज पर लायंस क्लब साल में कई बार नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर लगाता है। जिसका लाभ लगातार गुमला वासी ले रहे हैं। इस शिविर को संपन्न कराने में अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पदम साबू, अनिल अग्रवाल और शशि किरण जायसवाल उपस्थित थे।

# एजी चर्च स्कूल बड़काडीह में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से संपन्न

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बड़काडीह एजी चर्च स्कूल बड़काडीह में क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो, प्राचार्य महासागरी टोप्पो ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी नागपुरी जैसे कई गीतों पर बच्चों द्वारा नृत्य गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय का डायरेक्टर फ्रांसिस टोप्पो ने कहा कि 25 दिसंबर बड़ा पर्व को लेकर विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई है बच्चे काफी उत्साहित हैं। मौके पर उपस्थित लोगों ने विद्यालय के उप प्राचार्य अनमोल कुजूर, दिलीप मींज, संतोष लकड़ा, अमृत कुजुर, मनोहर मिंज, जोनिका मिंज, अर्चना तिर्की, शोभा तिग्गा, मनीषा मिंज, रोशनी टोपो, निशा कुजूर, उषा लकड़ा सहित कई शिक्षक-शिक्षिका अभिभावक छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने किया निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण, कहा

# गणतंत्र दिवस पर नये एसडीओ कार्यालय में भी होगा झंडोत्तोलन

**प्राक्कलन के आधार पर भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिला मुख्यालय अंतर्गत निर्माणाधीन एसडीओ भवन एवं अन्य भवनों का निरीक्षण किया। एसडीओ भवन का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने चल रहे निर्माण कार्यों को देखा। उपायुक्त ने प्राक्कलन के आधार पर भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बेहतरीन गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उपयोग करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण के स्ट्रक्चर में हुई त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया। इसके अलावा एसडीओ न्यायालय हेतु उचित स्थान का चयन करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने 26 जनवरी को नये एसडीओ कार्यालय में झंडा फहराने की बात कही। उन्होंने 26 जनवरी से पूर्व कार्यालय के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान उपायुक्त ने महिला महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया। बाउंड्री वॉल के कार्यों की गुणवत्ता की जांच की तथा साथ ही उन्होंने जर्जर भवनों को तोड़ने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलने हेतु खेल मैदान निर्माण करने हेतु प्रस्ताव की मांग की। इस दौरान विद्यालय के समीप कर्मचारी क्वार्टर की मरम्मती हेतु प्रस्ताव की मांग करते हुए जल्द ही मरम्मती कार्य प्रारंभ करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने समाहरणालय के समीप बन रहे अन्य निमार्णाधीन भवनों का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता, एसडीओ गुमला के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# तुरंदू में बन रहे अस्पताल भवन निर्माण कार्य में बरती गयी है काफी अनियमितता : रोशन बरवा

**कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य ने किया निमार्णाधीन अस्पताल का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कामडारा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य रोशन बरवा ने कामडरा प्रखंड दौरा के क्रम में तुरंदू में बन रहे अस्पताल भवन निर्माण का निरीक्षण किया। जिसमें काफी अनियमितता पायी गयी। कार्य में गुणवत्ता नहीं पायी गयी। प्रबंधन द्वारा मजदूरों का शोषण का मामला भी दिखा। सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। उचित मजदूरी की मांग मजदूरों द्वारा करने पर प्रबंधन के द्वारा काम से निकालने की धमकी दी जाती है। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा 75% स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की बात कही गई है। इसके विपरीत ठेकेदार द्वारा बंगाल से मिस्त्री व मजदूर बुलाकर कार्य करवाया जा रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को ताक में रख कर घटिया ईंट व लोकल सीमेंट व छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है। चोरी का बालू व चिप्स का उपयोग हो रहा है। जिसके चलते लाखों का राजस्व का नुकसान सरकार को हो रहा है। भवन प्रमंडल गुमला की देखरेख में यह निर्माण हो रहा है। रोशन बरवा ने उपायुक्त को पत्र लिखकर उक्त संवेदक और भवन प्रमंडल गुमला के अभियंताओं पर नियमसंगत कार्रवाई करने का आग्रह किया है और संवेदक का भुगतान अविलंब रोकने तथा कार्य की संपूर्ण जांच करने की मांग की गयी है।

# 13 वर्षों से फरार चल रहा लाल वारंटी गिरफ्तार




**डुमरी (आजाद सिपाही)।** 13 वर्षों से फरार चल रहा लाल वारंटी भोटकु तुरी, उम्र 35 वर्ष, पिता जयराम तुरी, ग्राम हुटाप, थाना डुमरी, जिला गुमला को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेजा गया। 2009 में कुटलु ढलान के पास ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की उसके नीचे दबकर मृत्यु हो गयी थी। भोटकु तुरी उस ट्रैक्टर का चालक था।

# मोमिन पंचायत ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**कार्यक्रम शहीद शेख भिखारी व उमरांव सिंह टिकैत की याद में अयोजित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बाजार टांड़ के समीपस्थ मोती मास्जिद के सामने मोमिन अंसारी पंचायत ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। यह कार्यक्रम शहीद शेख भिखारी व उमरांव सिंह टिकैत की याद में अयोजित किया गया। जरूरत मन्दों की बीच लगभग 150 कम्बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंचायत के सदर इस्राइल अंसारी ने कहा कि हालांकि शहीद शेख भिखारी व उमरांव की शहादत दिवस 8 जनवरी को है लेकिन इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसको देखते हुए मोमिन पंचायत की कमेटी ने ये फैसला लिया कि मौसम का मिजाज को देखते हुए हमें इस बार जरूरतमंदों को वक़्त पर कंबल वितरण करना है। जिससे जरूरतमंदों को आराम मिल सके। गरीबों के बदन को जाड़ा में सुरक्षा प्रदान करना शहीद शेख भिखारी और उमरांव सिंह टिकैत के प्रति सच्ची श्रंद्धाजलि होगी। सचिव शाहजहां अंसारी ने कहा कि कोई भी पुण्य कार्य समय पर ही सार्थक होते हैं इस बार जिस तरह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है निश्चित रूप से जरूरतमंदों को आराम मिलेगा। मोमिन पंचायत हमेशा जरूरतमंदों को समय पर सहयोग करने का प्रयास करती है और भविष्य में भी सहयोग कार्य होता रहेगा। पंचायत के सह सचिव एखलाक अंसारी ने कहा कि मोमिन पंचायत का इतिहास है कि हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के सहयोग में आगे बढ़कर ही कोरोना काल में भी राशन बॉटने का काम किया था। आने वाले गर्मी के मौसम में भी मोमिन पंचायत राहगीरों व दूर दराज लोगो के लिए चौक चौराहे पर पीने का पानी का इंतजाम करेगी। आने वाले अगले वर्ष 8 जनवरी 2023 को शहीद शेख भिखारी और उमरांव सिंह टिकैत के शहादत दिवस के मौके पर मदरसा के विद्यार्थियों के बीच कम्बल व पाठ्य सामग्री से सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शकील अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तजमुल अंसारी, तबरेज अंसारी फिरोज अंसारी(लालू), कलीम अंसारी मोकिमुदद्दीन अंसारी, खुर्शीद अंसारी हसीब अंसारी, सोबराती अंसारी व अन्य लोग पंचायत के उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बीडीओ ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण व पीएम आवासों की जांच की, दस दिनों के अंदर पूरा करने के दिये निर्देश



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 सुपर चेक के तहत बीडीओ सुनीला खलखो ने सोमवार को कुदरा गांव के बूथ संख्या 47 व 48 का फील्ड वेरिफिकेशन व अपूर्ण पीएम आवास की जांच की। इस दौरान संबंधित बीएलओ के द्वारा ऑफलाईन व ऑनलाईन प्रपत्रों की जांच करते हुए आवेदकों से जानकारी व भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा 8 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया गया है। इसको लेकर प्रखंड के सभी बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6, 7 व 8 भरे गये हैं। जिसका भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रखंड अंतर्गत अपूर्ण पीएम व अंबेडकर आवासों को पूर्ण कराने को लेकर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अधूरे व बिना निर्माण कराये लाभुकों को चौकीदारों के माध्यम से नोटिस वितरण किया जा रहा है। दस दिनों के अंदर काम नहीं करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड निर्वाचन कम्प्यूटर आंपरेटर रवि शंकर, संबंधित बूथ के बीएलओ, आवास कर्मी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सीओ सह एमओ ने सकरौली व पोटरो गांव में जविप्र दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी सह एमओ अरुणिमा एक्का ने सोमवार को सकरौली गांव के बहुर साहू व पोटरो गांव के क्रांति महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रखंड में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानों में पूरी पारदर्शिता बरतने, समय से उठाव व मात्रा अनुरूप वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बताया की राशन दुकानों की लगातार जांच की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में राशन दुकान के वितरण प्रक्रिया, माप-तौल व कार्डधारियों से जानकारी प्राप्त की। वहीं उन्होंने दुकान में कुछ अनियमितता पाये जाने को लेकर दुकान संचालकों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नवनिर्वाचित कांग्रेस गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव के सिसई प्रखंड आगमन पर सोमवार को सिसई कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान चैतू उरांव ने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके उपरांत प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने पदाधिकारियों को टास्क दिया। जिसे निष्ठा पूर्वक सामंजस्य स्थापित कर संपन्न करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा बहुत से कार्य योजना हमें करनी है। प्रतिदिन जनता के लिए पार्टी कार्यालय खुला रहेगा। जिसमें जन समस्याएं सुनी व संबंधित विभागों से उसका निष्पादन कराया जाएगा। वहीं प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने कहा कांग्रेस पार्टी आम जनों के साथ समन्वय स्थापित कर चलने वाली पार्टी है। लोगों के हित के लिए कांग्रेसी कार्यकर्त्ता हमेशा तत्पर रहते हैं। मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, उत्तरी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा, वरिष्ठ कांग्रेसी सफीक अंसारी, बन बिहारी भगत, संगीता जायसवाल, लाल मोहन साहू, बुद्धेश्वर उरांव, करीम अंसारी, जुबेर अंसारी, तरुण गोप, संजय महतो, सीता उरांव, अशोक तिर्की, खजबूल खान, शशि भूषण भगत सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** सीनियर नेशनल कबड्डी गोल्ड कप प्रतियोगिता में नेशनल विजेता बनी झारखंड टीम में शामिल सिसई की खिलाड़ियों का किया गया स्वागत

# सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर किया गया सम्मानित

**झारखंड की टीम में बालिका वर्ग में सिसई की कुल पांच खिलाड़ी व बालक वर्ग में दो खिलाड़ी ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बालिका वर्ग में सीनियर नेशनल कबड्डी गोल्ड कप प्रतियोगिता में नेशनल विजेता बनी झारखंड टीम में शामिल सिसई की खिलाड़ियों का सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व नवजीवन खेलकूद क्लब महुआडीपा के सचिव सह पूर्व उप प्रमुख दीपक कुमार अधिकारी सिसई की खिलाड़ियों को रांची से अपने साथ लेकर प्रखंड परिसर पहुंचे। स्वागत सह सम्मान समारोह में महुआडीपा स्टेडियम के उप सचिव रोहित शर्मा ने व बालिकाओं को प्रशिक्षण देने में कोच बिरबल लोहरा ने महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

झारखंड की टीम में बालिका वर्ग में सिसई की कुल पांच खिलाड़ी व बालक वर्ग में दो खिलाड़ी ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें डे बोर्डिंग सेंटर सिसई की झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कप्तान के रूप में सलोनी कुमारी, विनिता कुमारी, सुमन कुमारी, प्रिया कुमारी, व अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की आंचल कुमारी, वहीं झारखंड बालक वर्ग में सिसई के दो खिलाड़ी विरेन्द्र साहू व देवेन्द्र साहू शामिल हुए।

बालिका वर्ग का फाइनल मैच झारखंड व हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड की टीम 56-24 के साथ कुल 32 प्वाइंट से हरियाणा को पराजित कर नेशनल विजेता बनी।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन व झारखंड को विजेता बनाने वाली बालिकाओं को जिला खड़िया विकास समिति के उपाध्यक्ष बिरकेरा गांव निवासी अघनु खड़िया ने पांच हजार का चेक व खेल प्रेमी सीता उरांव ने उपहार भेंट किया।

स्वागत करने वालों में प्रमुख मीना देवी, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी,ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा के संरक्षक महावीर राम लोहरा, अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, सचिव दीपक कुमार अधिकारी, उप सचिव रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष सुबेदार कार्तिक उरांव, एथलेटिक्स कोच संदीप उरांव, मुखिया अलबना देवी, सुनीता देवी, शोभा देवी, सुभानी देवी, इंद्रपाल उरांव, खेल प्रेमी चन्द्रदेव उरांव, बंधु उरांव, सीता उरांव, रिजवाना सहित कई खेल प्रेमी व ग्रामीण शामिल थे।

ज्ञात हो कि आंल इंडिया फेडरेशन कप कबड्डी चैम्पियनशिप के द्वारा कोलकाता में सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में 8 राज्यों की टीमें शामिल हुई। विजेता टीम को गोल्ड कप, मैडल, सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में वेस्ट रेडर कप प्रखंड निवासी सह झारखंड टीम की कप्तान सलोनी कुमारी को मिला।

# जलडेगा में नाबालिग बच्ची से दुराचार का प्रयास, भाई और पिता को किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के कोनमेरला पंचायत के कोनमेरला बरटोली गांव में एक आदिवासी लोहरा समाज की नाबालिग युवती से रात के अंधेरे में रेप करने के प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं, युवती के पिता और भाई को भी लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया गया। भुक्तभोगी परिवार डरकर गांव छोडकर भागने की बात कर रहा है। घटना शुक्रवार रात दस - गयारह बजे की बतायी जा रही है।

भुक्तभोगी परिवार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिछले रविवार 11 दिसंबर को बच्चों के द्वारा कबड्डी खेल के दौरान गांव के अन्य बच्चों के साथ झगड़ा हो गया था, शाम को कुछ बच्चों के परिजनों ने वहीं के दुर्गा लोहरा पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जमकर पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

गांव के दबंगों के डर से दुर्गा लोहरा गांव छोडकर अपने नाना के गांव भाग गया। नाना घर से लौटे अभी कुछ ही दिन हुए थे कि अचानक शुक्रवार की रात दस-ग्यारह बजे गांव के कुछ युवकों के साथ बाहर से आए लगभग आठ-दस लोगों ने मिलकर दुर्गा लोहरा का टीना लगे दरवाजा को लात मारकर घर में घुस गए, घर में सो रहे दुर्गा लोहरा से मारपीट करने लगे विरोध करने पर उसके पिता लच्छो लोहरा के साथ भी मारपीट की गई। पिता और भाई से मारपीट होता देख जब 13 वर्षीय नाबालिग बेटी बीच-बचाव करने आयी तो एक युवक ने रेप करने की नियत से मुंह को हाथ से दबाकर पास के खेत में ले जाकर कपड़े फाड़ते हुए पटक दिया। युवती बहुत मुश्किल से लडके के चंगुल से छूटकर भाग गई। दुर्गा लोहरा को तीन-चार लोग पकडकर दुसरे तरफ ले गए और लाठी से मारकर घायल कर दिया,चाकू से वार करने का प्रयास भी किया गया जिसके निशान गले में मौजूद हैं।दुर्गा और उसकी बहन ने बताया की पडोसियो ने धमकी दिया है की यह बात किसी को बताया या पुलिस को सूचना दी तो सबको गोली मार देंगे।

इस घटना के बाद भुक्तभोगी परिवार काफी डरा सहमा हुआ है।

मामले पर जिले के पुलिस कप्तान सौरभ कुमार ने कहा की मामले की जानकारी मीडिया से मिल रही है, मामले की जांच करा रहे हैं।

# हर हाल में अवैध खनन रोकें : डीसी

**जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न,डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 54 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 16 लाख 82 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया है। वहीं कुल 6 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान डीसी श्री दोड्डे ने सभी एसडीओ को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी एसडीओ को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही।उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी किसी तरह के अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को अविलंब रूप से जप्त करने व जुमार्ना वसूलने के बाद ही छोड़ने की बात कही। उन्होंने थाना प्रभारी व सीओ को संयुक्त रूप से बालू का अवैध खनन में रोकने हेतु अपना योगदान देने की बात कही।



**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में पलामू डीसी श्री दोड्डे के अलावा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,सदर एसडीओ राजेश साह,छतरपुर एसडीओ एनके गुप्ता,हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण,जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# सांसद ने पलामू एवं गढ़वा में हाथियों से हुई क्षति का मामला संसद में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रश्न काल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में हाथियों के प्रकोप बढ़ने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मंत्री से सवाल पूछा। श्री राम ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत हाथियों का प्रकोप इन दिनों काफी बढ़ गया है कि अभी चार दिन पहले ही हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार ओपी के किशुनपुर गांव में 15-20 की संख्या में आए जंगली हाथियों ने दो व्यक्तियों क्रमशः बंशी मेहता एवं मनोज राम को पटक-पटक कर घायल कर दिया उन्हें जब हॉस्पीटल ले जाया गया जहॉ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मृत्यु होने पर विभाग के द्वारा तत्काल उनके परिवार को 25 हजार रूपए दिया गया एवं बाद में 3 लाख 75 हजार रूपए मुआवजे की राशि देने की बात की गयी। परंतु फसलों का नष्ट होने पर जो मुआवजा की राशि मिलती है वह बहुत कम है। साथ ही व्यक्तियों की मृत्यु होने एवं फसलों के नष्ट होने पर मुआवजे की राशि मिलने में काफी विलंब होता है तथा उक्त मुआवजे की राशि के संबंध में लोगों को यहॉ तक की विभाग के रेंजर्स को भी विस्तृत जानकारी नहीं रहता है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूॅ कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय उक्त संबंध में क्या कायार्वाई कर रहा है।

# सांसद प्रतिनिधि ने कब्रिस्तान चाहरदीवारी की रखी आधारशिला



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसिखाप में सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह ने कब्रिस्तान चाहरदीवारी का रखा आधारशिला । मिली जानकारी के अनुसार यह चाहरदीवारी कल्याण विभाग द्वारा सुकृति योजना संख्या 18/2022-23 अंतर्गत बनाई जानी है जिसका अध्यक्ष मोहम्मद अफसर अली एंव सचिव मोहम्मद नसरुद्दीन अंसारी को बनाया गया है। सोमवार के दिन माननीय सांसद विष्णु दयाल राम जी की अनुपस्थिति में सांसद प्रतिनिधि पांडू कृष्ण विजय सिंह के द्वारा पूजा अर्चना के बाद शिलान्यास की कार्यक्रम संपन्न की गई. बताते चलें कि मुसिखाप में स्थित कब्रिस्तान शुरू से ही बिना चाहरदीवारी के था जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आज इस कब्रिस्तान का चाहरदीवारी हो जाने से जो बाहरी लोग या जानवर इस पवित्र कब्रिस्तान की भूमि पर गंदगी छोड़ जाते थे उस से निजात मिलेगी। मौके पर उपस्थित पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडे ने कहा झारखंड सरकार के द्वारा बनाया जा रहा यह कब्रिस्तान की चाहरदीवारी से कब्रिस्तान की खूबसूरती बढ़ेगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव उर्फ ठेघु भाई ने कहा ईस कब्रिस्तान की चारदीवारी की अत्यंत आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति आज झारखंड सरकार ने करने का काम किया है। आज हमारे गांव के सभी मुस्लिम भाइयों की चेहरे पर खुशी की झलक साफ देखने को मिल रही है। मौके पर उपस्थित लोगों ने सांसद विष्णु दयाल राम जी को इस कार्य के लिए सराहना की है। मौके पर डॉक्टर इब्राहिम अंसारी, सुलेमान मियां, खादिम मियां, वाहिद अंसारी, इसराइल अंसारी, शौकत अंसारी, उसमान अंसारी, ननदेव सिंह, के साथ आज सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय प्राउटिस्ट यूनिवर्सल उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग स्कूल परिसर में चल रहे पांच दिवसीय प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। कैंप के कई मुद्दों पर कक्षाएं ली गई जैसे इनमें बताया गया कि अध्यात्म का विश्वगुरु व सोने की चिड़िया कहे जाने वाला भारत देश आज त्रुटिपूर्ण स्वार्थ केंद्रित पूंजीवाद, जड़ केंद्रित साम्यवाद ने गरीब-अमीर के दूरी को तीव्र गति से बढ़ाया है। परिणाम स्वरूप बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शोषण व भय का माहौल चरम सीमा पर है। दूसरी ओर अध्यात्म के नाम पर विभिन्य संप्रदायो द्वारा अंधविश्वास और पाखंड का माहौल उत्पन किया गया है, जो मनुष्य को ईश्वर से कोशो दूर रखा है। परिणाम स्वरूप आज आत्मा अनुभूति के अभाव में मनुष्य भौतिकवादी, भोगवादी, जड़वादी बन चुका है। प्रशिक्षण के दौरान शहर भर में शोभायात्रा भी निकाला गया जो शहर का भ्रमण करते हुए वापस अपने गंतव्य को पहुंचा। इसका विशेष प्रशिक्षण अर्थात ट्रेनिंग पांच दिवसीय यूटीसी कैंप में त्यागी तपस्वी व अनुभवी प्रउत विशेषज्ञ के द्वारा अध्यात्म विज्ञान व आर्थिक दर्शन, सामाजिक दर्शन-प्रउत तर्कसंगत, युक्तिसंगत व विज्ञानसंगत दी गयी। समापन के उपरांत आनंद मार्ग पलामू की महिला विंग के द्वारा डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर नारायण सेवा किया गया। इस दौरान सैकड़ों भूखे लोगों को भोजन कराया गया। मौके पर भुक्ति प्रधान महेश्वर, प्रउत भुक्ति प्रधान मणिकांत, आचार्य शुभगतानन्द अवधूत, आचार्य कृष्णसुंदरानन्द अवधूत,आचार्य सिद्धविद्यानन्द अवधूत,आचार्य सिद्धार्थ आनंद अवधूत, अवधूतिका कृतिमया दीदी, सरोज, गोपाल, अरविंद, मंगल, शारदा, चांदनी आदि उपस्थित थे।

# जसपुर के लाभुकों ने आशा महिला विकास समूह पर लगाया कम राशन देने का आरोप

अमलेश ठाकुर

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत लोहरसी पंचायत के ग्राम जसपुर के लाभुको ने आशा महिला विकास समूह पर कम राशन देने का आरोप लगाया है।आशा महिला विकास समूह के द्वारा लाभुकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन देने से लाभुको में आक्रोश है। सोमवार को बड़ी संख्या में लाभुकों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि आशा महीला विकाश समूह द्वारा लाल या पीला कार्ड के सभी लाभुकों से मनमानी करते हैं। केंद्र सरकार के गरीब कल्याण योजना के तहत भी राशन वितरण में मनमानी किया जाता है। पीला राशन कार्ड धारियों ने कहा कि उन्हें निर्धारित मात्रा से 35 किलो के जगह 30 किलो राशन दिया जाता है। इसी तरह लाल कार्ड धारियों को भी प्रति यूनिट 5 किलो की जगह साढ़े 4 किलो ही राशन दिया जाता है। केंद्र सरकार के गरीब कल्याण योजना के तहत भी उन्हें निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। मौके पर लाभुक सबीना बीबी, हाजरा बीबी, शायदा बीबी, गुलशन बीबी, स्मिना बीबी, इमाम अली, अख्तर अंसारी, बदरूदीन अंसारी, हनीफ मिया इत्यादि लोगों ने कहा कि आशा महिला विकास समूह को जसपुर में राशन वितरण करना था लेकिन अपने घर में ही राशन वितरण करते है। और सभी लाभुकों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार से दिए जा रहे राशन में भी कटौती की जाती है।



# पीडीएस डीलरों की मनमानी से नाराज राशन कार्ड धारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत रतनाग पंचायत के बेलहरा में पीडीएस डीलर ब्रह्मदेव शर्मा पर राशन कार्ड धारियों ने राशन गबन का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की माने तो पीडीएस डीलर के द्वारा राशन कार्ड धारियों को अंगूठा लगाकर राशन नहीं दिया जाता है या माप के अनुरूप कम राशन दिया जाता है। हालांकि मौके पर उपस्थित रतनाग पंचायत के मुखिया शशि भूषण पाल ने पीडीएस डीलर ब्रह्मदेव शर्मा को कार्य में सुधार लाने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा जितना जल्द हो सके बचे हुए सभी राशन कार्ड धारियों को तत्काल राशन दे अन्यथा बाध्य होकर आपके खिलाफ विभाग को लिखा जाएगा। कार्य शैली में सुधार नहीं करने पर ग्रामीणों ने उपायुक्त पलामू के जनता दरबार में अपनी बात रखने की बात कही है। हालांकि पीडीएस डीलर ब्रह्मदेव शर्मा ने कहा किसी कारणवश लोगों को राशन नहीं दे सका था, जो भी राशन कार्ड धारी बचे हुए हैं उन्हें मंगलवार से उनका राशन दे दिया जाएगा। किसी भी राशन कार्ड धारी को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

# पलामू के दो कराटेकारों ने वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के दो कराटेकारो ने कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में चुस्ती-फुर्ती के साथ अपनी कला का प्रर्दशन करते हुए फाईट एवं काता में चार मे मेडल जीत कर अपने नाम किया। जिससे पलामू जिला नाम एक बार फिर ऊँचा हुआ। मेडल जीतने वालों में पलामू मिक़्सड मार्शल आट्र्स टाईर्गस एकेडमी के रवि नयन (53 किलोग्राम भार कटेगरी में )फाईट में गोल्ड मेडल और काता में सिल्वर मेडल एंव संत मरियम विधालय के ओमप्रकाश (48 किलोग्राम भार कटेगरी में) फाईट में गोल्ड मेडल और काता में सिल्वर मेडल जीत कर अपने राज्य के साथ पलामू का नाम रौशन किया है। यह कराटेकार भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थें। कराटेकारो को मेडल कराटे वर्ल्ड कप कमिटी के अध्यक्ष काँचो बोध नारायण यादव के द्वारा दिया गया। यह कराटे वर्ल्ड कप चैम्पियनशिप वर्ल्ड यूनाइटेड कराटे डूँ फेडरेशन एवं स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन आँफ इंडिया के तत्वावधान में 18-19 दिसम्बर को ईस्टर्न रेलवे स्पोट्र्स कम्लेक़्स स्टेडियम में आयोजित किया गया था।



# तंजीमुल अंसार कमेटी ने अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय माली मुहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । आगन्तुक का स्वागत के पश्चात विषय प्रवेश कराते हुए तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संविधान अल्पसंख्यक वर्ग के मुस्लिम, इसाई, सिक्ख, जैन, बौद्ध एवं पारसी समुदाय को उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। तंजीम के सदर अशफाक अहमद ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 एवं 30 द्वारा अल्पसंख्यकों के अधिकार की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। इसमें यह अधिकार निहित है कि अल्पसंख्यक अपनी भाषाई रुचि के अनुसार शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने सरकार के समक्ष माँग रखते हुए कहा कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं अल्पसंख्यक कल्याण हेतु 15 सूत्री कार्य समिति का गठन अविलंब किया जाए साथ ही अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बंद किये गए मौलाना आजाद फेलोशिप को पुनः प्रारम्भ किया जाए ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा का फायदा मिल सके। जैन समुदाय के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी सुभाष चन्द्र जैन ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों से लाभ उठाने पर बल दिया एवं कहा कि इन योजनाओं को आमजन के बीच तंजीम के माध्यम से पहुंचाने का काम किया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता बलराम उरांव ने कहा कि संविधान के पथ पर चलकर ही हमारा अधिकार सुरक्षित रहेगा। चाहे कोई कितना ही हमारे अधिकारों का हनन करने का प्रयास करें, हमें संविधान की रस्सी को मजबूती से पकड़े रखना है। उन्होंने तंजीम से अनुरोध किया कि जिला स्तर पर ग्यारह सदस्यीय अल्पसंख्यक अधिकार कोर कमिटि का गठन हो, ताकि इस मुद्दे पर अग्रतर कार्य किया जा सके।



# पथरा को हराकर मोहम्मदाबाद पहुंचा कर्नल कप के फाइनल में



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विगत एक माह से अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 में सोमवार को पहला सेमीफाइनल मैच पथरा बनाम मोहम्मदाबाद खेला गया। यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिला। दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मोहम्मदाबाद की टीम ने मैच को 2-0 से जीत कर कर्नल कप के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मोहम्मदाबाद के तरफ से राजा ने गोल किया। मैच में मुख्य निर्णायक(रेफरी) के रूप में धीरेंद्र कुमार बैठा तथा सहायक रेफरी के रूप में मशहूर फुटबॉलर जयकूश सिंह और सुनील सिंह ने अपना अहम योगदान दिया। इसके पूर्व आज के मुख्य अतिथि कर्नल ब्रिगेड स्पोट्र्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास से हुसैनाबाद क्षेत्र फुटबॉल मय हो गया है पूरे झारखंड में कर्नल कप की चर्चा हो रही है आप सभी ने बहुत ही अच्छा खेल दिखाया है। हार जीत होती रहती है प्रयास करते रहना है। मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान, बैराव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, समाजसेवी रामप्रवेश सिंह, क्लब के अध्यक्ष मानिकचंद सिंह, उपाध्यक्ष छठन पासवान, पूर्व मुखिया डबल सिंह, अजय सिंह, सुधिर कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कमला सिंह, लाल धन ठाकुर,तकी हुसैन रिजवी, संतोष सिंह,अकलेश सिंह, अजय गुप्ता,अमित कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, नीरज कुमार सिंह, सुभाष कुमार, विशाल, प्रह्लाद सहित हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे। आज 20 दिसंबर को दूसरा फाइनल सेमीफाइनल सड़ेयां बनाम अमही के बीच दोपहर 2:00 बजे से खेला जाएगा।

# महिलाओं के साथ लौगिंक हिंसा के विरुद्ध निकाली गयी जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रिय शहरी आजिविका मिशन के अंतर्गत हरिहरगंज में स्वयं सहायता समूह की ओर से महिलाओं के साथ लैंगिक हिंसा के विरुद्ध महिला जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। इससे पहले उत्कर्स एलएफसी की महिलाओं ने न्यू सब्जी बाजार स्थित प्रार्थना एवं संगीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। बाद में महिलाओं ने तख्तीये में जब है नारी में शक्ति सारी तो क्यों कहे इन्हे बेचारी,इन नारों के साथ रैली न्यू सब्जी बाजार से निकलकर नगर पंचायत क्षेत्र के फुलवारी, थाना रोड से हो कर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में पहुंची।वहीं सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, सामुदायिक संगठन कर्ता (सीओ) विचित्रा सिंह शहरी आजिविका मिशन के सीआरपी साहदा अंजुम, अनिता कुमारी, लालमुन्नी कुमारी, रिशू कुमारी, जितेंद्र मेहता एवं रैली में शामिल महिलाओं ने लैंगिक हिंसा के विरूद्ध सपथ ली। मौके पर सिटी मैनेजर अजमल हुसैन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल जेहन में ही नहीं बल्कि व्यवहार में भी लाना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति हो रही विभिन्न प्रकार के हिंसा जैसे भ्रूण हत्या, शिक्षा से वंचित रखना, बेटा पैदा करने के लिए अनुचित दबाव देना, आर्थिक हिंसा, मनोवैज्ञानिक हिंसा, दहेज प्रथा आदि विषयों के खिलाफ महिंला जागरूता रैली निकाली गई है। इस मौके पर उत्कर्स एलएफसी के अध्यक्ष सुमन कुमारी, सचिव इन्दु कुमारी, कोषाध्यक्ष रंजू कुमारी के अलावे ममता कुमारी, शिला देवी, गीता देवी, संगीता देवी, नीतू देवी, बजैन्ति देवी के सहित उत्कर्स एलएफसी के कई महिलाएं शामिल थीं।



# साइबर अपराधियों ने शिक्षक के खाते से निकाले 2.98 लाख

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** साइबर अपराधियों ने सोमवार को हरिजरगंज प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया मध्य विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार सिंह से किसान आशीर्वाद योजना का अपडेट करने की बात कह खाता संख्या 31464984520 से 2 लाख , 98 हजार रुपए की निकासी कर ली। ठगी के शिकार हुए पीड़ित शिक्षक ने आनन फानन में एसबीआई बैंक में जाकर शाखा प्रबंधक राजीव कुमार रंजन को इसकी जानकारी दी। साथ ही राशि की बरामदगी के लिए गुहार भी लगाई । भुक्तभोगी शिक्षक ने बताया कि सोमवार को 8409115603 से फोन नम्बर से किसान आशीर्वाद योजना अपडेट करने के लिए फोन आया। इस दौरान उसके बताए अनुसार शिक्षक झांसे में आ गए और देखते ही देखते उनके खाते से सारे पैसे निकाल ली गई। इस संबंध में एसबीआई के शाखा प्रबंधक राजीव कुमार रंजन ने बताया कि साइबर अपराधियों के शिकार हुए शिक्षक के द्वारा बैंक को आवेदन देकर अपना खाता को होल्ड करा लिया गया है।

# शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला में शैक्षणिक हड़ताल पर रहे शिक्षक व कर्मी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला में शिक्षकों ने शैक्षणिक हड़ताल किया। आचार्य सच्चिदानंद तिवारी के अध्यक्षता में शैक्षणिक हड़ताल पर रहे शिक्षकों ने बैठक कर निर्णय लिया की 21 दिसंबर को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय महाधरना में शामिल होंगे। इसपर विचार विमर्श किया गया। शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय से प्राचार्य सचिदानंद तिवारी की अध्यक्षता में 21 दिसंबर को रांची जाने का निर्णय लिया गया। मोर्चा की मुख्य मांगों के समर्थन में सोमवार को एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल किया गया। इनकी मांगे वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को अधिग्रहण किया जाए, सेवा शर्त नियमावली पुनः बनाई जाए, अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजा जाए, सेवानिवृत्त आयु छत्तीसगढ़ के सामान 62 वर्ष की जाय, डीईओ राज समाप्त की जाए शामिल है। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय जपला के शिक्षक व कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल किया। हड़ताल में मुख्य रूप से महासचिव सह शिक्षक प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, महेंद्र कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, कंचन कुमार सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम, मनोज सिंह, दिग्विजय सिंह, अशोक नागेंद्र सिंह समेत कई शिक्षक व कर्मचारी शामिल थे।

# हुसैनाबाद नपं क्षेत्र के 12 स्थानों पर की गयी अलाव की व्यवस्था

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत ने शहर के मुख्य चौक पर अलाव की व्यवस्था कराकर गरीब असहायों के अलावा टेंपो व रिक्शा चालकों को कड़ाके की ठंड से बचाने का उपाय किया। अलाव की व्यवस्था मुख्य रुप से जपला रेलवे स्टेशन परिसर, जयप्रकाश चौक, हरिहर चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, पटेल चौक, भट्ठी मुहल्ला, हड़ही नदी के पार,रविदास नगर ,मदरसा रोड समेत 12 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए नगर पंचायत की ओर से शहर के प्रमुख चौक पर अलाव की व्यवस्था की गई है।साथ ही नगर पंचायत के द्वारा शहर के सभी वार्ड में गरीब असहाय परिवार के लिए कंबल भी वितरण किया गया है।ताकि गरीबों एवम आम लोगों को ठंड के प्रकोप से निजात दिलाया जा सके।नगर पंचायत कर्मी रवि कुमार यादव की देखरेख में इन सभी जगहों पर रविवार शाम से अलाव जलाया गया।

## स्पोट्र्स



**टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर पांच विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बने रेहान अहमद**

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए रोहित शर्मा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ 22 दिसंबर से मीरपुर में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। चटोग्राम में पहला टेस्ट नहीं खेलने वाले भारतीय कप्तान अब ढाका नहीं जाएंगे। उप-कप्तान केएल राहुल श्रृंखला के दूसरे और अंतिम टेस्ट में उनकी अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 से आगे है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित की अनुपलब्धता की खबर सोमवार (19 दिसंबर) को सामने आई, जब पता चला कि कप्तान का अंगूठा, जो चल रहे दौरे के दूसरे वनडे के दौरान चोटिल हो गया था, पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। ऐसा लगता है कि वह थोड़ी जकड़न से पीड़ित है। भारतीय टीम के लिए आगे के महत्वपूर्ण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए, बीसीसीआई, चयन समिति और टीम प्रबंधन ने इस स्तर पर उन्हें जोखिम में नहीं डालने का फैसला किया है। रोहित, जो इस समय मुंबई में है, टेस्ट में बल्लेबाजी तो कर सकते हैं, लेकिन क्षेत्ररक्षण के दौरान जोखिम को लेकर चिंता बनी हुई है। मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन को लगा कि अगर उन्हें दोबारा उस अंगूठे में चोट लगी तो यह गंभीर हो सकता है।



# 15 वां जेड स्नूकर और पूल चैंपियनशिप की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** चार दिवसीय 15 वां जेड स्नूकर एवं पूल चैंपियनशिप, गेमर्स गैराज, बरियातू स्थित क्लब में शुरू हुआ। टूनोमेंट का उद्घाटन मोहम्मद जाकिर ने किया। डॉक्टर जाकिर के जन्मदिन के अवसर पर केक काट कर खिलाड़ियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर यश, इंदर, विकास, नितेश, खेतान, शाश्वत, जॉनसन, गौरव आदि मौजूद थे। आज 9 बॉल्स इवेंट का मैच शुरू हुआ। कुल 5 इवेंट्स - मास्टर स्नूकर, सिक्स रेड स्नूकर, मिनी स्नूकर, 9 बॉल्स तथा पूल होगा। फाइनल मैच 23 दिसंबर को खेला जाएगा। सभी इवेंट्स के विजेताओं एवं उप विजेताओं को नकद राशि तथा ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा ।



## कार्यकाल समाप्त, फुसरो युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का इस्तीफा



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फूसरो स्थित युवा व्यवसायी संघ के प्रधान कार्यालय में संघ के अध्यक्ष आर उनेश और कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मालाकार ने संगठन के संरक्षक मंडली को इस्तीफा दे दिया है। यह कार्य उनके दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद सौंपा गया। संरक्षक मंडली ने चुनाव संपन्न होने तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में आर उनेश और कार्यवाहक कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार को पद में बने रहने की जिम्मेवारी सौंपी है। कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा कि विगत कार्यकाल में फुसरो बाजार का विकास और व्यवसायियों के हित में कई कार्य किए गए। यह कार्य क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सीसीएल प्रबंधन के सहयोग से संभव हो पाया है। लगातार कई कार्यों को लेकर मैं जनप्रतिनिधियों और सीसीएल प्रबंधन के पास आवाज उठाता रहा हूं। इसी कारण 35 लाख रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट, 25 लाख रुपए की लागत से सीसीटीवी कैमरा, करोड़ों रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य, नियमित बिजली आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है। आज यह सभी कार्य धरातल पर उतरकर व्यवसायियों और लोगों को सुविधा मुहैया हो रहा है। प्रतिवर्ष सैकड़ों लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाता है। आने वाले दिनों में फुसरो शहरी जलापूर्ति योजना की सुविधा मिले इसका निरंतर निगरानी हमारी ओर से की जा रही है। हमारा दो साल का कार्यकाल विवाद से दूर रहकर व्यवसायियों के हित व सामाजिक क्षेत्र में रहा। इस मौके पर संरक्षक कमेटी सह पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आरएस तिवारी, विनोद चौरसिया, पिंटू सिंह, मंजूर हुसैन जिया, दिलीप गोयल, संतोष श्रीवास्तव, मो कलाम आदि थे।

## मृतक माइनिंग सरदार के छोटे बेटे को मिला नियोजन

# श्यामपुर बी कोलियरी में जारी धरना 17 घंटे बाद हुआ समाप्त

**दिल का दौरा पड़ने से हुई थी माइनिंग सरदार की मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मृत माइनिंग सरदार पवन कुमार पासवान के शव के साथ नियोजन की मांग को लेकर इनमोसा एवं यूनियन के संयुक्त मोर्चा की ओर से श्यामपुर बी कोलियरी परिसर में चल रहा आंदोलन मृतक के छोटे पुत्र प्रदीप पासवान को नियोजन देने की सहमति के 17 घंटे बाद समाप्त हुआ। उसके बाद मृतक के पार्थिव शरीर को छपरा गांव ले जाने की तैयारी में जुट गए। पूरे मामले पर



नियोजन की मांग को लेकर धरने पर बैठे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी व अन्य।

इनमोसा के एरिया सचिव सुशील कुमार ने बताया कि मृतक माइनिंग सरदार के पुत्र को प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल नियोजन पत्र सौप दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन दुर्घटना मानने से इनकार कर रहा है। जिसका इनमोसा विरोध करता है। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि हमसभी की मांगों को इसीएल प्रबंधन ने मान लिया है। मृतक के छोटे पुत्र को नियोजन दिया जाएगा। बता दें कि माइनिंग सरदार पवन पासवान की मौत रविवार की दोपहर दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी। जिसके बाद शाम 5.30 बजे से अभी यूनियन के नेता व इनमोसा के एरिया सचिव नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस मौके पर आगम राम, रामजी यादव, शशि भूषण तिवारी, लखी सोरेन, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, गणेश धर, प्रभु पासवान, एपीएम सहित श्यामपुर बी कोलियरी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूर, वापसी की लगायी गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** झारखंड के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिलों के 44 प्रवासी मजदूर ताजिकिस्तान में फंसे हुए हैं। उन लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है। मजदूरों की मदद के लिए केंद्र और झारखंड सरकार के नाम त्राहिमाम संदेश भेजा गया है। कहा गया है कि जिस कंपनी में ये मजदूर काम कर रहे थे, उसने तीन महीने से वेतन नहीं दिया है। पैसे के अभाव में मजदूर दाने-दाने को मोहताज हैं। बतातें चलें कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब दलालों के चक्कर में फंसकर गरीब तबके के लोग विदेशों में जाकर फंस जाते हैं। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं।ये सभी कामगार पिछले छह महीना पहले पूर्व बिष्णुगढ प्रखंड के खरना के पंचम महतो के माध्यम से ट्रांसमिशन लाइन के लिए काम करने ताजिकिस्तान गए थे। जहां पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। इस कारण उनके समक्ष खाने तक के पैसे नहीं बचे हैं। प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करनेवाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से श्रमिकों को मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। ताजिकिस्तान में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के अडवारा निवासी संतोष महतो, लुतयानो तेजो महतो, सरिया प्रखंड अंतर्गत चिचाकी के दशरथ महतो, नुनूचंद महतो, गणेश महतो, डुमरी प्रखंड अंतर्गत दुधपनियां के नंदू कुमार महतो, खेचगढी के प्रदीप महतो, चेगडो सोहन महतो, गिरि महतो, डुमरी के बीरेंद्र कुमार, घुजूडीह के नकुल महतो, हजारीबाग जिले के विष्णुगढ अंतर्गत खरना तिलेश्वर महतो, प्रदीप गंजु, रामेश्वर महतो, महाबीर महतो, रीतलाल महतो, गोवेर्धन महतो, मितलाल महतो, भलुआ के जगदीश महतो, बासुदेव महतो, प्रेमचंद महतो, बरहमदेव महतो, गोविंदपुर बालेश्वर महतो, आशोक सिंह, जोबर के आयोध्या महतो, उमेश महतो, टेकलाल महतो, तालो महतो, वीरू सिंह, संतोष महतो, बंदखारो के मंगर महतो, नारायण महतो, कृष्णा कुमार मंडल, दिलीप महतो, विनय महतो, मनोज महतो, त्रिभुवन महतो, लालदेव महतो, बसंत मंडल, तुलसी महतो, नेरकी के रोहित सिंह, बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड अंतर्गत सिधाबारा के मुकेश महतो, महुआटांड के टीको महतो, बोकारो थर्मल के कमलेश अगरिया शामिल हैं।

## पेयजल की विकट समस्या से निजात दिलाने को अंगारपथरा की महिलाओं ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



धनबाद (आजाद सिपाही)। सोनी पासवान के नेतृत्व में अंगारपथरा की ग्रामीण महिलाओं ने पेयजल समस्या के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा। सोनी पासवान ने डीसी को अवगत कराया कि नेशनल अंगारपथरा, यूनियन अंगारपथरा, 12 नंबर बालू गद्दा, खास अंगारपथरा, 8,10 एवं 16 नंबर छाताबाद, कलाली मोड अंगारपथरा, लकड़का नीचे बस्ती, 4 5 एवं 6 नंबर लकड़का, लालधौडा, बंगाली धौड़ा, कटहल धौड़ा, गजलीटांड में निवास कर रहे लोग भारी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। मीलों दूर से महिलाएं-बच्चे सिर पर पानी ढोकर लाते हैं। कुछ जगह कि स्थिति ऐसी है कि जहां पर महिलाओं के लिए उस क्षेत्र से गुजरना खतरनाक है। हालांकि कुछ जगह पर पाइपलाइन बिछाई जरूर गई है पर आउटसोर्सिंग एवं रेलवे लाइन के वजह से कार्य प्रगति में नहीं है। सालों बीत गए हैं इन जगहों पर पेयजल संकट से निजात नहीं मिल पाया है। सोनी ने उपरोक्त स्थानों पर हर घर जलापूर्ति करवाने का आग्रह किया।

## बोकारो महिला समिति ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा



बोकारो (आजाद सिपाही)। गरीबों एवं जरूरतमंदों की मदद को सदैव तत्पर रहने वाली संस्था बोकारो महिला समिति की ओर से टु मेक समवन्स विंटर वार्म के संकल्प के साथ लाबुडीह गांव में सोमवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी, उपाध्यक्ष सीमा ठाकुर, मोनिका रंगानी, ईती रथ, निशा श्रीवास्तव, सचिव बंदना झा, रीता रानी, श्वेता कुमार, अभिरुचि प्रिया, अनिशा झा और नीतू आदि उपस्थित थी।

## इंटर स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन आज से

बोकारो (आजाद सिपाही)। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में मंगलवार से सेक्टर-4 स्थित स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बोकारो स्टील प्लांट सहित भिलाई स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, एलाय स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, सलेम स्टील प्लांट, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड तथा जेएसडब्ल्यू बेल्लारी की कुल 9 टीमें भाग लेंगी। चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 22 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

## कोलकाता में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लोयाबाद का फैजान बना चैंपियन



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 93 केजी कैटेगरी में 275 केजी भार उठाकर लोयाबद के फैजान रेजा लगातार दूसरी बार चैंपियन बने। हैबिट फेस्टिवल कोलकाता द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। फैजान 725 केजी का भार तीन बार में उठाया और पहले स्थान पर रहा। उसे गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इससे पूर्व बोकारो सेक्टर 12 में आयोजित राज्यस्तरीय ओपन स्टेट क्लासिक बेंच प्रेस एंड डेड लिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर झारखंड चैंपियन बना है। वहां फैजान ने 93 केजी वेट कटेगरी में 165 किलो का भार उठाकर यह सफलता हासिल की है। आयोजनकर्ताओ ने फैजान को चैंपियन बनने के बाद मिस्टर झारखंड घोषित किया था। फैजान इससे पहले हुए कई आयोजनों में सफलता हासिल की है। झारखंड, ओडिशा, मुबई, पंजाब और उतर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अपना परचम लहरा चुका है। फैजान 2017 से बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग में अपना दबदबा बनाये हुए है। झारखंड चैंपियन बनने से परिवार के लोगो सहित लोयाबाद के लोग गौरवावित महसूस कर रहे है। फैजान के पिता मकबूल हसन ने कहा कि बेटा अंतराष्ट्रीय मंच पर खेलना चाहता है। हम सभी चाहते है कि वह एक बार देश के लिए खेले और नाम रोशन करे। वहीं, राजू चक्रवर्ती, कोच कैलार बूलम, साकिर अंसारी, असलम मंसूरी और राजकुमार महतो आदि ने बधाई दी है।

## पीड़ित परिवार के घर पहुंची ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री, बंधाया ढांढ़स

**जोरापोखर के छात्र अजीत की मौत मामले की जांच की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** जोरापोखर सुंदरनगर निवासी छात्र अजीत साव मौत मामले में जांच की मांग उठने लगी है। रविवार को शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। उधर, सोमवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी और पूर्व पार्षद अनूप साव के साथ पीड़ित



परिवार के घर पहुंची और मृतक की मां रूबी देवी की ढांढस बंधाया। मामले को लेकर उन्होंने जोरापोखर इंस्पेक्टर राजदेव सिंह से फोन पर बात कर मृतक के परिजनों की आशंका जताए जाने पर सही से अनुसंधान करने की बात कही। जिस पर जोरापोखर इंस्पेक्टर राजदेव सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जबकि पूर्व पार्षद अनूप साव ने कहा कि अजीत हंसमुख एवं प्रतिभावान लड़का था। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई है इसलिए पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से जांच कर सच्चाई सामने लाए। वहीं, अजीत के पिता रमेश साव चाय बेचकर जीविका चलाते हैं। वे अजीत की प्रतिभा से मिले कई प्रमाण पत्र दिखा वह भावुक हो रहे थे। इस मौके पर टाइगर फोर्स के अवधेश पासवान, सोनू मलिक, सूरज भुइयां, अरुण भुइया, संदीप कुमार, उज्जवल कुमार, गणेश साहू, संजय दिवाकर और राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## शारदा सिंह चुनी गयीं जिला परिषद संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष



महुदा (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के जिला परिषद संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष चुने जाने पर समर्थकों में काफी हर्ष है। सोमवार की सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों समर्थकों एवं शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो सहित दर्जनों लोगों ने शारदा सिंह के आवास पहुंच कर बधाई दी। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए शारदा सिंह ने बताया कि उन्हें जनता का पूरा सहयोग मिला है। इस सहयोग के लिए वे समाज के हर तबके को उनका हक दिलाने का पूरा प्रयास करेंगीं। सरकार की हर योजना को जनता तक पहुंचायेंगीं।

## विवाहिता मौत मामले में परिजनों ने पुलिस से की आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/महुदा।** मधुबन थाना अंतर्गत खरखरी ओपी क्षेत्र के पडुआभिट्ठा में सनकी पति के अवैध संबंध में बाधक बन रही पत्नी की बीते दिनों हत्या किए जाने के मामले में पुलिस अब तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे मृतक के परिजन बेहद नाराद हैं। वे सोमवार को मधुबन थाना प्रभारी से मिलकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के परिजनों ने खरखरी ओपी प्रभारी पर गंभीर आरोप भी लगाए। कहा कि चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जबकि सभी आरोपित खुलेआम घूम रहे है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो थाना घेराव किया जाएगा।

### ये है मामला

मृतका की मां सोनी देवी ने बताया कि पति की मौत के बाद जैसे तैसे बेटी खुशबू कुमारी का विवाह पडुआभिट्ठा निवासी



बालगोविंद चौहान के बेटे पिंटू चौहान से साल 2019 में धूमधाम से की थी। हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया। पर दहेज के लालची पति पिंटू चौहान, ससुर बालगोविंद चौहान, सास, भसुर मंटू चौहान, ननद पूजा कुमारी और गोतनी पूनम देवी द्वारा और पैसे लाने के लिए विगत छह महीने से बेटी पर अत्याचार कर रहे थे। इसी बीच दामाद का गांव के ही किसी महिला से अवैध संबंध भी हो गया। बेटी ने जब इसकी विरोध किया तो उसकी हत्या कर फंदे से लटका दिया गया। उधर, खरखरी ओपी प्रभारी दिनेश मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उक्त मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। जल्द ही आरोपित सलाखों के पीछे होंगें।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विधि-शाखा)**

**सूचना**

विधि विभाग, झारखण्ड रांची के पत्र सं0 292/जे0 दिनांक 28.02.2020, ज्ञापांक 1042/जे0 दिनांक 06.08.2021 एवं 1463/जे0 दिनांक 20.07.2022 द्वारा लोहरदगा जिला के लिए अपर सरकारी अधिवक्ता (Additional government pleader) हेतु कुल (03) तीन पदों की नियुक्ति हेतु इच्छुक सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं के नाम उनके जीवनवृत सहित आमंत्रित की जाती है। पूर्व में निर्गत विज्ञापन ज्ञापांक 253/वि0 दिनांक 29.07.2020 को रद्द समझा जाय।

**The Jharkhand Law officer (Engagement) Rules, 2018** के आलोक में अपर सरकारी अधिवक्ता जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों/ व्यवहार न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालयों में सरकार की ओर से दृढ़तापूर्वक पक्ष रखेंगे तथा जिला प्रशासन को आवश्यकतानुसार उचित सलाह प्रदान करने में तत्परता दिखायेंगे। विभिन्न सरकारी मामलों में अपना विधिक मंतव्य भी आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध करायेंगे। अपर सरकारी अधिवक्ता के पद पर नियुक्ति हेतु कम से कम 07 वर्षों का अनुभव आवश्यक है।

अतः अपर सरकारी अधिवक्ता के पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण निम्नांकित कागजातों के साथ अपना अभ्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25.01.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक जमा कर सकते है।

आवश्यक कागजात

1. भारतीय नागरिक होने का प्रमाण।
2. जीवनवृत
3. उम्र संबंधी प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
4. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति।
5. निबंधन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. बार एसोसिएशन से निर्गत अनुभवन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 की स्थिति में संबंधित प्रमाण पत्र।
8. अधिवक्ता के रूप में किये गये वादों में पैरवी की विवरणी विहित प्रपत्रों में दें:-

विहित प्रपत्र I (विगत् एक वर्ष के लिए)

| न्यायालय का नाम | वादों के प्रकार | वाद में निर्णय की तिथि | आपके पक्ष में आदेश पारित | आपके विरूद्व आदेश पारित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

विहित प्रपत्र II (शेष विगत वर्षों के लिए)

| कुल वादों की संख्या | कुल कितने मामलों में आपके पक्ष में फैसला हुआ | कुल कितने मामलों में आपके विरूद्व फैसला हुआ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

9. विगत् 03 वित्तिय वर्ष का आयकर विभाग को रिटर्न दाखिल करने संबंधी कागजात।
10. उपरोक्त कमांक 01 से 09 तक की दिये गये विवरणी की सत्यता संबंधी शपथ पत्र।

उपायुक्त, लोहरदगा के आदेश से।

प्रभारी पदाधिकारी
विधि-शाखा, लोहरदगा

PR 285392 Lohardaga(22-23)#D


## झरिया के वार्ड 45 में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# आत्मनिर्भर होकर महिलाएं राष्ट्र शक्ति के रूप में बढ़ रही आगे: आडवाणी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 45 अंतर्गत झरिया चौथाई कुल्ही 10 नंबर धौड़ा स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को एनयूएलएम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगरबत्ती, फिनाइल डिटर्जेंट पाउडर आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। आयोजनकर्ता धनबाद नगर निगम के वूमेन डेवलपमेंट स्वयं सहायता समूह की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया गया।

### प्रशिक्षण लेकर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनें महिलाएं



प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करतीं निवर्तमान पार्षद किरण देवी व पार्षद प्रतिनिधि दिलीप आडवाणी।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निवर्तमान पार्षद किरण देवी और पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता दिलीप आडवाणी ने संबोधित करते संयुक्त रूप से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन राष्ट्र शक्ति के रूप में उभर रहीं है। वह लगातार स्वयं सहायता समूह को संचालित कर समाज में एक नई क्रांति ला रही है। दिलीप आडवाणी ने कहा कि अगली बैठक और प्रशिक्षण शिविर में 10 समूह की महिलाओं को एकत्रित कर 120 महिलाओं की एक संयुक्त समिति बनाई जाएगी, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चयन किया जाएगा, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में और बेहतर कार्य किया जा सके। इस मौके पर वूमेन डेवलपमेंट एसएचजी ग्रुप के सहायक केमिकल प्रशिक्षक श्रीराम सूत्रधार, सीआरपी रजनी देवी, सुलोचना सिंह आदि उपस्थित थीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, कोडरमा।**
E-mail: eebcdkoderma-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या - 01/2022-23**

1. उत्पाद विभाग के अन्तर्गत उत्पाद कार्यालय भवन निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलित राशि रु0 1,48,15,800/= (एक करोड अडतालीस लाख पन्द्रह हजार आठ सौ रूपये ) मात्र का भवन निर्माण किया जाना है जिसकी एकरारनामा की कार्यवाई की जा रही है। नया भवन का प्रस्तावित निर्माण स्थल पर अवस्थित जर्जर भवन ए0 टाईप क्वार्टर एवं सामुदायिक भवन को तोड़कर उसी जगह पर ही करने की स्वीकृति दी गई है।

उक्त के आलोक में पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त करने एवं साल्वेज का प्राक्कलन तैयार कर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, हजारीबाग को पत्रांक 790/अनु०, दिनांक 04.11.2022 को अनुमोदन हेतु समर्पित किया गया।

अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, हजारीबाग द्वारा अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची को पत्रांक 719/अनु०,दिनांक 12.11.2022 को अग्रसारित किया गया। मुख्य अभियंता के पत्रांक 1542/अनु०, दिनांक 15.12.2022 के द्वारा पुराने भवन को ध्वस्त/तोड़ने तथा साल्वेज के प्राक्कलन क्रमश रु0 3,33,705/– तथा कुल साल्वेज राशि रु0 20,0,50/– पर अनुमोदन प्रदान करते हुए प्राक्कलन भवन प्रमंडल, कोडरमा को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु लौटाया गया।

2. प्रत्येक नीलामी में भाग लेने वाले को 3,13,655/= की 5% (15700.00 रु०) अग्रधन के रूप में राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा या किसी राष्ट्रीकृत बैंक की बैंक गारण्टी (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कोडरमा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा, जिसे वापस नहीं की जायेगी।
3. तुलनात्मक विवरणी स्वीकृति के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कोडरमा के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीकृत बैंक का बना होना चाहिए एवं **SBI Koderma Bazar** में भुगतेय होना चाहिए।
4. नीलामी की न्यूतम राशि रु० 3,13,655/= मात्र है।
5. नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 27.12.2022 को 03:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में होगी। ऊँची बोली लगाने वाले को कार्य सम्पादन हेतु आदेशित किया जाऐगा।
6. आदेश की तिथि से 10 दिनों के अंदर भवन तोड़कर सभी सामग्रियों को स्थल से हटा देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जाऐगी।
7. रखरखाव सामग्री को हटाते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामी दाता की होगी।
8. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते है।
9. बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10. विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, कोडरमा।

PR 285391 (Building) 22-23 (D)

## कर्नाटक विधानसभा में सावरकर की तस्वीर पर बवाल

# कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया, भाजपा ने पूछा- क्या दाऊद की तस्वीर लगायें?

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में सावरकर की तस्वीर लगाए जाने पर सोमवार को बवाल हो गया। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने इसके विरोध में विधानसभा से वॉकआउट किया। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत विपक्ष के कई विधायकों ने इस मसले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को चिट्ठी भी लिखी है। चिट्ठी में मांग की गई है कि सदन में वाल्मीकि, बासवन्ना, कनक दास, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीरें लगायी जायें। कांग्रेस के विरोध के बाद भाजपा ने पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा- वैचारिक मतभेद होना चाहिए, लेकिन सावरकर एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। अगर उनकी तस्वीर न लगाई जाए, तो क्या सदन में दाऊद इब्राहिम की तस्वीर लगाएं?



### कांग्रेस बोली- विधानसभा अध्यक्ष ने एकतरफा फैसला लिया

कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने कहा कि यह कोई विरोध नहीं है। यह केवल हमारी मांग है कि सभी राष्ट्रीय नेताओं और समाज सुधारकों की तस्वीरें विधानसभा हॉल में लगाए जाएं। साथ ही कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा में वीर सावरकर की तस्वीर लगाने का एकतरफा फैसला लिया है। सिद्धारमैया ने कहा- मैं किसी की तस्वीर लगाने के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन इन सब से सरकार कानून और व्यवस्था जैसे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाना चाहती है।

### कांग्रेस बोली- मुद्दों से ध्यान हटाना चाहती है सरकार

कर्नाटक कांग्रेस चीफ और विधायक डीके शिवकुमार ने राज्य सरकार पर इस तरह के कदमों के जरिए विधानसभा की कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा कि वे चाहते हैं कि हमारी विधानसभा की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। वे इसे बाधित करना चाहते हैं।

### हलाल मीट बैन करने की तैयारी में कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक में हिजाब विवाद के बीच अब सरकार राज्य में हलाल मीट के खिलाफ विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। इसका प्रस्ताव तैयार हो गया है। सोमवार से शुरू विधानसभा सत्र के दौरान बसवराज बोम्मई सरकार इसे सदन में पेश कर सकती है। वहीं, विपक्ष ने राज्य की भाजपा सरकार पर चुनाव से पहले हिंदुत्व कार्ड खेलने का आरोप लगाया है। भाजपा विधायक एन रविकुमार ने एफएसएसएआइ (फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) से सर्टिफाइड फूड आइटम्स के अलावा अन्य चीजों पर बैन लगाने की मांग की है। चूंकि राज्य में हिजाब बैन को लेकर पहले से ही राजनीतिक माहौल गरम है, ऐसे में अब हलाल मीट बैन पर विपक्ष को एक नया मुद्दा मिल गया है। भाजपा की इस मांग को अगले साल मई में होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। चुनाव में करीब 6 महीने का ही समय बचा है। ऐसे में सरकार और विपक्ष के बीच धर्मांतरण को लेकर सदन में तीखी बहस होने की उम्मीद है।

## क्या आप वस्त्रों पर तिरंगा लगा सकते हैं?

# तिरंगा धारण कर गर्वान्वित हैं तो यह हक आपको नवीन जिंदल ने दिलाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली/भुरकुंडा।** कैप, हेल्मेट, शर्ट-टीशर्ट, कोट-ब्लेजर और हाथ-बाजुओं-कंधों पर तिरंगा धारण कर आप ऑफिस या किसी सार्वजनिक स्थल पर जाकर गर्वान्वित महसूस करते हैं, बड़ी-बड़ी सभाओं और कार्यक्रमों में जाकर खुद के भारतीय होने का अहसास दिलाते हैं तो वस्त्रों पर कमर से ऊपर तिरंगा धारण करने का यह अधिकार हमें दिलाया जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल ने। 20 दिसंबर 2005 को श्री नवीन जिन्दल के प्रयासों से राष्ट्रीय सम्मान के अपमान निरोधक कानून-1971 में संशोधन के बाद हमें यह अधिकार मिला। आम आदमी को घर या अन्य स्थान पर 365 दिन झंडा लगाने के अधिकार को दिलाने के बाद जब श्री जिंदल एक सांसद के रूप में संसद की कार्यवाही में भाग लेने गए तब उन्होंने अपनी जैकेट पर तिरंगा लैपल पिन लगाया हुआ था। तब उन्हें ये बताया गया कि राष्ट्रीय सम्मान के



अपमान निरोधक कानून-1971 के अनुसार कोई भी सांसद वस्त्रों पर झंडा नहीं लगा सकता। उसके बाद नवीन जिंदल ने संसद में प्रस्ताव पारित करवाया, जिसके बाद सदन की कार्यवाहियों में तिरंगा लगाकर भाग लेने की इजाजत सांसदों को मिल गई। इसीतरह उन्होंने आम नागरिकों को भी कमर से ऊपर के परिधान पर तिरंगा लगाने की इजाजत दिलाने की लड़ाई लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप 20 दिसंबर 2005 को राष्ट्रीय सम्मान का अपमान निरोधक (संशोधन) कानून के माध्यम से कमर से ऊपर तिरंगा धारण करने का अधिकार देशवासियों को मिल गया,जो भारतीय लोकतंत्र का संदेश पूरी दुनिया में फैलाने में कारगर साबित हो रहा है। कुरुक्षेत्र से दो बार सांसद, पोलो एवं निशानेबाजी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, समर्पित समाजसेवी, 'स्वस्थ-शिक्षित समाज' और 'मिशन जीरो हंगर' के प्रणेता श्री नवीन जिन्दल देश के पवित्रतम प्रतीक तिरंगे में निहित संदेशों को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य के प्रति सदैव समर्पित हैं। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्याधिकारी मेजर जनरल (रिटायर्ड) अशीम कोहली ने बताया कि तिरंगे को लोकतांत्रिक बनाने की जंग फतेह करने के बाद नवीन जिंदल ने कमर से ऊपर तिरंगा धारण कर देशभक्ति प्रदर्शित करने का अधिकार लोगों को दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सांसद के रूप में 2004 में तत्कालीन लोकसभाध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी के समक्ष संसद में तिरंगा प्रदर्शन के लिए अनुमति मांगी, जिसे 15वीं लोकसभा की अध्यक्ष मीरा कुमार ने मंजूरी दे दी और जिसके बाद सांसद तिरंगा लैपल पिन लगाकर संसद में जाने लगे। इससे पहले कुछ भी धारण करने की इजाजत उन्हें नहीं थी। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीइओ ने कहा कि इसी तरह 20 दिसंबर 2005 को राष्ट्रीय सम्मान का अपमान निरोधक (संशोधन) कानून के तहत देशवासियों को कमर से ऊपर तिरंगा धारण करने की अनुमति मिल गई। यह कानून लोगों में तिरंगा के माध्यम से देशभक्ति का प्रचार करने में बेहद कारगर साबित हुआ। आज राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक समेत तमाम कार्यक्रमों में कमर से ऊपर तिरंगा धारण कर लोग देश के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन गर्व और सम्मान के साथ कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देशवासी साल के 365 दिन तिरंगे के माध्यम से देशभक्ति का प्रदर्शन कर राष्ट्र के विकास में योगदान करने की प्रेरणा लेते रहेंगे।

# झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को सरस्वती जीफा सम्मान से नवाजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांचवें झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रविवार को झारखंड के गवर्नर रमेश बैस और बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कलाकार सचिन, वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह और झारखंड समेत भारत के कोने-कोने से आये फिल्म व्यवसाय से जुड़े निर्माता निर्देशक और अभिनेता कलाकारों की उपस्थिति में झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को सरस्वती जीफा सम्मान से नवाजा



गया। यह सम्मान जीफा के संयोजक ऋषि प्रकाश मिश्रा और श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के हाथों डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को प्रदान किया गया।

# 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'पेडीक्रिटिकॉन किट कैंपस में संपन्न

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) का 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'पेडीक्रिटिकॉन 2022' रविवार को किट कैंपस में संपन्न हुआ। इसमें देश भर के सभी सरकारी, निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में बाल चिकित्सा आईसीयू स्थापित करने के आह्वान के साथ देश और विदेश के बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन आईएपी - इंटेंसिव केयर चैप्टर ओडिशा शाखा द्वारा आईएपी ओडिशा के सहयोग से किया गया था और ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण माना गया था क्योंकि यह पहली बार पूर्वी भारत और भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इस आयोजन ने राज्य के बाल रोग विशेषज्ञों को भारत और बाहर के विभिन्न हिस्सों के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने, क्षेत्र में की गई वैज्ञानिक प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने और ओडिशा में रोगी को उन्नत उपचार प्रदान करने के लिए अपने ज्ञान को उन्नत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इसका उद्देश्य डॉक्टरों को प्रेरित करना और इस विषय में आग्रह विकसित करना। आईएपी के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ जीवी बासवराज ने पूरे देश के सभी निजी, सरकारी अस्पतालों और विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में बाल चिकित्सा आइसीयू के प्रावधानों के लिए सभी हितधारकों के प्रयासों पर जोर दिया। किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने अपने संबोधन में डॉक्टरों की तुलना सर्वशक्तिमान से की और बताया कि जैसे बाल रोग विशेषज्ञ आने वाली पीढ़ियों का इलाज करते हैं, किट की एक इकाई किस आदिवासी छात्रों को मुफ्त में शिक्षा और देखभाल प्रदान करती है। उपेक्षित बच्चों की देखभाल करना और उन्हें शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार करना। उन्होंने सम्मेलन में आये बाल रोग विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। डॉ. सामंत ने कहा कि किट विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष के दौरान सुंदर किट परिसर को सम्मेलन स्थल के रूप में चुनने के लिए आइएपी का आभारी है। सम्मेलन में लगभग 30 अंतर्राष्ट्रीय संकायों ने भाग लिया।

# सुरक्षा गार्डों से विवाद के बाद विश्वविद्यालय में फायरिंग, पथराव में कई छात्र घायल

**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** इलाहाबाद विश्वविद्याल में छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें कई छात्र घायल हो गये। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फट गया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने कई राउंड फायरिंग की है। छात्रों का आरोप है कि छात्र नेता विवेकानंद पाठक यूनिवर्सिटी परिसर स्थित बैंक में जाने के लिए पहुंचे थे तभी गार्डों ने गेट खोलने से मना कर दिया। इसी को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के 200 से अधिक गार्डों ने गेट बंद करके छात्रों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें विवेकानंद पाठक अमित कुमार एलएलबी का छात्र समेत आधा दर्जन छात्र चोटिल हुए हैं। जिसके बाद आक्रोशित होकर छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**